नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 29
नई दिल्ली, रविवार, 03 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण



विश्व कप से बाहर होने से निराश था: अक्षर पटेल

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# विधानसभा चुनाव: नतीजे आज, तय होगा भविष्य

● ये चुनाव नतीजे राष्ट्रीय राजनीति में एक और दौर तय करने वाले हैं, भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में जीत की गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के लिए भी परिणाम बेहद अहम हैं



**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**रविवार** की सुबह आने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव नतीजे राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक और दौर तय करने वाले हैं, जिसमें भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा 2024 में जीत की गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रही है।

वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के नवगठित घटक दलों के लिए भी यह नतीजा बेहद अहम है। न केवल विधानसभा चुनाव, बल्कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद सिंह पटेल और 18 अन्य सांसदों की किस्मत का आकलन भी लोकसभा के सेमीफाइनल के रूप में देखे जा रहे इस चुनाव में होना है। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ को बरकरार रखकर आम चुनावों में बड़े भाई की भूमिका निभाने, मध्य प्रदेश पर फिर से कब्जा करने और सबसे पुरानी पार्टी की अति उत्साही राजनीति से बने तेलंगाना राज्य में सत्ता हासिल करने पर नजर गड़ाए हुए है। कांग्रेस तेलंगाना में10 साल पुरानी के.चंद्रशेखर राव सरकार को हटाकर दक्षिणी गढ़ में फिर से उभरने को लेकर काफी आशान्वित है। कांग्रेस ने राजनीतिक फसल काटने के लिए आंध्र प्रदेश का विभाजन किया था, लेकिन तब से यहां क्षेत्रीय दलों का शासन है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में डाले गए वोटों की गिनती रविवार को होगी।

मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार को होनी है। मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए दांव विशेष रूप से ऊंचे हैं क्योंकि मौजूदा शिवराज सिंह चौहान सरकार का गठन पिछले चुनाव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विद्रोह के बाद निर्वाचित कांग्रेस सरकार को हटाने के बाद किया गया था। अब सिंधिया के राजनीतिक आयाम का भी मूल्यांकन किया जाना है क्योंकि कांग्रेस उन्हें कमलनाथ सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अपने दुश्मन के रूप में देखती है और भाजपा उन्हें शिवराज सिंह चौहान को एक और कार्यकाल देने के लिए अपने महाराजा के रूप में देखती है। जहां कांग्रेस को भारी बहुमत मिलने का भरोसा है और मध्य प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी, वहीं भाजपा भगवा सरकार की स्थापना की पटकथा को जनता और राजनीतिक स्मृति से मिटाने के लिए हांफ रही है। भाजपा ने चौहान को अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में नामित नहीं किया है और केंद्रीय मंत्रियों सहित कई क्षेत्रीय दिग्गजों को सामूहिक नेतृत्व का संदेश देने के लिए चुनाव ( शेष पेज 9 )

## आप सांसद संजय सिंह की बढ़ेंगी मुश्किलें



● ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में संजय सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत एक स्थानीय अदालत में आरोपपत्र दायर किया।

यह इस मामले में पूरक आरोप पत्र है क्योंकि एजेंसी पहले ऐसी लगभग पांच अभियोजन शिकायतें दायर कर चुकी है। ईडी ने आप के राज्यसभा सदस्य सिंह को इस मामले में अक्टूबर में गिरफ्तार किया था। धनशोधन रोधी एजेंसी ने आरोप लगाया था कि आरोपी कारोबारी दिनेश अरोड़ा ने राज्यसभा सदस्य के आवास पर दो किस्तों में दो करोड़ रुपए नकद पहुंचाए थे। सिंह ने इस दावे का खंडन किया है। ईडी ने 2021-22 दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की ( शेष पेज 9 )

## महुआ के समर्थन में कांग्रेस टीएमसी ने की चर्चा की मांग

● संसद के शीत सत्र से पहले सरकार ने कहा, वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार, विपक्ष माहौल सुनिश्चित करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोमवार** को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा के आसन्न निष्कासन के मद्देनजर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस मोइत्रा के बचाव में उतर आई है। साथ ही टीएमसी ने भी अपने सांसद पर आसन्न कार्रवाई पर निर्णय लेने से पहले चर्चा की मांग की है। फिलहाल मोदी सरकार के आखिरी पूर्ण सत्र की हंगामेदार शुरुआत होने के आसार हैं।

अगला सत्र फरवरी में बजट सत्र होगा जहां कुछ महीनों में होने वाले आम चुनावों के कारण केवल अंतरिम बजट लाया जाएगा। 'कैश-फॉर-क्वेरी' शिकायत पर निचले सदन से तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश करने वाली लोकसभा पैनल की रिपोर्ट सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में पेश करने के लिए सूचीबद्ध है। केंद्र ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जहां उसने शीतकालीन सत्र के सुचारू कामकाज में सहयोग की अपील की, वहीं टीएमसी नेताओं ने पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा को सदन से बाहर निकालने की आचार समिति की सिफारिश पर लोकसभा में चर्चा की मांग की। नियमों के मुताबिक मोइत्रा को तभी निष्कासित किया जा सकता है जब सदन पैनल की सिफारिश के पक्ष में वोट करता है। समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक में उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश करते हुए अपनी रिपोर्ट अपनाई। केंद्र ने जोर देकर कहा कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, बशर्ते विपक्ष आगामी शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में एक सक्षम माहौल सुनिश्चित करे।

जैसे ही संसद में राजनीतिक दलों के नेता सोमवार से शुरू होने वाले सत्र के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए मिले, विपक्षी नेताओं ने आपराधिक कानूनों को बदलने की मांग करने वाले तीन विधेयकों के लिए अंग्रेजी नामकरण की मांग की, साथ ही मूल्य वृद्धि, जांच एजेंसियों के 'दुरुपयोग' और मणिपुर के मुद्दों को भी उठाया। सरकार ने विपक्ष से अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए बताया कि आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयक और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक प्रस्तावित कानून संसद के शीतकालीन सत्र में प्रमुख मुद्दे हैं। बैठक में, तृणमूल सांसद ( शेष पेज 9 )

## 15 दिसंबर तक तैयार हो जाएगा अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट

● यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ किया एयरपोर्ट का निरीक्षण

● एयरपोर्ट पर उतर सकेंगे बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि अयोध्या में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ( शेष पेज 9 )



अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के शासक से मुलाकात की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के इतर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय साझेदारी और तेल समृद्ध देश में भारतीय समुदाय के कल्याण पर चर्चा की। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि 26 अक्टूबर को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी और ऐसा बताया जाता है कि भारत सरकार ने सजा के खिलाफ अपील दायर की है। मोदी ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कल दुबई में सीओपी28 शिखर सम्मेलन के इतर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, द्विपक्षीय साझेदारी की संभावना और कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर हमारी अच्छी बातचीत हुई। निजी कंपनी अल दाहरा में काम करने वाले भारतीय ( शेष पेज 9 )

पतंजलि®



सांच को आंच क्या?

साइंटिफ़िक ट्रूथ ऑफ़ सस्टेनेबल हेल्थ

रोगों से पूर्णतः मुक्त हुए एक करोड़ से ज़्यादा पेशेन्ट्स का डाटाबेस, लाखों लोगों के सेल्फ एविडेंस, रियल वर्ल्ड एविडेंस और क्लीनिकल एविडेंस हमारे पास हैं, जिनको कोई झुठला नहीं सकता।

प्रश्न: क्या बी पी, शुगर, थायरॉइड, आर्थराइटिस व अस्थमा आदि रोगों को मात्र कन्ट्रोल ही किया जा सकता है या इन रोगों से पूर्णतः मुक्त होना सम्भव है?

उत्तर: हाँ एलोपैथी के मॉडर्न साइंस में ऐसा सिद्धांत और प्रॉब्लम है कि रोगों को कन्ट्रोल तो कर सकते है, क्योर की प्रक्रिया वहां नहीं है। क्योंकि दवा बनाने वाली कम्पनियों के पास अभी तक ऐसा रिसर्च या सॉल्यूशन नहीं है। लेकिन ये समस्या एलोपैथी की है। हमने योग, आयुर्वेद एवं नैचुरोपैथी के इंटिग्रेटेड ट्रीटमेन्ट से लाखों लोगों को बी पी, शुगर, थायरॉइड, आर्थराइटिस व अस्थमा आदि रोगों से पूर्णतः मुक्त किया है। इसके रियल वर्ल्ड एविडेंस और रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड साइंटिफ़िक, ऑथेन्टिक ट्रीटमेन्ट मेथड्स हमारे पास हैं, यही हमारी सनातन सांस्कृतिक, ज्ञान-विज्ञान, प्रज्ञान, अनुसंधान की विरासत है।

प्रश्न: क्या लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन, नर्वस सिस्टम, इंफर्टिलिटी और कैंसर जैसे रोगों का भी कोई साइंटिफिक, ऑथेंटिक, सस्टेनेबल व स्थाई समाधान सम्भव है?

उत्तर: मॉडर्न मेडिकल साइंस में लिवर, किडनी ट्रांसप्लान्ट, हार्ट सर्जरी, आईवीएफ तथा कैंसर में ऑपरेशन, रेडिएशन, कीमो थैरेपी आदि का प्रावधान है, जिनसे केवल आंशिक लाभ मिलता है। फेल हुए लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन के रोगियों को हमने योग, आयुर्वेद से पूर्णतः स्वस्थ किया है और लोगों को ट्रांसप्लांट, गैर जरूरी ऑपरेशन, गैर जरूरी दवाओं आदि से बचाया है। लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन आदि के सेल्स को और पूरे ऑर्गन्स को रिजुविनेट किया जा सकता है, साइंटिफिक रिसर्च के साथ हमने इंटरनेशल जनर्ल्स में 500 से अधिक रिसर्च पेपर पब्लिश कर के इस तथ्य को सत्यापित किया है।

पतंजलि के 3000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल व 500 से अधिक पब्लिश्ड रिसर्च पेपर देखने के लिए विज़िट करें: www.patanjali.res.in

सेल्फ-मेडिकेशन से बचें। रोगों के उपचार का पूरा लाभ पाने के लिए आप हमारे पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् आ सकते हैं या अपने लोकल पतंजलि सेन्टर में जाकर आप इनके उपचार के बारे में पूर्ण जानकारी ले सकते हैं।




PATANJALI® wellness

समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222,8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com

यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ आ कर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

विशेष: पतंजलि का हेल्थ सेक्टर में बड़ा योगदान- टाईप 1 डायबिटिज, DMD, MND, SLE, MS, ऑटो इम्यून डिज़िज़, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, लिवर, किडनी फेलियर, कैंसर जैसी बीमारियों से पूर्ण मुक्ति के लिए पतंजलि ने रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन तैयार कर के मानवता का बहुत बड़ा उपकार किया है।

'योग, आयुर्वेद, फूड-फास्टिंग एवं थेरेपीज़' इन चारों चीजों का पूरा पालन करेंगे तो सम्पूर्ण लाभ होगा।

विश्व के सबसे बड़े योग गुरु स्वामी रामदेव जी के साथ इंटीग्रेटेड योग प्रैक्टिस एवं सैकड़ों प्रकार की इंटीग्रेटेड थेरेपीज़ से रोगोपचार के बारे में लाइव देखें व सीखें।

आस्था LIVE प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 से 9:30 बजे

INDIA TV LIVE रोज सुबह 7:56 बजे

हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।

# बेघर होने के कगार पर सुपरनोवा के कई आवंटी

## बैंक की रिकवरी नोटिस के बाद पता चला कि ये फ्लैट किसी दूसरे के नाम पर भी बेचे गए हैं, मचा हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



बायर्स की रकम डकारने तथा प्राधिकरणों की बकाया रकम का भुगतान न करने के आरोप में जेल में बंद सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा के काले कारनामों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोप है कि अब सेक्टर.94 स्थित सुपरनोवा के कई आवंटियों के फ्लैट दो बार बेच दिए गए। बैंक से नोटिस आने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ है। नोएडा की सुपरनोवा सोसायटी में रहने वाली आवंटी रविंद्र कौर, नरेंद्र सिंह, श्रवण अग्रवाल तथा मीर अली आदि ने बताया कि एलएनटी फाइनेंस ने जब उनको रिकवरी के नोटिस भेजे तो पता चला कि यह फ्लैट किसी दूसरे नाम पर भी बेचे गए हैं तथा इसके लिए बैंक से करोड़ों रुपये का ऋण भी लिया गया है। किस्त जमा न होने पर अब बैंक द्वारा उनको नोटिस भेजे जा रहे हैं। अवंटियों ने बताया कि रिकवरी के लिए एडीएम ऑफिस जाने पर पता चला है कि करीब 17 अवंटियों से बैंक लोन रिकवरी का मामला उनके यहां पर लंबित पड़ा है। आवंटियों का कहना है कि सुपरनोवा में इतने महंगे फ्लैट लेने के बाद अब पता चला है कि उनके प्लॉटों पर करोड़ों का बैंक कर्ज है। यहां पर करीब 75 अवंटी रह रहे हैं अधिकांश अवंटियों को बैंक नोटिस के बाद घर से बेघर होने की चिंता सता रही है। आवंटियों का कहना है कि जब वे सुपरटेक प्रबंधन के पास इसकी शिकायत लेकर पहुंचे तो उनका कहना था कि चेयरमैन अभी जेल है इसलिए फिलहाल वे किसी भी समस्या के बाबत कुछ भी अभी नहीं बता पाएंगे। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री का कहना है कि समूचे मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। प्राधिकरण इस प्रकरण में बायर्स तथा प्राधिकरण के हितों को ध्यान में रखकर ही कोई समुचित कार्रवाई करेगा। फिलहाल बैंक नोटिस आने के बाद कई फ्लैट बायर्स में हड़कंप मचा हुआ है।

## महागुन बिल्डर के आफिस में सोसाइटीवासियों का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाले नागरिकों का शनिवार को सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने बिल्डर के आफिस में घुसकर खूब नारेबाजी की। सोसायटी वासियों का आरोप है कि मोटी रकम लेने के बावजूद बिल्डर कोई सुविधा नहीं दे रहा है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन सोसायटी में पिछले पांच दिनों से सोसायटी स्टॉफने हड़ताल कर रखी है। स्टफ की हड़ताल के कारण सोसायटी में साफ सफाई और मेंटिनेंस का काम प्रभावित हो रहे हैं। उधर, हड़ताल कर रहे स्टाफका आरोप है कि उन्हें समय से वेतन नहीं मिलता है। स्टाफ की हड़ताल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन सोसायटी में रहने वाले फ्लोर आनर्स काफी परेशान हैं। हड़ताल के कारण सोसायटी में साफसफाई नहीं हो पा रही है। मेंटिनेंस का काम भी प्रभावित हो रहा है। हड़ताल से



नाराज सोसायटी वासियों ने शनिवार को बिल्डर के हेड आफिस में खूब नारेबाजी की। फिर अचानक सोसायटीवासियों बिल्डर के आफिस में घुस और खूब नारेबाजी की। नारेबाजी के बाद सोसायटी आफिस में ही धरने पर बैठ गए। सोसायटीवासियों का कहना है कि बिल्डर को मोटी रकम दी गई है, इसके बावजूद बिल्डर कोई काम नहीं करता है।

# स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट चलाने पर 65 युवक-युवती गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- इंदिरापुरम के आदित्य मॉल में चल रहा था अवैध कारोबार, मालिक और मैनेजर भी धरे गए

गाजियाबाद के आदित्य मॉल में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट में पुलिस ने 65 युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 59 युवक-युवतियों को आज 41-ए का नोटिस देकर थाने से रिलीज किया जाएगा, जबकि स्पा सेंटरों के 6 मालिक.मैनेजरों को अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में गिरफ्तार कर आज ही कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने सभी 6 सेंटर बंद करा दिए हैं। इंदिरापुरम थाने के जितेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया, आदित्य मॉल के स्पा सेंटरों में देह व्यापार होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इस आधार पर शुक्रवार शाम छह सेंटरों पर छापेमारी की गई। यहां से कुल 44 युवतियां और 21 युवकों को हिरासत में लिया गया था। स्पा सेंटरों से आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुई हैं, जिससे स्पष्ट था कि यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा कराया ज रहा है। इस मामले में सभी 65 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। सतवा स्पा सेंटर के मालिक दीपक गौड़, कोकोन स्पा सेंटर के मालिक ओमप्रकाश, रिलीफ स्पा सेंटर की संचालिका निशा, रेनिस स्पा सेंटर के संचालक जितेंद्र कुमार, पल्स एंड पेटल्स स्पा सेंटर के संचालक दीपक शर्मा और ललित भाटी को अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में गिरफ्तार किया गया है।

इनके अलावा बाकी के 59 युवक-युवती कस्टमर हैं। इनके विरुद्ध भी मुकदमा लिखा गया है।

# ग्रेटर नोएडा में बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, दर्जनों बाइक बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- कासना में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों के पकड़े जाने पर हुआ खुलासा

ग्रेटर नोएडा शहर की थाना बीटा 2 पुलिस ने देर रात एक बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई एक दर्जन से अधिक बाइक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा शहर के थाना बीटा 2 की पुलिस शुक्रवार की रात कासना पुलिया पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने बाइक को पीछे की ओर मोड़ लिया और भागने लगे। जिस पर पुलिस ने पीछा करके बाइक सवारों को पकड़ लिया। पकड़े गए बाइक सवारों से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम पवन पुत्र सुंदर निवासी ग्राम आंजनी थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर तथा दूसरे ने अपना नाम शिवा पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम आंजनी बुलंदशहर बताया।

बाइक के कागज मांगने पर दोनों ने बताया कि यह बाइक चोरी की है और कासना के शनि बाजार से दो महीने पहले चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए वह पीछे मुड़कर भाग रहे थे। थाना बीटा 2 पुलिस ने बताया कि चोरों के पास से बरामद हीरो होंडा बाइक अंकित कुमार पुत्र रविंद्र पाल निवासी कासना की है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है।

## विकास को लेकर सीएम से मिले विधायक नागर

**नोएडा।** दादरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक तेजपाल सिंह नागर ने शुक्रवार को क्षेत्र के विकास को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

विधायक तेजपाल सिंह नागर शुक्रवार को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विकास पर चर्चा की। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक तेजपाल सिंह नागर ने बताया कि क्षेत्र में अभी कई बड़े विकास के काम होने हैं, जिसे लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार विकास को लेकर गंभीर है और प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है।

# लैप्स पालिसी के नाम पर 100 लोगों से ठगी, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा सेक्टर 2 में सिर्फ 15 दिन पहले ही कॉल सेंटर का सेटअप किया था तैयार

लैप्स हुई बीमा पॉलिसी की रकम वापस दिलाने और लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने खुलासा किया। शनिवार को फेज वन थाने की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सरगना ने 15 दिन पहले ही सेक्टर-2 में कॉल सेंटर का सेटअप तैयार किया था।

आरोपियों के कब्जे से दो स्मार्टफोन, चार पैड मोबाइल फोन, वर्क कॉलिंग डेटा और नकदी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपियों की पहचान बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी रोशन कुमार और सुमंत कुमार के रूप में हुई है। रोशन गिरोह का सरगना है। वह दिल्ली के उत्तम नगर में संचालित फर्जी कॉल सेंटर में काम कर चुका है। वहां से जेल गया था। जब वह बाहर आया तो उसने सेक्टर दो में अपने साथी के साथ ठगी का कॉल सेंटर खोल दिया। दोनों मिलकर अब तक लाखों रुपए की ठगी कर चुके हैं। पकड़े गए दोनों ठग ऐसे लोगों की तलाश करते थे जिन्होंने अपनी बीमा पॉलिसी को बीच में ही छोड़ दिया हो।

ऐसे लोगों को आरोपी उनके द्वारा पॉलिसी में जमा की गई राशि को ब्याज समेत वापस दिलाने की बात कहकर अपने झांसे में लेते थे। जिनको लोन की आवश्यकता होती है। उसके लिए ये लोग डेटा शीट के अनुसार डिटेल देखकर बैंक वाले बन जाते है और जिन लोगों को बीमा पॉलिसी के पैसे की आवश्यकता होती थी उन लोगों के लिए ये लोग उसी बीमा कंपनी के एजेंट बनकर बात करते थे। जब व्यक्ति इनके झांसे में आ जाता तो उससे फीस आदि के नाम पर ठगी करते हैं। दोनों अब तक सौ से अधिक लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। रोशन का आपराधिक इतिहास भी है। उसके साथी का भी आपराधिक इतिहास नोएडा पुलिस पता कर रही है। पुलिस इनके बैंक खातों और सीडीआर के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अगले कुछ महीनों में गिरोह से उन युवकों को जोड़ने की योजना थी बेरोजगार थे और जिन्हें नौकरी की तलाश थी। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था।

गिरफ्त में आए आरोपियों की ठगी में बराबर की हिस्सेदारी होती थी। आरोपी कुछ माह तक ठगी करने के बाद ऑफिस बंद कर फरार होने वाले थे पर उससे पहले ही मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## माफिया बृजनंदन की 23 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में कुख्यात माफिया और उनके गुर्गों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रणदीप भाटी गिरोह के सदस्य बृजनंदन की 23 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए गए हैं। गैंगस्टर एक्ट के तहत उसके खिलाफयह कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के तहत बृजानन्द पुत्र भीम निवासी ग्राम तिगांव थाना तिगांव जनपद फरीदाबाद हरियाणा के द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश पारित किए गए हैं। उसकी यह संपत्ति मथुरा जिला के छाता तहसील के मौज कोसीकला में स्थित है। इस दौरान उसकी कुल 3757. 58 वर्ग मीटर संपत्ति को कॉल करने का आदेश दिया गया है। इसकी कीमत करीब 236471024 रुपए बताई जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों और माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उनका साफतौर पर कहना है कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। जिन कुख्यात माफियाओं ने लोगों को डरा धमकाकर अवैध रूप से अपनी संपत्ति अर्जित की है। गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

## प्रदूषण पर रोकथाम को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने रघुनाथपुर व पूठी गांव में बढते प्रदूषण की रोकथाम की मांग को लेकर डीएम के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि गांव में मैसर्स प्रकाश टैक्सटाइल कम्पनी हदबस्त द्वारा प्लास्टिक जलाई जाती है। खुले में फैक्ट्रियों का कचरा भी जलाया जाता है जिसकी वजह से गांववासी अस्थमा आदि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। गांव के पानी में भी प्रदूषण का जहर घुल रहा है जिसे रोका नहीं गया तो आगे स्थिति और भयावह होगी। साथ ही कम्पनी की जांच की जाए कि वह एनजीटी के नियमों से चल रही है या नहीं। ज्ञापन देने वालों में संगठन के मेरठ मंडल सचिव राजेश यादव, मनोज शर्मा, विरेन्द्र, सुन्दर, सतीश कुमार, मनोज, निखिल, कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर डीएम आरके सिंह ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम आरके सिंह ने लोनी तहसील दिवस में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनी। डीएम के समक्ष इस दौरान 50 से अधिक शिकायतें दर्ज हुई जिसमें अधिकतर अवैध कब्जे, भूमाफियाओं की मनमानी से सम्बंधित थी। डीएम ने इस दौरान फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि उनका समय से निस्तारण होगा। इस अवसर पर सीडीओ अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर, एनआरएलएम उपायुक्त राम उदरेज यादव, मौजूद रहे। मोदीनगर में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने समाधान दिवस में शिकायतें सुनी। गाजियाबाद तहसील सदर में एसडीएम विनय कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया।

## नीम के पेड़ से निकल रहा है सफेद दूध जैसा पदार्थ

**नोएडा।** थाना दनकौर क्षेत्र की में स्थित ग्राम भाटा पारसौल में स्थित एक नीम के पेड़ से 5 दिनों से दूध जैसा सफेद तरल पदार्थ गिर रहा है। आसपास के गांव में यह अफवाह फैल गई है कि उक्त दूध को पीने से बुखार, चर्म रोग सहित कई गंभीर बीमारियां ठीक हो रही है। लोग सुबह से शाम तक नीम के पेड़ के पास इकत्रेहोकर बोतल में सफेद रस को भर रहे हैं। लोगों ने नीम की पेड़ की पूजा भी करनी शुरू कर दी है। भट्टा पारसौल गांव निवासी किशन सिंह भगत ने बताया कि उनके गांव में स्थित एक नीम का पेड़ जो की 10 वर्ष पुराना है उससे 5 दिन से सफेद रंग का धातु गिर रहा है। उन्होंने बताया कि लोग नीम के पेड़ से निकल रहे पदार्थ को बोतलों में भरकर ले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चखने पर यह पदार्थ नारियल के पानी जैसा लग रहा है। भट्टा गांव के ही रहने वाले ही सतीश ने बताया कि नीम के पेड़ को लेकर लोगों में भारी आस्था जागृत हुई है। उन्होंने बताया कि बच्चे, महिलाएं और पुरुष बोतल में नीम से निकलने वाले सफेद पदार्थ को भरकर ले जा रहे हैं।

# सिद्धार्थ विहार को मिलेगा अतिरिक्त जल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



प्रताप विहार के पास बने नए वॉटर प्लांट से सिद्धार्थ विहार कॉलोनी के लोगों की पीने के पानी की किल्लत अगले महीने से समाप्त हो जाएगी। प्लांट से कॉलोनी में रहने वाले लोगों को करीब साढ़े बारह क्यूसेक पानी की सप्लाई अतिरिक्त मिलेगी।

इसके लिए करीब 72 करोड़ रुपया आवास एवं विकास परिषद ने दिया है। प्रोजेक्ट पर कार्य करने के लिए नोएडा और आवास एवं विकास परिषद ने जल निगम के साथ अनुबंध किया था। जल निगम ने अब यह कार्य पूरा कर लिया है। जल निगम का दावा है कि इस प्लांट से करीब 50 क्यूसेक पानी की सप्लाई होगी। इसमें से साढ़े 12 क्यूसेक पानी की सप्लाई सिद्धार्थ विहार को मिलेगा। जल निगम के प्रोजेक्ट अधिकारी उमेश शुक्ला ने बताया है इस प्रोजेक्ट पर कार्य लगभग पूरा हो गया है। गर्मी के शुरू होने वाले मौसम से पहले ही सिद्धार्थ विहार कॉलोनी में पानी सप्लाई की टेस्टिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। संभावना है कि जनवरी या फरवरी में टेस्टिंग का यह कार्य पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही अगले वर्ष गर्मी के शुरू होने वाले मौसम में सिद्धार्थ विहार कॉलोनी में पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी।

# दिल्ली की युवती से गाजियाबाद में गैंगरेप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- दो दिन बाद भी आरोपी पकड़ से दूर, सहेली के बॉयफ्रेंड से पूछताछ जारी

गाजियाबाद में दिल्ली की युवती से गैंगरेप के मामले में पुलिस दो दिन बाद भी आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। पुलिस की जांच सिर्फयुवती की सहेली के ब्वायफ्रेंड पर अटकी हुई है, क्योंकि आरोपियों ने वारदात करने से पहले बॉयफ्रेंड से कुछ सेकेंड बातचीत की थी। जहां वारदात हुई, वहां कोई कैमरा तक नहीं है।

दिल्ली में सोनिया विहार निवासी 23 वर्षीय युवती गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में खिलौने बनाने की फैक्ट्री में जॉब करती है। 30 नवंबर की शाम साढ़े 6 बजे वो अपनी सहेली के साथ पैदल ही घर लौट रही थी। खानपुर मोड़ पर युवती की सहेली का बॉयफ्रेंड मिल गया। सहेली ने कुछ देर अपने बॉयफ्रेंड की स्कूटी चलानी सीखी। इसके बाद तीनों खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। पीड़िता ने बताया, इस दौरान ऑटो सवार तीन युवक आए। वो सहेली के बॉयफ्रेंड से कुछ बातचीत करने लगे। इसके बाद हम तीनों को अलग कर दिया और बोले कि तुम यहां गलत काम कर रहे हो। फिर एक लड़का मुझे झाड़ियों में ले गया और रेप किया। इसके बाद दूसरा आया और उसने भी रेप किया। वारदात करके आरोपी वहां से भाग गए। मैं बुरी तरह डर गई। किसी तरह वह घर गई और परिजनों को सारी बात बताई। सूर्यबली मौर्य ने बताया, इस मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ गैंगरेप मुकदमा थाना ट्रोनिका सिटी में दर्ज किया गया है। पीड़ित युवती की सहेली का बॉयफ्रेंड पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ चल रही है। क्योंकि तीनों आरोपियों ने सबसे पहले वहां पहुंचकर उससे ही बातचीत की थी।

# कार से बाहर निकल स्टंट करती युवती का वीडियो हुआ वायरल

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शनिवार को वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवती कार की खिड़की से बाहर निकलकर स्टंट कर रही है। पीछे से आ रहे किसी व्यक्ति ने इसकी वीडियो बनाया और ट्वीट करते हुए यूपी पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को टैग किया।

इसके बाद लोग ट्वीट करके सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे है। ये वीडियो 29 सेकेंड का है और ग्रेनो वेस्ट के एक मूर्ति के पास का बताया जा रहा है। वीडियो में सड़क पर तेज रफ्तार दिल्ली नंबर कार जा रही है। जिसमें एक लड़की खिड़की के बाहर निकली स्टंट करती दिख रही है। इस मामले में नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर 23 हजार 500 रुपए का चालान किया है। दरअसल जिस सड़क का ये वीडियो है वहा पीक में बहुत गाड़ियां चलती है। बताया गया कि ये वीडियो देर रात का है।

ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की वो इस तरह के स्टंट नहीं करे। ये हादसे को दावत देने जैसा है। इससे जान का खतरा है। फिलहाल वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही ट्रैफिक पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और चालान किया।

## स्वास्थ्य विभाग का झोला छाप के खिलाफ अभियान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र के कनावनी में स्वास्थ्य विभाग शनिवार को अभियान चलाकर डेढ़ दर्जन झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक पर नोटिस चस्पा किया।

स्वास्थ्य विभाग कि कार्रवाई को देख ज्यादातर डॉक्टर अपना क्लिनिक बंद करके फरार हो गए। झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफविश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इंदिरापुरम पूर्व ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की थी। डिप्टी सीएमओ पंकज राकेश ने बताया कि स्थानीय निवासियों की शिकायत पर झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ शनिवार सुबह से कार्रवाई की जा रही है। इन डॉक्टरों के यहां नोटिस दिया जा रहा है।

# इंसाफ की गुहार लगा रहा बेटी का पिता

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा

- ससुराल पक्ष पर बेटी के जबरन गर्भपात कराने व ब्लड की कमी से किडनी खराब होने का आरोप, 20 नवंबर को हुई थी मौत

नोएडा के सेक्टर-122 पर्थला निवासी रितु की मौत 20 नवंबर को हो गई। परिवार ने आरोप लगाया है कि रितु को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। जबरन गर्भपात कराया गया। जिससे ज्यादा ब्लीडिंग हुई और दोनों किडनी सिकुड़ गई। ससुराल वालों ने इलाज नहीं कराया। अभी तक रितु को इंसाफनहीं मिला।

इसको लेकर शनिवार को ग्रामीण सेक्टर.14ए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। वहां धरना दिया। एडसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। सात दिन का समय मांगा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित के पिता सुभाष ने बताया कि उसकी बेटी रितु की शादी 7 फरवरी 2023 को विजयपाल के बेटे आशीष के साथ की थी। शादी में करीब 25 लाख रुपए खर्च किए। जिसमें 4 लाख रुपए नगद दिए गए। शादी के बाद से ही रितु को ससुराल पक्ष की ओर से एक बुलेट बाइक और दो लाख रुपए नगद की मांग की जाने लगी। रितु के मना करने पर उसके साथ मारपीट दबाते थे।

पिता ने बताया कि इस बीच रितु गर्भवती हो गई। यह बात जब रितु ने पति आशीष को बताई तो उसने रितु के पेट पर चार पांच लात मार दी। इसके बाद उस पर दबाव बनाते हुए जबरन गर्भपात करा दिया गया।

आरोप है कि इसी ब्लीडिंग ज्यादा हुई और इसका असर रितु की किडनी पर पड़ा और दोनों किडनी सिकुड गई। यही नहीं डॉक्टर ने ब्लड चढ़ाने के लिए कहा लेकिन ससुराल वालों ने ब्लड नहीं चढ़वाया। यही नहीं दो तीन बाद डायलिसिस होने के बाद ससुराल पक्ष ने जबरन ये लिखवा लिया कि मौत होने पर इसकी सारी जिम्मेदारी माता.पिता की होगी।

# शादी समारोह में हत्या की पहले से थी तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा अशोक यादव की हत्या के लिए बनाया था प्लान

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फार्म हाउस में शादी समारोह के दौरान नोएडा के सेक्टर 51 होशियारपुर में रहने वाले वाले अशोक यादव की हत्या के चार दिन बाद एक बड़ा खुलासा पीड़ित परिवार ने किया है। मीडिया के सामने आए परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि अशोक यादव की हत्या करने के लिए पूरा प्लान बनाया गया था और अब परिवार के सदस्यों को अपनी भी हत्या का डर सता रहा है।

आपको बता दें कि 27 नवंबर 2023 की रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर शहतूत फार्म हाउस में एक शादी समारोह के दौरान सेक्टर 51 होशियारपुर निवासी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अशोक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अशोक यादव के परिजनों ने अशोक यादव के बेटे दिनेश यादव के ससुर शेखर व आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी शेखर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस हत्याकांड में नामजद अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं।

इस हत्याकांड के सदमे उबरने के बाद शनिवार की दोपहर अशोक यादव के परिजन मीडिया के सामने आए। उन्होंने अपने सेक्टर 51 स्थित एच 32 निवास पर प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में अशोक यादव दूसरे पुत्र भूपेंद्र यादव की पत्नी नैना यादव ने बताया कि उनके ससुर अशोक यादव की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की गई है। अशोक यादव को शादी में बुलाकर सैकड़ों लोगों के सामने निर्मम तरीके से मार दिया गया। नैना ने बताया कि इस मामले में अभी अन्य आरोपी फरार हैं। जिसके चलते उनका परिवार डर के साये में जी रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी शेखर यादव और उसके बड़े भाई खब्बी यादव द्वारा पूर्व में कई बार घर आकर अशोक यादव और उनके छोटे बेटे को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी थी। उन्हें डर है कि अब छोटे बेटे पर भी जानलेवा हमला हो सकता है।

स्वर्गीय अशोक यादव के बेटे भूपेंद्र ने बताया कि शेखर यादव और उसका परिवार अपराधिक प्रवृत्ति का है और अक्सर हथियारों को लेकर फोटो सोशल मीडिया पर डालते हैं।

दिवंगत अशोक यादव की बहू नैना ने बताया कि जिस समय अशोक यादव की शादी समारोह में हत्या हुई उस दौरान उनका बड़ा भाई और बड़ा बेटा भी मौजूद थे, लेकिन टारगेट करके कनपटी पर बंदूक लगाकर अशोक यादव की हत्या की गई।

नैना ने बताया कि साजिश के तहत उनकी गाड़ी के पीछे बग्गी और आगे कार खड़ी की गई थी, ताकि हमले से बचने के बाद वह लोग भाग ना सकें। नैना ने आरोप लगाया कि दिनेश यादव और उसकी पत्नी के बीच चल रहे विवाद में कोर्ट द्वारा लिखित आदेश दिया जा चुका था और शादी में लगे पैसे और सामान कोर्ट के समक्ष वधु पक्ष को वापस दिए जा चुके थे। इस दौरान अशोक यादव के परिजनों ने आरोपी शेखर यादव की पुत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए तथा मीडिया के सामने उसकी कुछ तस्वीरें व सोशल साइट पर चेटिंग की फोटोज भी दिखाई है।

# ग्रेनो की सड़कों को चमकाने के लिए प्राधिकरण करेगा करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- अथॉरिटी की टीम ने शुक्रवार को किया था केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान दिल्ली का दौरा

नोएडा में आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा शहर में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान दिल्ली का दौरा किया।

प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम व एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग के नेतृत्व में परियोजना विभाग की टीम ने सीआरआरआई दिल्ली जाकर आधुनिक तकनीकों का अध्ययन किया। दोनों संस्थानों के बीच इस आशय का एमओयू जल्द साइन होने जा रहा है। इसके साथ ही सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में भी सहयोग करेगा। आपको बता दें कि हाल ही में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें सीआरआरआई ने सड़क निर्माण की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी। इन तकनीकों के इस्तेमाल से ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता और बढ़ जाएगी। साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के बारे में भी जानकारी दी।

# तिहाड़ जेल के 50 कर्मचारी बर्खास्त

## 9 सहायक अधीक्षक, 39 वार्डर और 2 मैट्रन के बॉयोमेट्रिक और फोटो का नहीं हुआ मिलान

● जेल के और कर्मचारियों पर कार्रवाई का विचार कर रहा प्रशासन, पूरे नेटवर्क के बारे में कर्मचारियों से भी ले रहा है जानकारी


राष्ट्रीय राजधानी स्थित तिहाड़ जेल। ( फाइल फोटो )

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तिहाड़ जेल प्रशासन ने अपने 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का फरमान जारी कर दिया है। शनिवार को सत्यापन अभियान के दौरान बायोमीट्रिक रिकॉर्ड और फोटो में विसंगति पाए जाने के बाद इन लोगों को जेल प्रशासन ने बर्खास्तगी का नोटिस दिया है। बर्खास्त अधिकारियों में 9 सहायक अधीक्षक, 39 वार्डर और 2 मैट्रन हैं। जिनसे एक टीम पूछताछ कर जानने की कोशिश कर रही है कि उनकी परीक्षा किसने दी थी और इसके लिये कितने रुपये वसूले गए थे। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड इसे एक बड़ा भर्ती घोटाला मान रहा है जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश भी हो सकता है।

तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने बताया कि ये भर्तियां वर्ष 2020 में दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसबी) द्वारा हुई थीं। भर्तियां बॉयोमेट्रिक तरीके से हुई थीं। डीएसएसबी को भर्ती में गड़बड़ी होने की जानकारी मिली थी। जिसको लेकर जब साढ़े चार सौ कर्मचारियों का सत्यापन अभियान चलाया गया तो 50 कर्मचारियों के बॉयोमेट्रिक और फोटो का मिलान नहीं हुआ। डीएसएसबी ने तिहाड़ जेल में बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन ड्राइव चलाया था। ये ड्राइव नवंबर के अंतिम सप्ताह में चलाया गया था। वर्ष 2019 से अब तक डीएसएसबी की परीक्षा के जरिए तिहाड़ जेल में वार्डर और असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट रैंक के पद की जितनी नई भर्तियां हुई, उन सभी के बायोमेट्रिक सैम्पल को जेल में मौजूद कर्मचारियों के सैंपल से मिलाया गया। जांच में डीएसएसबी के पास मौजूद डाटा से मैच नहीं हुआ। शक होने पर इन सभी कर्मचारियों के बारे में आंतरिक जांच की गई। जिसमें कई हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। जिसमें पता चला कि कर्मचारियों के नाम पर ओर कोई परीक्षा देने के लिये बैठा था। जानकारी पुख्ता होने के बाद उन सभी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया और इन्हें जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया गया।

रिपोर्ट आने के बाद अब फर्जी तरीके से तिहाड़ जेल में अलग-अलग पदों पर भर्ती हुए कर्माचारियों को बर्खास्त कर दिया गया।

# ग्रामीण रिहायशी इलाके में नहीं लगेगा हाउस टैक्स : शैली


महापौर शैली ओबरॉय व डिप्टी मेयर आले हसन प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम ने बड़ा फैसला किया है। भाजपा के फैसले को पलटते हुए निर्देश दिए हैं कि किसी भी ग्रामीण रिहायशी इलाकों में संपत्ति कर के नोटिस नहीं भेजे जाएंगे। इसके अलावा न ही उनसे भविष्य में कभी हाउस टैक्स वसूला जाएगा।

महापौर शैली ओबरॉय ने कहा कि एमसीडी अब से राष्ट्रीय राजधानी के किसी भी ग्रामीण रिहायशी इलाके से हाउस टैक्स नहीं वसूलेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासित एमसीडी ने पिछले 15 सालों में हाउस टैक्स के नोटिस भेजकर ग्रामिणों को खूब परेशान किया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर कुछ दिन पहले ही उन्होंने ग्रामीण इलाकों के प्रधानों से चर्चा की। इसके बाद शुक्रवार को हाउस टैक्स के सभी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर टैक्स नहीं वसूलने का निर्देश दिया। एमसीडी के सभी अधिसूचित व्यावसायिक क्षेत्रों से संपत्ति कर पहले की तरह ही वसूला जाएगा। उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि केजरीवाल के नेतृत्व में एमसीडी ने हाउस टैक्स नहीं वसूलने का फैसला लिया है।

शैली ओबरॉय और उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा जनता के हित में काम करती आई है। अब काम की राजनीति की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए इसमें एक नई कड़ी को जोड़ा गया है।

भाजपा पिछले 15 सालों तक निगम में रही। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के रिहायशी मकानों को हाउस टैक्स के नोटिस भेजकर वहां की जनता को परेशान किया जाता था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर जितने भी ग्रामीण और रिहायशी इलाके हैं, अब एमसीडी वहां से हाउस टैक्स नहीं वसूलेगी और ना उसके नोटिस भेजेगी।

## भाजपा ने संपत्ति कर नोटिस वापस लेने को किया मजबूर : सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली देहात के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के दबाव में एमसीडी द्वारा ग्रामिणों को भेजे गए लाखों नोटिस वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में लोगों की नाराजगी के डर से आम आदमी पार्टी को नोटिस वापस लेना पड़ा है।

सचदेवा ने कहा कि एमसीडी की बैठक में जब यह विषय चर्चा में आया तो भाजपा पार्षदों ने गांवों पर लगाए जा रहे संपत्ति कर का कड़ा विरोध किया। उन्होंने दिल्ली देहात के भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल और 360 गांव पंचायत के सदस्यों के साथ उपराज्यपाल से मुलाकात की थी और नोटिस वापस लेने की पंचायत को समर्थन दिया था। इससे महापौर को संपत्ति कर नोटिस वापस लेने की घोषणा को मजबूर होना पड़ा।

# आतिशी समेत कई नेताओं ने किया प्रचार

**मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान**

● दिल्ली वालों की राय कुछ भी हो जाए, आप संयोजक को नहीं देना चाहिए इस्तीफा




अभियान के दौरान जनता से मिलते हुए मंत्री आतिशी और विधायक प्रमिला टोकस।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किए गए मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है। इस मुहिम के दूसरे दिन यानी की शनिवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा में डोर टू डोर कैंपेन किया।

मंत्री आतिशी ने गोविन्दपुरी, कालकाजी में घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि अगर झूठे केस के तहत सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। उधर, विधायक ऋतुराज झा ने किराड़ी, विधायक प्रमिला टोकस ने आरके पुरम और प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र तोमर ने त्रिनगर में घर-घर प्रचार कर जनता की राय जानी। सभी जगह लोगों ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है। कुछ भी हो जाए, उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा झूठे आरोप लगाकर आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रही है। भाजपा ने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार कराया और अब अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सभी जानते हैं कि ये आरोप झूठे हैं। इन झूठे आरोपों को लगाने का एक ही कारण है कि भाजपा को पता है कि वो चुनावों में अरविंद केजरीवाल को हरा नहीं सकती। दिल्ली के लोग जब भी वोट देंगे तो केजरीवाल को ही देंगे।

भाजपा पहले विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई के द्वारा फर्जी मुकदमे कराते हैं। उसके बाद उन नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करते हैं और फिर उनके ऊपर से सारे केस हटा लेते हैं। जो इनके साथ होता है उसको ईमानदार बताते हैं, जो साथ नहीं आता उनको झूठे मुकदमे में जेल में डाल देते हैं। उच्चतम न्यायालय ईडी और सीबीआई से बार-बार सबूत मांग रहा है लेकिन इनके पास कोई सबूत नहीं है।

# आप के विरोध में भाजपा का जनमत संग्रह

● 83 फीसदी लोगों ने मतदान में केजरीवाल से मांगा इस्तीफा : गोयल

● शराब घोटाले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कराया जनमत संग्रह


आप अभियान के विरोध में भाजपा के जनमत संग्रह बूथ पर विजय गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है। वहीं भाजपा ने भी विरोध में जनमत संग्रह करा रही है।

भाजपा के पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने शनिवार को लोक अभियान के कार्यकर्ताओं के साथ राजीव चौक मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 6 पर शराब घोटाले में केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जनमत संग्रह करवाया। इस जनमत संग्रह में लोगों से पूछा गया कि शराब घोटाले में यदि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है तो उनको इस्तीफा देना चाहिए या नहीं। गोयल ने बताया कि 83फीसदी लोगों ने कहा कि केजरीवाल को इस्तीफा दे देना चाहिए जबकि 17 प्रतिशत ने कहा इस्तीफा नहीं देना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बताया यह मतदान जनता का, जनता के सामने गुप्त मतदान था, जबकि आम आदमी पार्टी का सर्वेक्षण नाटक है।

गोयल ने बताया कि लोगों को एक पर्ची दी गई जिस पर उनको इस्तीफे पर हाँ या न का निशान लगाकर वहाँ रखे बॉक्स में डालना था। गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय तो मौखिक लोगों से पूछ रहे हैं कि केजरीवाल इस्तीफा दे या न दें और पहले से ही जिसके परिणाम तय है, जिसमें वे कहेंगे, इस्तीफा मत दो और जेल से ही सरकार चलाओ। आम आदमी पार्टी के जनमत संग्रह के परिणाम तो 20 दिन बाद आएंगे, किन्तु भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर 20 हजार लोगों से इस बारे में राय लेंगे और हर रोज परिणामों को बताएंगे। सभी 14 जिलों में लोगों को पर्चियाँ दी गई हैं, जिस पर जनमत करवाया जाएगा।

गोयल के मुताबिक राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर छह पर तीन बोर्ड लगाए गए थे, जिनमें एक बोर्ड पर तिहाड़ा जेल में केजरीवाल को केबिनेट की बैठक करते हुए दिखाया गया और दूसरी तरफ केजरीवाल शराब घोटाले में गिरफ्तार होने पर अपना इस्तीफा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दे रहे हैं। तीसरे बोर्ड में शराब की बोतल के साथ यह दिखाया गया है कि केजरीवाल के पक्ष में तर्क दिए जा रहे हैं कि उनको झूठ फँसाया गया है।

### सिसोदिया, जैन के लिए पार्टी ने रायशुमारी क्यों नहीं कराया

विजय गोयल ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि जब गली-मोहल्ले, नुक्कड़ पर शराब की दुकानें खोलनी थी, तब जनता से राय क्यों नहीं ली गई कि इन दुकानों को खोलें या न खोलें। तब तो एक के साथ एक बोतल मुफ्त देकर युवाओं को नशे में डूबो दिया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर मणिपुर के युवक से मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सनलाइट कॉलोनी थाना क्षेत्र में पत्नी और बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ लोगों ने मणिपुर के युवक की पिटाई कर दी। पुलिस आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित मूलरूप से मणिपुर का रहने वाला और आश्रम स्थित जीवन नगर इलाके में रहते हैं। पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ितों ने बताया कि वे मेइती समुदाय से हैं और उन्हें संदेह है कि उनके प्रतिद्वंद्वी समूह के लोगों ने उनपर हमला किया। मणिपुर में इस वर्ष से मेइती और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष चल रहा है जिसके परिणामस्वरूप 180 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस को पता चला कि पीड़ित, उसकी पत्नी और उसकी बहन शुक्रवार की देर रात एक दोस्त को जा रहे थे। रास्ते में एक महिला सहित तीन अज्ञात लोग उनसे मिले और उन्होंने पीड़ितों से मुनिरका के लिए उबर टैक्सी बुक करने में मदद करने के लिए कहा क्योंकि उनके फोन की बैटरी खत्म हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजधानी में शनिवार को मुलाकात करते उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी। सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को सिलक्यारा सुरंग हादसे में 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के सभी तरह की सहायता प्रदान करने व मार्गदर्शन देने के लिए पूरे प्रदेशवासियों की तरफ से आभार जताया।

### सीएम मनोहर लाल ने सतगुरु माता से लिए आशीष



**नई दिल्ली।** निरंकारी यूथ सिम्पोजियम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के विशाल एवं प्रगतिशील दृष्टिकोण का जीवंत रूप है जहां हजारों की संख्या में युवा आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने के सूत्र को सांझा करेंगे और सीखेंगे भी। निरंकारी यूथ सिम्पोजियम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पहुंचकर सतगुरु माता के आशीष प्राप्त किये और युवाओं द्वारा की गई प्रस्तुति की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज के दौर में अधिकांश युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण न होने की वजह से गलत संगति को अपनाते हुए अनेक प्रकार के नशे का शिकार हो जाते है जिससे न केवल वह स्वयं अपितु परिवार एवं समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# गौशाला तोड़ना धार्मिक आस्था का अपमान है : अरविंदर लवली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने शास्त्री पार्क के यमुना खादर में प्रशासन द्वारा गौशाला को तोड़ने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार के आधीन दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा ठंड में गौशाला को तोड़ना अपराध है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार नई गौशाला बनाने की बजाय उन्हें तोड़ रही है यह लोगों की धार्मिक आस्था के प्रति अपमान है, क्योंकि लोग गाय की पूजा करते है। लवली ने हमला बोलते हुए कहा कि डीडीए अपने असली काम से पीछे हट गई है। अरविन्दर सिंह लवली ने मांग की कि दिल्ली विकास प्राधिकरण तुरंत उजाड़ी गई गौशाला के लिए वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करें। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, प्रशासन गौशाला के लिए अस्थायी व्यवस्था करे। लवली ने भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन की आक्रामक कार्यवाही में एक गाय की मृत्यु होना अत्यंत दुखद है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली ने खादर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल को भेजा था।

## नीतीश के खिलाफ मांझी जंतर-मंतर पर देंगे धरना

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को घोषणा की कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए अपने अपमान के विरोध में अगले सप्ताह जंतर-मंतर पर धरना देंगे।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी हाल ही में बिहार विधानसभा के भीतर मुख्यमंत्री द्वारा उनके साथ किए कथित दुर्व्यवहार से नाराज हैं। मांझी ने कहा, हमारा धरना पांच दिसंबर को जंतर-मंतर पर होगा जब हम नीतीश कुमार स्वाहा जैसे मंत्रोच्चार के साथ हवन भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राज्यों में चुनावी रैलियों में एक से अधिक अवसरों पर दलित नेता के अपमान का उल्लेख किया था।

# शिक्षकों के गैरहाजिर होने पर भड़की आतिशी

● मुनिरका गाँव स्थित एमसीडी स्कूल के औचक निरीक्षण में 19 में से 10 शिक्षक थे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आतिशी ने मुनिरका गाँव स्थित एमसीडी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने स्कूल में 19 में से मात्र 10 शिक्षकों के मौजूद रहने पर भड़क गई। कई शिक्षक लंबे समय से अनुपस्थित थे। स्कूल में काफी बच्चे भी अनुपस्थित थे। शौचालय बदहाल हालत में था, फर्श और दीवारों पर गंदगी जमा थी। बच्चों की कॉपियाँ खाली पड़ी थी।

स्कूल की इस दशा की देखकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूल प्रमुख को फटकार लगाई और चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं को दुरुस्त करें अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल में सफाई की बदतर स्थिति यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के प्रति स्कूल प्रशासन के असंवेदनशील रवैये को दर्शाती है जिसकी हमारी सरकार में कोई जगह नहीं है। शिक्षकों के बिना क्लासरूम में खाली बैठने को बच्चे मजबूर हैं। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर शिक्षा मंत्री ने पाया कि कुल 19 शिक्षकों में से 9 शिक्षक नदारद है। इस कारण बच्चे क्लासरूम में खाली बैठने को मजबूर थे। कई शिक्षक ऐसे थे जो लंबे समय से अनुपस्थित थे और स्कूल में बच्चों की उपस्थिति भी काफी कम थी।

क्लास रूम में निरीक्षण के दौरान जब शिक्षा मंत्री ने बच्चों की कॉपियाँ चेक की तो पाया कि कॉपियों ख़ाली पड़ी है और लंबे समय से उन्हें काम नहीं मिला है। स्कूल की इन समस्याओं को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने स्कूल इंचार्ज को फटकार लगाई और कहा कि एमसीडी स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चे आते है इसका ये मतलब नहीं की उन्हें बदहाल स्थिति में पढ़ने को मजबूर किया जाए।

# जौंती गांव से शहरीकृत गांवों को चमकाने की तैयारी

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजधानी में डीडीए की दिल्ली ग्रामोदय अभियान शुरु किया


ग्रामोदय अभियान की शुरू करते एलजी वीके सक्सेना।

### रहन सहन में सुधार के लिए देंगे सुविधाएं

दिल्ली ग्रामोदय अभियान के अंतर्गत राजधानी के शहरीकृत गांवों में रहन-सहन की स्थिति में सुधार करने के लिए जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अभियान के तहत ग्रामीणों से वहां के बुनियादी ढांचे, नागरिक सेवाओं, स्वास्थ्य और खेल सेवाओं, बागवानी और जल प्रबंधन की गुणवत्ता में बदलाव के लिए परामर्श कर, प्रत्येक गांव के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाएगी।

### 5 गांवों को मॉडल के रूप किया था विकसित

इससे पहले एलजी ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली में 5 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित करने का काम किया था, इनमें कुतुबगढ़, निजामपुर, रावता, देवराला और जौंती हैं। कुतुबगढ़ गांव को फरवरी, 2023 में एक आदर्श गांव के रूप में अपनाया था, जहां सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। यहां तालाबों का कायाकल्प, पार्कों, सामुदायिक केंद्रों, पंचायतघरों का नवीनीकरण आदि सुविधा शामिल हैं।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के शहरीकृत गांवों को चमकाने की तैयारी तेज हो गई है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के जौंती गांव से राजधानी के शहरीकृत गांवों के विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान दिल्ली ग्रामोदय अभियान शुरू किया है। केंद्र सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा वित्त पोषित और कार्यान्वित किए जाने वाले इस अभियान के लिए 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। जिसका उपयोग गांवों के बुनियादी ढांचे, आजीविका, पशुधन प्रबंधन, स्वास्थ्य देखभाल, भूमि का उचित उपयोग और जल प्रबंधन में किया जाएगा। इस मुहिम का मकसद अब तक उपेक्षित रहने वाले शहरीकृत गांवों के परिदृश्य और आजीविका में गुणात्मक परिवर्तन लाना है।

इस अभियान की शुरुआत जौंती गांव में 7 एकड़ जमीन पर दिल्ली के पहले चारागाह के निर्माण कार्य से की गई, जिसका उद्देश्य जौंती व आसपास के गांवों में लगभग 4000 पशुओं को चारा मुहैया करना और इलाके को अतिक्रमणमुक्त बनाना और गांव को हराभरा करना है।

चारागाह के करीब एक तालाब को भी एक सप्ताह के अंदर साफ कर इसको गहरा कर पुनर्जीवित किया जाएगा। चारागाह में एक वाटर चैनल होगा, जिससे बारिश के पानी को संजोने और भूजल स्तर में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी।

# सैनिक फार्म में तेंदुआ दिखने से दहशत

● वन अधिकारियों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए दो पिंजरे, दो दल किए गए तैनात


सैनिक फार्म इलाके में सीसीटीवी कैमरे में तेंदुए की फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में एक तेंदुआ देखा गया है। अधिकारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं।

वन विभाग (असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य) के एक क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि तेंदुए के लिए विभाग के दो दलों को तैनात किया गया है। कुमार ने कहा, हमें एक तेंदुए के संदर्भ में फोन आया जिसे रात में देखा गया था। स्थानीय पुलिस की मदद से हमने सुबह साढ़े नौ बजे तलाशी अभियान चलाया और उसे एक फार्महाउस के पास देखा गया।

उन्होंने कहा कि वन विभाग ने दो पिंजरे लगाए हैं और लोगों को उनसे दूर रहने के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर तेंदुए के दो वीडियो सामने आए हैं जिसमें जानवर को एक फार्महाउस के पास घूमते देखा जा सकता है। दूसरे वीडियो में तेंदुए को दीवार कूदकर जंगल में चले जाने से पहले एक पुलिसकर्मी को भागते हुए देखा जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि वन विभाग और दिल्ली पुलिस के कम से कम 40 कर्मियों को इलाके में तैनात किया गया है।

# यहां सुबह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए रात को ही अस्पताल पहुंचते हैं मरीज

अपनी बारी आने के लिए रात 8 बजे आना शुरू करते हैं

रात को 2 बजे, सुबह 4 बजे, 6 बजे तक मरीज आते रहते हैं

अल्ट्रासाउंड की 3 मशीनें 2 रेडियोलॉजी विभाग में और एक ओटी में लगी है



नागरिक अस्पताल में शनिवार की अलसुबह अल्ट्रासाउंड कराने वालों की लगी भीड़ व जमीन पर लाइन में रखे गए कार्ड।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**सपना** को अपना अल्ट्रासाउंड कराना था। इसके लिए वह अपने घर नाथूपुर से खाना और अपने बच्चे को साथ लेकर शुक्रवार की रात 8 बजे ही सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में पहुंच गई। एक रात पहले अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आना सपना का कोई शौक नहीं, बल्कि मजबूरी थी। क्योंकि उसे अल्ट्रासाउंड के लिए टोकन चाहिए था। सपना की तरह और भी अनेक मरीज अल्ट्रासाउंड के लिए रात को ही अस्पताल में आ जाते हैं।

अगर आप नागरिक अस्पताल में सुबह के समय रेडियोलॉजी विभाग के पास से गुजरते हैं तो आपको शीशे की दीवार के साथ-साथ सफेद और गुलाबी रंग के कार्ड जमीन पर रखे नजर आएंगे। गुलाबी रंग के कार्ड गर्भवती महिलाओं के होते हैं और सफेद रंग के कार्ड सामान्य मरीजों के होते हैं।

रात को ही मरीज अपने कार्ड लेकर अस्पताल पहुंच जाते हैं। जो भी मरीज पहले आता है वह अपना कार्ड गेट के बाहर रख देता है। बाद में आने वाले मरीज उसके पीछे अपने कार्ड रखते जाते हैं। कार्ड रखकर दरवाजे के सामने ही वे बाउंडरी पर बैठ जाते हैं। थक-हारकर मरीज व उनके तिमारदार वहीं फर्श पर ही सो जाते हैं। बीच-बीच में वे यह भी ध्यान रखते हैं कि कहीं उनका कार्ड किसी ने पीछे तो नहीं कर दिया। अल्ट्रासाउंड होने से पहले यह टेंशन बनी रहती है।

### अल्ट्रासाउंड के लिए बांटे जाते हैं 10-10 टोकन

**एक** या दो से अधिक बार में नंबर नहीं आने के बाद भी अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंचे लोगों ने कहा कि अल्ट्रासाउंड के लिए 10 टोकन गर्भवती महिलाओं को दिए जाते हैं और 10 टोकन सामान्य मरीजों को दिए जाते हैं। इन 10 टोकन में से अपने लिए टोकन पाने के लिए ही मरीजों को सुबह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए रात को ही अस्पताल में आना पड़ता है। रात 12 बजे के बाद अल्ट्रासाउंड कराने वालों की भीड़ बढ़ती जाती है। सुबह 5 बजे तक काफी मरीज डायग्रोस्टिक सेंटर के बाहर बैठे देखे जा सकते हैं। अपना ही अल्ट्रासाउंड कराने के लिए 8 बजे पहुंची सपना अपना बच्चा व खाना साथ लेकर आई। उसे हर हाल में इस बार अल्ट्रासाउंड कराना ही था। इसलिए उसने पहली रात को ही 8 बजे आना मुनासिब समझा। खांडसा से नरेश रात को 2 बजे अस्पताल पहुंचे और कार्ड लाइन में लगाया। उन्होंने बताया कि वे गुरुवार को भी अल्ट्रासाउंड के लिए आए थे, लेकिन नंबर नहीं आया। फरूखनगर से आई ज्योति का सुबह आना ना तो मुनासिब था और ना ही टोकन मिलता। इसलिए वह भी रात को अस्पताल आ गई थी। एक दिन पहले वह अल्ट्रासाउंड के लिए आई थी। उसे भी टोकन नहीं मिला। और भी कई मरीज व उनके तिमारदार थे, जो कि रात को या फिर देर रात को अल्ट्रासाउंड के लिए टोकन लेने पहुंचे।

### मेन पावर कम, वर्कलोड ज्यादा: डॉ. धनखड़

**अल्ट्रासाउंड** को लेकर मारामारी पर रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सुमित धनखड़ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में मात्र तीन मशीनें ही हैं। दो मशीनें रेडियोलॉजी विभाग में हैं और तीसरी ऑपरेशन थियेटर में। गर्भवती व सामान्य मरीजों, इमरजेंसी वार्ड, सामान्य वार्ड के मरीजों के अल्ट्रासाउंड के लिए दो ही मशीनें हैं। गुरुग्राम के अलावा पलवल, फरीदाबाद, नूंह जिलों से भी अल्ट्रासाउंड के लिए यहां आते हैं। क्योंकि इन जिलों में रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। चार जिलों के अल्ट्रासाउंड की वजह से मेडिको लीगल काम भी बढ़ जाता है। कोर्ट में गवाही के लिए जाना पड़ता है। डॉ. धनखड़ ने यह भी कहा कि पहले अल्ट्रासाउंड के लिए तारीख देने का सिस्टम किया गया था। इसमें गर्भवती महिलाओं की तारीख 6 महीने लंबी होने लगी, जबकि उनके अल्ट्रासाउंड तो समय से ही होने होते हैं। ऐसे में यह सिस्टम चल नहीं पाया। उसके बाद पहले आओ पहले अल्ट्रासाउंड कराओ का सिस्टम शुरू किया गया। डॉ. धनखड़ ने यह भी बताया कि काफी समय पहले सरकार की ओर से पीपीपी मोड में अल्ट्रासाउंड केंद्रों को संचालित करने के लिए आवेदन निकाले गए थे। किसी संस्थान ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई।

# कैनविन की प्रेरणा स्रोत माता अंगूरी देवी की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड पाठ


गुरुग्राम के गांव गाड़ोली खुर्द स्थित माधव गौसेवा धाम में माता अंगूरी देवी जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गऊओं को हरा चारा डालते गोयल परिवार के सदस्य।

माधव गौसेवा धाम गाड़ोली खुर्द में किया गया आयोजन

कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने माता अंगूरी देवी जी को अर्पित की पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कैनविन** फाउंडेशन की प्रेरणा स्रोत माता अंगूरी देवी जी की 5वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को माधव गौसेवा धाम गाड़ोली खुर्द में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। माता अंगूरी देवी जी को पुष्पांजलि अर्पित की।

माधव गौसेवा धाम गाड़ोली खुर्द में माताजी को नमन करते हुए पहले हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें कैनविन फाउंडेशन परिवार के साथ समाज के गणमान्य लोगों ने आहुति दी। माताजी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन जनसेवा के क्षेत्र में जो काम कर रहा है, इसके पीछे पूजनीय माता जी का सपना और प्रेरणा है। आज भले ही माताजी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी प्रेरणा और उनका आशीर्वाद हम सबके साथ है। माताजी ने चिकित्सा के क्षेत्र में ही काम करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उन्हीं के सपने से आज कैनविन एक पौधे से वट वृक्ष बनने की ओर अग्रसर है।

**नर सेवा नारायण सेवा का माताजी ने पढ़ाया पाठ:** नवीन गोयल कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि माताजी ने नर सेवा नारायण सेवा का पाठ परिवार को पढ़ाया है। पूरा परिवार उनके नक्शे कदम पर चलते हुए जनसेवा करता है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में सड़कों पर घूम रहे गौवंश को अगले 6 महीने में सड़कों से गौशाला में भेजा जाएगा। इसके लिए अलीपुर में गौशाला बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि हम सबको अपने बुजुर्गों से मिली सीख को अपने जीवन में जरूर ढालना चाहिए। परिवारों में एकता, भाईचारा बनाए रखना चाहिए। हर परिवार का बुजुर्ग अपने बच्चों से यही उम्मीद रखता है कि वे सदा एक होकर रहें। उनकी एकता उनकी मजबूती बने। हमारे समाज में हर व्यक्ति बुजुर्गों की इस सीख को जरूर माने, ताकि परिवार मजबूत रहें।

# विकसित भारत संकल्प-जनसंवाद यात्रा का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत


भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद अभियान के अंतर्गत सोहना खंड के गांव अभेपुर और गढ़ी वाजिदपुर में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी लेते सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तंवर।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में संचालित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद अभियान के अंतर्गत शनिवार को सोहना खंड के गांव अभेपुर और गढ़ी वाजिदपुर में आम जन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन दोनों गांवों में ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

गांव गढ़ी वाजिदपुर राजकीय विद्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक तेजपाल तंवर और गांव अभेपुर समारोह के दौरान राजकीय विद्यालय प्रांगण में भाजपा के प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। पूर्व विधायक तेजपाल तंवर ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों की शिकायतों का समाधान करना है। केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इसके लिए संबधित विभागों की स्टालें यहां लगाई गई हैं। आम जनता की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का जनसंवाद पोर्टल के द्वारा समाधान होगा। भाजपा के प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं जनसंवाद पोर्टल पर आई शिकायतों का अपनी निगरानी में निवारण करवाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दोनों गांवों में योजनाओं के योग्य पात्रों को मौके पर ही उनका लाभ दिया गया। गांव अभेपुर निवासी सावित्री ने बताया कि उसे इस सरकार में स्वत: वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। इसके लिए उसे कहीं अपने दस्तावेज जमा नहीं करवाने पड़े। गांव की बुजुर्ग महिला कला देवी ने बताया कि उसके परिवार में दो सदस्यों को आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त हुआ है। जिसके लिए वह हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करती हैं। गांव गढ़ी वाजिदपुर की कुछ महिलाओं ने बताया कि सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन और उसके साथ सिलेंडर, चूल्हा, रेगूलेटर, पाइप आदि निःशुल्क दे रही है। जो कि जरूरतमंद परिवारों के लिए काफी लाभदायक है।

**ड्रोन का किया गया प्रदर्शन :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की ओर से गढ़ी वाजिदपुर व अभेपुर के विद्यालय प्रांगण में खेतों में दवाईयों का छिडक़ाव करने के लिए ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। सरकार की योजना के अनुसार कृषि कार्य के लिए ड्रोन गांव के स्वयं सहायता समूह को 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जाएगा। इस ड्रोन के माध्यम से फसलों में नैनो यूरिया व नैनो डीएपी सहित अन्य दवाओं का छिडक़ाव किया जा सकता है।

# बचपन से खेलों में बच्चों को डालकर बनाएं मजबूत: सुंदर लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी पंचायत राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि बच्चों की बचपन से ही खेलों के प्रति रुचि बढ़ाएं। खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। शारीरिक रूप से बच्चे मजबूत होते हैं। यह बात उन्होंने कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल की वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में कही।


गुरुग्राम के कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि आज के समय में बच्चे प्राकृतिक रूप से खेलकूद से ज्यादा समय मोबाइल पर समय बिताते हैं। मोबाइल पर ही गेम खेलते हैं। यह ठीक है कि बच्चों को हर क्षेत्र में ट्रेंड होना चाहिए, लेकिन किसी भी चीज की लत बहुत बुरी होती है। मोबाइल से निकलने वाली रेडिएशन बच्चों को दिगामी रूप से कमजोर बनाती हैं। हम बच्चों को मोबाइल पर प्रतिभाशाली ना मनाकर सामान्य जीवन के कार्यों में मजबूत बनाएं। खेल सबसे बड़ा माध्यम है। स्कूल हो या घर हो, बच्चों की रुचि खेलों में बढ़ाएं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश में खेलों में भविष्य बनाया जा सकता है। बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हर स्तर पर सरकार, संस्थाएं सहायता करती हैं। खेलों में मेडल लाने वालों को सरकार मालामाल कर रही है। उन्होंने कहा कि मैदानी खेलों में मजबूत बनाकर हम अपनी अगली पीढ़ियों को बेहतर तैयार कर सकते हैं। खिलाड़ी हमारे देश की शान हैं।

हम सबने देखा है कि हमारे युवा किस तरह से हमारे देश, प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। गुरुग्राम से भी अनेक बच्चों ने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करके नाम कमाया है। उन्होंने कंगारू किड्स स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे समय-समय पर ऐसे खेलों के आयोजन कराते रहें। यह अच्छी बात है। बच्चे शुरू से ही खेल के मैदान में सक्रिय रहेंगे तो उन्हें मोबाइल के गेम जैसी लत से बाहर निकाला जा सकता है।

# ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवक खेलों में दिखा रहे हैं हुनर


हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर आए खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत।

**सोहना।** हाल ही में हिमाचल प्रदेश में हुई राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर लाए खिलाड़ियों को जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए हर प्रकार से मदद का आश्वासन दिया गया।

हाल ही में हिमाचल में राष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में दमदमा से अवनीश खटाना और अभयपुर से दीपक गोल्ड मेडल जीतकर आया है। अवनीश खटाना ने 1500 और 3000 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीते तथा अभयपुर निवासी दीपक ने 100 व 200 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीते। विजेता खिलाड़ी कांग्रेस नेता और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सतबीर पहलवान से उनके निवास स्थान सोहना में शनिवार को आर्शीवाद लेने पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सतबीर पहलवान ने बताया कि ग्रामीण अंचल में खेलों में युवा पीछे नहीं रह रहे हैं। यदि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। उनके खेल की पूरी सुविधा मिलने पर देश और विश्व के अंदर देश का नाम रोशन करने में पीछे नहीं रहेंगे। अवनीश और दीपक की तरफ से अन्य युवा भी गोल्ड मेडल जीतने का दम रखते हैं। इस अवसर पर समाज सेवी नरेंद्र, मनदीप खटाना आदि मौजूद थे।

# राष्ट्र की मजबूती के लिए हिसार में युवा सम्मेलन आज : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जीजेयू हिसार में आयोजित किया जा रहा है युवा सम्मेलन

**राष्ट्रीय** सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज के सानिध्य में महासंघ की ओर से रविवार को 3 दिसंबर को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में होने जा रहे युवा सम्मेलन में गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा से युवा शिरकत करेंगे। इसकी तैयारियों के लिए भी स्वयं युवाओं ने ही मोर्चा संभाला है।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सह-संयोजक नवीन गोयल के मुताबिक इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अध्यक्षता नगर निगम हिसार के मेयर गौतम सरदाना करेंगे। नवीन गोयल ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज जी की ओर से पांच मुख्य उद्देश्यों को लेकर राष्ट्रीय सनातन महासंघ स्थापित किया गया है, ये उद्देश्य हैं-देश भक्ति, नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, जरूरतमंदों की सेवा व दृढ़ अनुशासन। इन्हीं उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश ही नहीं देश के युवाओं को महासंघ से जोड़ा जाएगा, ताकि युवा देश और समाज की सेवा में अपना योगदान दे सकें। यह महासंघ एक तरह से संस्कारों की शाला होगा। इसमें युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर महासंघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नवीन गोयल ने कहा कि हिसार में हो रहे सम्मेलन में प्रदेशभर से 36 बिरादरी के युवाओं की भागीदारी होगी।

**युवाओं के लिए ऐतिहासिक होगा यह कार्यक्रम: सतीश ग्रोवर**

समाजसेवी सतीश ग्रोवर ने कहा कि युवाओं के लिए यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। युवाओं को सही दिशा देने के साथ उनका संतों के द्वारा मार्गदर्शन अपने आप में खास होगा। यह सिर्फ एक सम्मेलन नहीं है, हमारी युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा, शिक्षा और संस्कार देने का आयोजन है।


नवीन गोयल।

हम सबकी भागीदारी इस कार्यक्रम को और भव्य बनाएगी। नवीन गोयल ने बताया कि इस सम्मेलन की कामयाबी के लिए राकेश तंवर, सचिन, कपिल, हेमंत, देओशांत, दक्ष, मयंक गांधी, धीरक, धनराज, कनिष्क, रोहित, कार्तिक, सुधांश, राहुल, सुशैन, अभिषेक, बलराम, सुनील राव, राकेश तंवर, विनय, मनीष ज्योति पार्क, ललित, अभिषेक, हेमांक, हार्दिक, विवेक, जगदीप, बलराम, विशेष, ईशु, संदीप भारद्वाज, राकेश, सचिन, जगमोहन, मानू, चेतन, अर्पित, मुकुल हुड्डा, अर्पित, मोनू, देव, हिमांशु, निशांत, शालिन आदि युवाओं ने मोर्चा संभाला है। सभी युवा तैयारियों को बारीकी से कर रहे हैं।

**उमेश अग्रवाल का आम आदमी पार्टी व सामाजिक संगठनों से इस्तीफा :** गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सहित सभी सामाजिक संगठनों से तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने शनिवार देर शाम जारी बयान में कहा कि पारिवारिक कारणों के चलते उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव से पद इस्तीफा दे दिया है। वे पार्टी के साधारण सदस्य के रूप में काम करते रहेंगे।

# शिक्षा और संस्कारों का समावेश है नई शिक्षा नीति : विधायक सिंगला

पांचवी कक्षा तक शिक्षा मातृभाषा या फिर क्षेत्रीय भाषा में होगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि देश में शिक्षा पद्धति में परिवर्तन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शोध के बाद तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों में सिर्फ शिक्षा ही नहीं, संस्कारों का भी सृजन करेगी।

इस नीति को अपनाकर शिक्षण संस्थान देश की भावी पीढ़ी को और बेहतरी से तैयार करें। यह बात उन्होंने विकास पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में कही। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर यशपाल बतरा, मनीष वजीराबाद पार्षद, विवेक अदलखा, रजनी अदलखा, विनोद यादव, श्याम प्रजापति, आरपी सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाएगा। पहले 10+2 का पैटर्न फॉलो किया जाता था। अब नई शिक्षा पॉलिसी में 5+3+3+4 का पैटर्न फॉलो किया जाएगा। जिसमें 12 साल की स्कूली शिक्षा होगी और 3 साल की प्री स्कूली शिक्षा होगी।

छठी कक्षा से व्यवसायिक परीक्षण इंटर्नशिप शुरू कर दी जाएगी, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के लिए भी तैयार हो सकें। एनईपी की विशेषता यह भी है कि पांचवी कक्षा तक शिक्षा मातृ भाषा या फिर क्षेत्रीय भाषा में प्रदान की जाएगी। बच्चों को किसी तरह की पढ़ाई में दिक्कत नहीं आएगी। पढ़ाई आसान हो जाएगी। कक्षा पहली से बच्चों को दो से तीन भाषाएं सिखाई जाएंगी। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि 21वीं सदी में कुछ नये प्रयोग किए जाएं। उन्होंने निजी शिक्षण संस्थानों से कहा कि वे शिक्षा को पेशा नहीं सेवा मानकर चलें। उनके स्कूलों में भी देश का भविष्य तैयार होता है। शिक्षा बेहतर देना तो सही है, लेकिन गरीब बच्चों की आर्थिक मदद भी करें। पढ़ाई में होशियार बच्चों को विशेष मदद दें, ताकि वे भी अपने टैलेंट से आगे बढ़ सकें।

# पुन्हाना में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

**पुन्हाना। क्षेत्र** में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बिक्री का धंधा चल रहा है, इसी कड़ी में बिछौर थाना पुलिस ने मुखबिर की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव नई मे अवैध शराब बेचने वाले एक युवक के ठिकाने पर छापा मारा तो आरोपी पुलिस को देख भागने मे कामयाब हुआ।

पुलिस की इस छापेमारी में मात्र 30 अवैध शराब के पव्वे तथा 6 बीयर बरामद की। इलाके में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध शराब बिक्री को रोकने में असफल पुलिस हर बार छोटी कार्रवाई करके खानापूर्ति कर लेती है, लेकिन कभी भी बड़े माफियाओं पर हाथ नहीं डालती, जिससे अवैध शराब माफियाओ के हौसले बुलंद है, और बड़े स्तर पर शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। जांच अधिकारी विजयपाल ने बताया कि पुलिस की एक टीम नई गांव में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मौजूद थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी की राहुल निवासी नई अपने घर के सामने प्लास्टिक के कट्टे में भरकर अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो आरोपी पुलिस टीम को देखकर भाग निकला। पुलिस ने मौके से बरामद प्लास्टिक के कट्टे से 30 देशी शराब के पव्वे सहित 7 बीयर की बोतल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक संदिग्ध हालत में घर लापता

**सोहना।** सोहना के सेक्टर -5 के टावर 7 में रहने वाला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। लापता युवक के चाचा ने भोंडसी थाना में लापता हुआ भतीजे की शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका 20 वर्षीय भतीजा दीपक उसके ही पास रहता है। दीपक 29 नवंबर की सुबह घर से उन्हे कुछ बताएं चला गया।

# इंटरनेशनल हार्डवेयर फेयर - भारत के हैंड एवं पावर टूल उद्योग का 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**इंटरनेशनल** हार्डवेयर फेयर इंडिया (एचआईएफ इंडिया) की नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भव्य शुरुआत हुई, इसी के साथ भारत में हार्डवेयर उद्योग का नया दौर शुरू हुआ है। कोलनमैस्से प्रा. लिमिटेड द्वारा आयोजित पहला संस्कण दुनिया की सबसे बड़ी हार्डवेयर टूल एवं एक्सेसरी प्रदर्शनी है, जो हार्डवेयर उद्योग को नई गति प्रदान करेगी।

इंटरनेशनल हार्डवेयर फेयर इंडिया हार्डवेयर कम्युनिटी के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। उद्योग जगत के दिग्गज, अग्रणी निर्माता, खरीदार, नीतिनिर्माता और हितधारक इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रदर्शनी ने पूरे हार्डवेयर समुदाय को पेशेवर मंच उपलब्ध कराया है। 200 से अधिक इंटरनेशनल प्रदर्शकों और 7000 से अधिक खरीदारों के साथ आईएचएफ दुनिया भर से आधुनिक प्रोडक्ट्स और समाधान लेकर आया है। भारत, ताईवान, जर्मनी, चीन, तुर्की, कोरिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन, आरके राय, डायरेक्टर- ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिश्नर, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, अरूण कुमार, गरोडिया, चेयरमैन, इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल ऑफ इंडिया और मिलिंद दीक्षित- मैनेजिंग डायरेक्टर, कोलनमैस्से प्रा. लिमिटेड तथा उद्योग जगत के अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में किया गया। मिलिंद दीक्षित, मैनेजिंग डायरेक्टर, कोलनमैस्से प्रा. लिमिटेड ने कहा ''भारत ने 2030 तक मैनुफैक्चरिंग सेक्टर को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है; यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि आर्थिक विकास एवं ओद्योगिक प्रगति की दिशा में देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सेक्टर 2020 से 2030 के बीच 11 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ेगा। हैंड टूल्स एवं पावर टूल्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत के मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के बारे में बात करते हुए आरके राय, डायरेक्टर, ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिशनर ने कहा, ''2022 में हैंड टूल्स का बाज़ार 342.8 मिलियन डॉलर था जिसके 4.3 फीसदी की दर से बढ़कर 2029 तक 416.2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# एसपीएस इंटरनेशनल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**पलवल।** हुडा सेक्टर दो स्थित एसपीएस इंटरनेशनल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से नौवीं एवं 11वीं के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को चार वर्गों में बांटा गया था। पहले वर्ग में कक्षा तीसरी से पांचवीं के छात्र, दूसरे वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तथा तीसरे वर्ग में कक्षा नौवीं एवं चौथे वर्ग में ग्यारहवीं के छात्र शामिल थे। इस प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग में पटेल हाउस के छात्रों ने जीत दर्ज की। वहीं द्वितीय वर्ग में पटेल हाउस, तीसरे वर्ग में विवेकानंद तथा चौथे वर्ग में भी पटेल हाउस के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जिसने साबित कर दिया कि विद्यार्थियों में आपार प्रतिभाएं छुपी हुईं हैं, जिनको इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर, प्रधानाचार्या ममता छाबड़ी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विज्ञान विभाग के सभी अध्यापकों को बधाई दी।

# वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति को सराहा

## सेंट कोलंबस ग्लोबल स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद ने मनाया पांचवां वार्षिक उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेंट** कोलंबस ग्लोबल स्कूल में पांचवां वार्षिक उत्सव कोलंबियन फेलिसिटी बड़े धूमधाम के साथ मनाया। वार्षिक दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ओपी नरवाल ज्वाइंट कमिश्नर फरीदाबाद पुलिस, पुरम एडिशनल डायरेक्टर ऑफ एजूकेशन दिल्ली के साथ स्कूल के बोर्ड सदस्यों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस समारोह में सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम शाम पांच बजे प्रधानाचार्या और विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ आरंभ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धा में स्कूल का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। किंडरगार्टन से कक्षा पांच तक के छात्रों ने अपने सुंदर नृत्य और जागरूकता भरे संदेश से सभी को भावविभोर कर दिया। इसके उपरांत दूसरे भाग की शुरुआत हुई और मुख्य सचिव को इस शुभ अवसर पर कुछ शब्द बोलने को कहा गया। उनका भाषण अत्यंत ओजपूर्ण व उत्साह वर्धक था।

उसके तुरंत बाद छात्रों द्वारा तुलसीदास जी द्वारा रचित प्रसिद्ध हनुमान चालीसा पर भाव विभोर कर देने वाली नृत्य प्रस्तुति दी गई। जिसको देखकर वहां उपस्थित सभी भाव विभोर हो गए और पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। कक्षा नौवीं की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करते हुए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर स्कूल में उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद कक्षा आठवीं की छात्र-छात्राओं द्वारा वीरता और देशभक्ति की मिसाल वीर शिवाजी की आनंदित कर देने वाली प्रस्तुति हुई।

इस मनमोहक प्रस्तुति को दर्शकों से खड़े होकर तालियां और बहुत प्रशंसा मिली। इसके बाद स्कूल के छात्रों ने प्रसिद्ध पंजाबी नृत्य भांगड़ा प्रस्तुत किया। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध करके थिरकने पर मजबूर कर दिया। माता-पिता मंच पर प्रस्तुति दे रहे अपने बच्चों का उत्साह बढ़ाते रहे। छात्रों द्वारा तीन घंटे के शानदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सरकार दे रही है योजनाओं का लाभ : एडीसी

## ग्रामीणों को दी गई जनहितैषी योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एडीसी** आनंद शर्मा ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मोदी-मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। आनंद शर्मा ने गांव लालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

एडीसी ने बताया कि जहां-जहां यह मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जाएगी, वहां प्रसाशन द्वारा सभी विभागों के स्टाल भी स्थापित किए जाएंगे। मोदी सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हेल्थ कैंप, आयुष्मान/चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना और किसानों को जागरूक करने के लिए विभिन्न सेवाएं लोगों के द्वार तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेगी। जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि सरकार आपके द्वार आकर वहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवा रही है। आमजन के लिए परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान/चिरायु कार्ड, पेंशन आदि से संबंधी जो कार्य हैं या किसी प्रकार की त्रुटियां है, उनको ठीक करने के लिए भी डेस्क लगाए गए। जिससे ग्राम वासियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया और नमो दीदी ड्रोन ग्रामवासियों को उड़ाकर दिखाया गया। महिलाएं भी अब खेती में ड्रोन का उपयोग खाद छिड़काव आदि कार्यों में कर सकेंगी। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

# सेक्टर 21-ए में लगे गंदगी के ढेर, लोग परेशान



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में कई काफी दिनों से कूड़ा और गंदगी पसरी रहने से निवासियों में निराशा बनी हुई है। नगर निगम प्रशासन, ईको ग्रीन कंपनी एवं रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की संदेहास्पद कार्यशैली से लोगों में रोष व्याप्त है।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम के प्रतिनिधि ठेकेदार माली बिजली तारों के आसपास पेड़ पौधों की कटाई छंटाई बड़े ही बेहूदा ढंग से करके टहनियों को इधर उधर पटक कर छोड़ देते हैं। लिहाजा सेक्टर में आवारा पशु गंदगी में मुंह मार रहे होते हैं। सेक्टर 21-ए की डब्ल्यूसीआरए के उपप्रधान जीतराम वशिष्ठ के अनुसार गार्डन वेस्ट के उठान की जिम्मेवारी मेवला महाराजपुर के रवि ठेकेदार को दे रखी है। किंतु युगल किशोर शर्मा, रामबीर भड़ाना ने बताया कि कूड़े का समय पर उठान नहीं होने से लोगों का मूड ऑफ रहता है।

प्रशासन के स्वच्छता अभियान तथा हरित हरियाणा-स्वच्छ हरियाणा की जुमलेबाजी से लोग खफा हैं। निवासियों का कहना है कि प्रशासन एवं ठेकेदार से तालमेल बिठाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना डब्ल्यूसीआरए का आवश्यक दायितव है, जिसे पदाधिकारी पूर्ण करें।

# डीएम कार्डियोलॉजी में चयन होने पर डॉ. दीपक का हुआ सम्मान



**पलवल।** श्याम नगर निवासी डॉ. दीपक अग्रवाल का चयन डीएम कार्डियोलॉजी में किया गया है। उनकी इस उपलब्धि में परिवार में खुशी का माहौल है। डॉ. दीपक ने ऐम्स दिल्ली व अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से सरकारी मेरिट सीट पर एमबीबीएस-एमडी मेडिसिन की पढ़ाई की है। फिलहाल वे उत्तर प्रदेश सरकार के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब उनका चयन डीएम कार्डियोलॉजी के लिए हुआ है। शनिवार को डॉ. दीपक अग्रवाल का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया। डॉ. अग्रवाल ने कई सरकारी स्कूल में जाकर विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। शनिवार को डॉ. दीपक के लिए पलवल व्यापार मंडल, मंगला उद्योग परिवार के अलावा जिला बार एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किए गए। इस दौरान व्यापारी नेता संदीप गोयल, दीपक गोयल व वकीलों ने फूलमाला पहनाकर डॉ. दीपक का स्वागत किया। इनके अलावा सरकारी स्कूल हुडा सेक्टर दो, आमरू व धतीर मॉडल संस्कृति स्कूल में उनका स्वागत हुआ। स्कूल में डॉ. दीपक ने विद्यार्थियों को जागरूक भी किया। डॉ. दीपक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में दिल के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वे डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने का काम करेंगे। वे शुरू से ही हिंदी मीडियम से पढ़े हैं। वे बच्चे भी हर मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# महिला गिरोह ने ज्वैलरी शोरूम से लाखों के जेवर उड़ाए

**फरीदाबाद।** चार महिलाओं की गैंग ने सुभाष कॉलोनी स्थित महेश जेवर महल की दुकान से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। चोरी की घटना दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुभाष कॉलोनी निवासी मोहित गोयल ने बताया कि उनकी महेश जेवर महल के नाम से ज्वेलरी की दुकान है। 29 नवंबर को वह अपने गांव होडल गए हुए थे। दुकान पर उनकी पत्नी मुस्कान व उनका छोटा साला ध्रुव मौजूद थे। तभी चार बजे दो औरतें सामान देखने के लिए आईं। दोनों महिलाओं ने चांदी की पायल को पसंद कर लिया। पायल में महिलाओं ने घुंघरू लगाने को कहा। उनकी पत्नी मुस्कान घुंघरू लगाने का कार्य करने लगी। तभी दो और महिलाएं भी आ गईं, जोकि दुकान के अंदर आते ही कहने लगीं कि जल्दी-जल्दी उनको सोने के जेवर दिखाओ। जिस पर उनके साले महिलाओं को सोने का सामान दिखाने लगे।

# आईटीआई पलवल में लगे शिक्षुता व रोजगार मेले में 41 छात्र हुए शॉर्ट लिस्ट

## छह छात्रों को दिया मौके पर ही नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**कौशल** विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के आदेश अनुसार हरियाणा राज्य की राजकीय आईटीआई में छात्रों को अधिक से अधिक शिक्षुता एवं रोजगार दिलाने के लिए शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई पलवल में किया गया।

इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में पलवल के औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों ने भाग लिया। जिनमें मुख्यत: शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला, वीजी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पृथला, टोकाई इंपिरियल रबर प्राइवेट लिमिटेड पृथला, ट्रैकटेल टिरफेल प्राइवेट लिमिटेड पृथला, स्वर्ण इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड मीतरोल, ओम एंटरप्राइजेज बघोला, इत्यादि शामिल रहे। प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल भगत सिंह ने बताया है कि इस शिक्षुता एवं रोजगार मेले में 75 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लेकर 41 आईटीआई पास छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनको उद्योगों में आने का समय दिया गया। इनमें से छह छात्रों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया।

जिन उद्योगों ने छात्रों को शॉर्ट लिस्ट किया उनमें शिवानी लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने 10, स्वर्ण इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड मीतरोल ने आठ, टोकाई रबर इंपीरियल प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने पांच, वीजी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने आठ, ओम एंटरप्राइजेज बघोला ने सात, ट्रेकटेल ट्रीफर प्राइवेट लिमिटेड पृथला ने तीन आईटीआई पास शुदा छात्र-छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया।

> **सरकार** एवं निदेशालय के आदेश अनुसार आईटीआई पलवल में शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। ताकि ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पास शुदा छात्र छात्राओं को रोजगार एवं शिक्षुता पर लगाया जा सके।
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**

# हथीन विधानसभा क्षेत्र का हुआ है चौतरफा विकास : प्रवीण डागर

## विधायक ने क्षेत्र में विभिन्न नई सड़कों का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**विधायक** प्रवीण डागर ने हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निर्मित की जाने वाली विभिन्न तीन नई सड़कों गांव कानौली से जीता खेड़ली, गांव स्वामीका से ब्राह्मण खेड़ली, गांव घुडावली से मालूका तक व गांव गहलब से औरंगाबाद तक लोक निर्माण विभाग की सड़क के नवीनीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया।

विधायक प्रवीण डागर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से हथीन विधानसभा की तीन नई सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। जिनमें कानौली से जीता खेड़ली तक लगभग 32 लाख रुपए, गांव स्वामीका से खेड़ली ब्राह्मण तक लगभग 77 लाख रुपये व गांव घुडावली से मालूका तक एक करोड़ 15 लाख रुपये की लागत व गहलब से औरंगाबाद पीडब्ल्यूडी सड़क पर एक करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से 18 फुट चौड़ीकरण व नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

हथीन विधानसभा क्षेत्र में इन चार वर्षों में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड की 10 नई सड़कों का निर्माण व लगभग 25 करोड़ की लागत से 10 पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़कों का निर्माण, जिनसे क्षेत्र के लगभग 50 गांवों को आपस में जोड़ा गया है। इसके अलावा 60 करोड़ की लागत से हथीन शहर का बाईपास का निर्माण व लगभग 80 करोड़ की लागत से पलवल वाया हथीन उटावड़ मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य पूरा कराया गया है। लगभग 25 करोड़ की लागत से हथीन क्षेत्र की पीडब्ल्यूडी की सड़कों का नवीनीकरण व चौड़ीकरण कराया गया है। पलवल से नूंह स्टेट हाइवे नंबर-13 के चार लेन होने के लिए 138 करोड़ रुपये मंजूर हो चुके हैं, जोकि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। हथीन क्षेत्र के गांव मंडकौला को दिल्ली मुंबई ग्रीन एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है, जिस सड़क कार्य के टेंडर जारी हो चुके अगले पांच माह में हथीन भारत देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएगा, जिससे क्षेत्र का औद्योगिक विकास का रास्ता खुलेगा, किसान व युवा खुशहाल होंगे। हरियाणा विपणन बोर्ड की पांच और अन्य नई सड़कें मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सहयोग से मंजूर कराई गई हैं, जिनका निर्माण नए साल में करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हथीन विधानसभा क्षेत्र का चौतरफा विकास हुआ है, लगभग 20 करोड़ की लागत से खेत-खलिहान के रास्ते पक्के करवाए जा रहे हैं, जिससे किसानों को खासा लाभ मिलेगा। हथीन में छह करोड़ की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। किसानों के लिए सिंचाई के पानी की आपूर्ति, सेम से निजात, 70 करोड़ की लागत से दो नए 66 केवी बिजली घर का निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य व मंडकौला में मंडी निर्माण के कार्य इन्हीं चार वर्ष के कार्यकाल में कराए जा रहे हैं। पहली सरकारों ने इस क्षेत्र को पिछड़ा रखने की मानसिकता रखी तथा अपने निजी हितों तक सीमित रहकर यहां कोई विकास कार्य नहीं किया और न ही होने दिया। विकास के लिए धनराशि की आगे भी कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाएं : डीसी



**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल व समन्वय के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में कार्य करें। डीसी नेहा सिंह जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के साथ विभाग समय से पूर्व मौके पर मौजूद रहकर अपनी-अपनी स्टाल लगाना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की देरी के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। यात्रा के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी प्रॉपर तरीके से लगाई जाए। इस दौरान स्वामित्व योजना का स्टॉल लगाकर, संबंधित आपत्तियों को दूर करने के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएं, ताकि ग्रामीणों तक इसका लाभ सुनिश्चित किया जा सके। एलईडी वैन का क्रियान्वयन दिन-प्रतिदिन सुचारू रूप से चेक किया जाए। यात्रा का प्रतिदिन का प्रगति विवरण कार्यक्रम के साथ-साथ ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जा सकती हैं। डीसी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ देना भी सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नागरिकों की समस्याएं भी सुनें और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करना सुनिश्चित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## लाल डोरा के प्रॉपर्टी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक चलेगा अभियान



**पलवल।** गांव-मोहल्ले में यह जो ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं, वह भारत के गांव को नई उड़ान देने वाले हैं। स्वामित्व योजना केवल कानूनी दस्तावेज देने की ही योजना नहीं है, अपितु यह आधुनिक टेक्नोलॉजी से देश के गांवों में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से प्रदेश के सभी लाल डोरा के अंतर्गत आने वाले प्रॉपर्टी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलेगा। जिसके तहत स्वामित्व पोर्टल पर संपत्ति का डाटा स्वयं सत्यापित करने और त्रुटि के निवारण करने के लिए अब आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि लाल डोरा में स्थित किसी व्यक्ति के मकान का संपत्ति कार्ड उन्हें नहीं मिला है अथवा पोर्टल पर विवरण उपलब्ध नहीं है, तो वह संबंधित व्यक्ति अपने नाम, मोबाइल अथवा फोन नंबर, पूर्ण पता एवं विवरण सहित ई-मेल कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभाग की वेबपोर्टल पर विजिट कर सकते हैं और क्यूआर कोड भी स्कैन कर सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला पलवल के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के स्वामित्व योजना के सभी लाभार्थियों से इस योजना का समय रहते लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## सीएम ने दिया किसान को मुआवजा देने का आदेश

**फरीदाबाद।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही के कारण किसान की दस एकड़ फसल बर्बाद हो गई। बुधवार को मामला सीएम के दरबार पहुंचा। किसान ने एनएचएआई को जिम्मेदार बताते हुए मुआवजे की मांग रखी। सीएम ने मुआवजा राशि को निर्धारित कर राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि से किसान को मुआवजा देने का आदेश दिया है। किसान दीप किशोर ने अपनी फसल की बर्बादी के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दोषी मानते हुए मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की थी। दीप किशोर ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव मोहला में वह करीब 130 कनाल जमीन पर खेतीबाड़ी का काम करता है। जिसमें से उसने 8 एकड़ जमीन पर आलू एवं 2.5 एकड़ में गेहूं की फसल बोई थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने खेतों के पास बनाए गए रजवाहे को अंडरपास बनाने के चक्कर में तोड़ दिया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नाला तो बना दिया, लेकिन रजवाहे को कच्चा छोड़ दिया गया। सिंचाई विभाग ने जब नहर में पानी छोड़ा तो दीप किशोर के खेतों में पानी भर गया और उसकी फसल बर्बाद हो गई। दीप किशोर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए सीएम से शिकायत की। मुख्यमंत्री ने परिवादी की शिकायत सुनने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जिम्मेदार माना। उन्होंने जिला उपायुक्त को दीप किशोर की बर्बाद हुई फसल का आकलन करवाकर राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि से मुआवजा राशि भुगतान करने का आदेश जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी सूरत में किसानों की फसल बर्बाद होने पर मुआवजा राशि का भुगतान करती आई है। वजह, चाहे कुछ भी हो किसानों का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

## स्वस्थ रहने के लिए अच्छी आदतों को दिनचर्या में लाएं



**फरीदाबाद।** एमवीएन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय में हेल्थ, सेफ्टी, फायर, एनवायरनमेंट, एलाइड साइंसेज और सस्टेनेबिलिटी पर हुई अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने वहां पर उपस्थित सभी गणमान्य को स्वास्थ्य के बारे में संबोधित करते हुए कहा की पहला सुख निरोगी काया अर्थात दुनिया का पहला सुख हमारा स्वस्थ होना है और इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें अच्छी आदतों जैसे निरंतर शारीरिक व्यायाम करना, पौष्टिक खाना जैसे फल, सलाद, सब्जियों का अधिक सेवन, ज्यादा से ज्यादा पानी पीना को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने आज के समय में बढ़ती हुई बीमारियों के बारे में भी प्रकाश डाला और कहा कि इन बीमारियों का मुख्य कारण जंक फूड जैसे बर्गर, मोमोज, चाउमीन इत्यादि हैं, हमें उनसे बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें मोबाइल फोन का भी कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि वो भी बीमारियों को बढ़ाने में सहायक हैं। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार के निमंत्रण विश्वविद्यालय को एक पहचान देते हैं।

## सीएम फ्लाइंग की राशन डिपो पर रेड



**फरीदाबाद।** सीएम फ्लाइंग टीम ने टीकरी खेड़ा गांव में राशन डिपो पर रेड की। टीम को शिकायत मिली थी कि यहां कार्ड धारक को राशन न देकर गड़बड़ी की जा रही है। चेकिंग के दौरान यहां स्टॉक भी पूरा नहीं मिला। शनिवार को सीएम फ्लाइंग के महेंद्र सिंह और सतीश कुमार द्वारा खाद्य आपूर्ति विभाग के एसआई सत्यनारायण के साथ रोशन डिपो पर रेड की गई। राशन डिपो धारिका का ससुर मिला। संयुक्त टीम द्वारा राशन डिपो केंद्र का भौतिक निरीक्षण पर पाया कि राशन डिपो को मशीन नंबर एफपीएस आईडी 108800400210 अलॉट है और इसके साथ बिजोपुर व फतेहपुर तगा गांवों की राशन सप्लाई अटैच की हुई थी। तीनों गांव के स्टॉक का भौतिक निरीक्षण पर ऑनलाइन रिकॉर्ड अनुसार केवल सरसों का तेल 994 लीटर ज्यादा पाया गया है। जिसके बाद थाना धौज में राशन डिपो धारिका के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

## केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित



**पलवल।** रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे कई महत्वपूर्ण चीजें अनजाने ही सीख जाते हैं। जब बच्चे सोचते हैं तो उनका संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और मानसिक कौशल विकसित होता है। इस प्रकार वे चिंतन के माध्यम से अपने मनोभावों को व्यवहारिक रूप प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना था। इसमें ग्रेड-6 से ग्रेड-8 के सभी विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। जीके क्विज प्रतियोगिता चार चरण में आयोजित की गई थी। प्रथम और द्वितीय चरण में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया, तृतीय चरण रमन हाउस और आइंस्टीन हाउस के बीच आयोजित किया गया। अंतिम चरण में रमन हाउस ने सफलता प्राप्त की। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपनी समझ के अनुसार प्रश्नों के उत्तर देने का अवसर प्रदान किया गया। इससे विद्यार्थियों की तार्किक समझ को बढ़ावा मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने बताया कि सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियां छात्रों में सामाजिक कौशल, बौद्धिक कौशल, नैतिक मूल्य, व्यक्तित्व में प्रगति के लिए हैं। यह बच्चों में नेतृत्व और पारस्परिक कौशल विकसित करने का एक उत्कृष्ट तरीका है। प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और जिन विद्यार्थियों ने वैदिक मैथ में सफलता प्राप्त की, उन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व मेडल द्वारा सम्मानित किया व निरंतर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है व उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

# सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की जांच में देरी पर हाईकोर्ट चिंतित



## राज्य सरकार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी गठित करने का निर्देश

## तीन माह अधिकतम छह माह में विवेचना की गाइडलाइंस पेश करने का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्राम विकास गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार गारंटी की योजना मनरेगा के तहत अमृत सरोवर निर्माण में अधिकारियों के भ्रष्टाचार की जांच में देरी पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा है कि अधिकारियों की जांच में देरी होने से विभागीय कार्य बुरी तरह से प्रभावित होता है। साक्ष्य नष्ट होने के कारण जवाबदेही तय न हो पाने से लोगों का व्यवस्था से विश्वास का क्षरण होता है। साथ ही पीड़ित के साथ अन्याय होता है और सरकारी खर्च बढ़ता है। तकनीकी खामियों का लाभ भ्रष्ट अधिकारी उठाते हैं और अपराध की पुनरावृत्ति होती है। कोर्ट ने कहा भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच की समय सीमा तय नहीं होने से कानून के शासन कमजोर होता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। साथ ही सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की जांच की गाइडलाइंस तैयार कर महानिबंधक के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कमेटी को तीन माह में अधिकतम छह माह में अपनी रिपोर्ट पेश करने का समय दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति वी के बिड़ला तथा न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने जौनपुर के प्यारेपुर की ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारियों की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। मनीष कुमार सिंह पुष्पा निषाद विनोद कुमार सरोज व जवाहरलाल ने अमृत सरोवर निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत के साथ सुजानगंज थाने में दर्ज एफआईआर को रद करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी।

कोर्ट ने कहा है कि जिला जोन और राज्य स्तर पर दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। कोर्ट ने प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरों पुलिस अधीक्षकों को सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की दर्ज एफआईआर की विवेचना ब्यौरे के साथ सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया है और कहा है कि सरकारी अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष त्वरित विवेचना में विफल पुलिस अधिकारियों को कुछ समय के लिए थाना या पुलिस चौकी इंचार्ज बनने से रोका जाए। कोर्ट ने कहा यदि आरोप साबित नहीं होता तो पुलिस कमिश्नर पुलिस अधीक्षक अपनी संतुष्टि दर्ज कर फाइनल रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट ने याचियों के खिलाफविवेचना शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि 21 अगस्त 23 को बी डी ओ सुजानगंज ने प्रोजेक्ट निदेशक की तीन सदस्यीय कमेटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कराई। रिपोर्ट में अधिकारियों की मिलीभगत से अमृत सरोवर निर्माण में 1557790 रूपये के घपले का आरोप की पुष्टि की गई है। जिस पर दर्ज प्राथमिकी की पुलिस विवेचना में देरी की जा रही है।? घपले में ग्राम सचिव ग्राम प्रधान सहायक प्रोग्राम अधिकारी लेखाकार रोजगार सेवक लिप्त पाए गए हैं। याचियों का कहना था कि प्रारंभिक जांच 24 घंटे में पूरी कर ली गई। कारण बताओ नोटिस नहीं दी गई। कमेटी की रिपोर्ट पर एक सदस्य के हस्ताक्षर नहीं है। याचियों के खिलाफ कोई केस नहीं बनता।उन्हें फंसाया गया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के हवाले से कहा कि अनुच्छेद 21 स्पीडी ट्रायल का नागरिकों को अधिकार देता है। जिसमें निष्पक्ष व समय बद्ध शीघ्र विवेचना भी शामिल हैं। इसलिए सरकारी विभागों के खिलाफ आपराधिक मामलों खासतौर पर भ्रष्टाचार की नियत समय के भीतर जांच पूरी करने की गाइड लाइंस तैयार की जाए।

## अधिवक्ताओं को छद्म पैरोकारों से बचने की जरूरतः हाईकोर्ट

### जारी किए दिशा निर्देश, बार एसोसिएशन और एडवोकट्स एसोसिएशन से मांगे सुझाव

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अधिवक्ताओं को छद्म पैरोकारों से बचने की जरूरत है। कोर्ट ने कुछ दिशानिर्देश जारी किए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और एड्वोकेटस एसोसिएशन के सचिवों से सुझाव रखने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने बिजनौर के ब्रजपाल की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। बिजनौर के नेहतौर थाने में दुष्कर्म के आरोप में प्राथमिकी दर्ज है। जिस पर पहले अधिवक्ता अमित राय पक्ष रख रहे थे। बाद में अधिवक्ता सोनू मलिक ने याची के मित्र पैरोकार मनप्रीत का हलफनामा दाखिल किया। लेकिन अधिवक्ता अमित राय की अनापत्ति नहीं ली गई। यह तर्क दिया कि अधिवक्ता अमित राय अनापत्ति नहीं दे रहे हैं। जबकि अधिवक्ता अमित राय का कहना था कि याची के पिता ने उन्हें पैरवी के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी समस्याएं अधिवक्ताओं के समक्ष ही नहीं बल्कि पैरोकारों के बीच भी है। प्रतीत होता है कि याची को अपने पिता और भतीजे पर भरोसा नहीं है। इसी वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं को प्रॉक्सी छद्म पैरोकारों से बचने की जरूरत है। जिससे कि न्यायपालिका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े जो न्यायिक व्यवस्था के लिए भी बेहतर होगा। कोर्ट ने गाइडलाइंस जारी कर कहा कि पैरवी करने वाले और याची के बीच के संबंधों को उजागर करने के साथ यह भी बताना होगा कि वह एक वर्ष की अवधि में कितने मामलों में पैरोकारी की है। अगर की है तो वह अन्य मामलों का विवरण देगा। जेल में बंद होने की दशा में जेलर या संबंधित याची द्वारा सत्यापित वकालतनामा दाखिल करना होगा। साथ ही पूर्व में कोई अधिवक्ता पक्ष रख रहा था तो उसका अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होगा। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत से रिपोर्ट मांगी है और सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तिथि तय कर दी है।

# तकीनीकी ज्ञान से देश को आगे बढायें युवा-जीतू तिवारी



गुरसहायगंज (कन्नौज)। भाजपा सरकार द्वारा जन कल्याण के कार्यों सहित आम जन मानस व छात्र छात्राओं के लिये तरक्की का मार्ग आगे बढानें के लिये कई प्रकार की योजनाओं को क्रियान्वयन किया गया। जिसका देश व प्रदेश की जनता को लाभ भी मिल रहा है। तकनीति ज्ञान से युवा देश को तरक्की की राह पर ले जानें का कार्य करेंगे।

यह बात शनिवार को क्षेत्र के ग्राम लखईयामऊ स्थित चौधरी इंदल सिंह महाविद्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना के तहत छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करनें के उपरान्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी नें कही। कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि युवाओं के लिये तकनीकि ज्ञान बेहद जरूरी है। इससे पूर्व उन्होनें ऋषभ दुबे, रितु सिंह, शेफाली, प्रगति शर्मा, मो. आरिफ मो. साकिब, संदीप पाल, शिवानी गुप्ता, नेहा पटेल, रीमा पटेल, पुष्पेंद्र सिंह आदि छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। इस अवसर पर प्रबन्धक/प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार यादव, आफ्ताब अहमद, डॉ बागीश चंद्र त्रिपाठी, विष्णु रंजन पाठक, अरुण कुमार शर्मा, सचिन कुमार, पूरन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सपा में ही सभी वर्गों का हित व सम्मान सुरक्षित है-विकास गुप्ता



गुरसहायगंज (कन्नौज)। सभी वर्गों के लोगों का सपा में ही हित व सम्मान सुरक्षित है। पूर्व की सपा सरकार द्वारा जनकल्याण के लिये कई प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वन कर लाभान्वित करनें का कार्य किया था। वर्तमान समय में जनता खुद को ठगा सा एवं असुरक्षित महसूस कर रही है। आगामी लोक सभा चुनाव में देश व प्रदेश की जनता सपा के पक्ष में बढ-चढ कर मतदान करके सरकार बनाने का कार्य करेगी। यह बात शनिवार को नगर के तिर्वारोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर निवर्तमान सलोबा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता नें कही। कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा आम जन मानस सहित किसानों व नागरिकों पर अनावश्यक टैक्स लगानें सहित बिजली का बिल बढ़ाकर बोझ डालने का कार्य किया गया है। कहा कि देश व प्रदेश की जनता को सपा सरकार बनने पर राहत मिलेगी। व्यापारी नेता विशाल गुप्ता नें कहा कि जब तक देश व प्रदेश के व्यापारी, किसान संपन्न नहीं होंगे तब तक देश सुदृढ नहीं होगा। किसान व व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत कडी हैं। इस दौरान विपिन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्याय पंचायत अध्यक्ष का निधन, कांग्रेसियों में शोक

संतकबीरनगर। पौली ब्लॉक के बगही न्याय पंचायत के कांग्रेस अध्यक्ष जबीउल्लाह का हृदय गति रुक जाने से अकसिमक निधन हो गया जो ग्राम सभा डिहवा के निवासी थे। निधन की सूचना पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, हाजी मुहम्मद नज़ीर, अयाजुल हक, सुनील कुमार पाण्डेय, डा. अखिलेश कुमार शर्मा, सतीश सहानी, विजय कुमार शुक्ला एडवोकेट, रेहान परवेज खान, मुहम्मद परवेज अख्तर, अहमद जमाल अंसारी, जमुना प्रसाद, राजीव गौड़, संजय चौरसिया, रमेश चौधरी, दयाशंकर चौधरी, बाबूलाल गौड़, अमित कुमार सिंह, चन्द्रकांत मणि पाण्डेय, अफ्फान खान, मोईन अंसारी, सैयद तारिक हुसैन, अतीक सिद्दीकी, दिलशाद अफसर, अरूण कुमार पाण्डेय, रजनीश कुमार सैनी, संजय द्विवेदी, आलोक राय, अर्पण श्रीवास्तव, संजय यादव आदि ने शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## राम अवध पीजी कालेज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



अम्बेडकरनगर। शिक्षा है अनमोल रतन इसको ज्ञान रूपी रत्न के रूप में हर व्यक्ति अपने अंदर समाहित करें तथा जीवन के अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें जिससे समाज में फैली कुरीतियां तथा अज्ञानता दूर हो जाए उक्त बातें महाविद्यालय के प्रबंधक एवं विधायक त्रिभुवन दत्त ने ने राम अवध स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम में कही।जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित राम अवध स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसदहां शुक्ल बाजार के 16वां स्थापना दिवस समारोह बड़े धूमधाम के साथ विद्यालय परिसर में मनाया गया। ज्ञात हो कि जनपद के पूर्वी छोर पर ऊसर बंजर जैसे जगह पर शिक्षा की हरा भरा अलख जगाने वाले जिले के पूर्व सांसद वतर्मान विधायक एवं प्रबंधक त्रिभुवन दत्त ने 2 दिसंबर 2007 को महाविद्यालय के आधारशिला रखी थी।जिसका शिलान्यास तत्कालीन लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने किया थाएतब से महाविद्यालय कई तरह की शिक्षा तथा सम्मान के साथ लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। महाविद्यालय के प्रबंधक पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि जीवन का प्रमुख उद्देश्य हर व्यक्ति के अंदर कुछ न कुछ होना चाहिएए जिससे वह एक नियत मार्ग पर अग्रसर हो सकेए लोगों में ज्ञान की ज्योति जलाना तथा अज्ञानता दूर करना ही हमारा लक्ष्य और उद्देश रहा है जिसको महाविद्यालय परिवार ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित कर अलंकृत कर रहा है। युवा सपा नेता एवं महाविद्यालय के निदेशक राहुल दत्त ने बताया कि चरित्रवान व्यक्तित्व और शिक्षित समाज से ही प्रदेश और देश का नाम होता हैएउन्होंने कहा आज से 16 वर्ष पहले इकाई के रूप में संस्थान अपना प्रारंभिक शुरुआत किया जो वर्तमान समय मे जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक शिक्षा जगत में अलग मुकाम हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में सभी संकाय से कोर्सेज की पढ़ाई होती है। समारोह में महाविद्यालय की छात्रा प्रीतिए रितुए सोनमएआरती और आराधना द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की एवं प्रतिभा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया जबकि हेमंत व अंकुर ने स्थापना दिवस कि गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। तो दूसरी तरफछात्रा सुगंधा व पूजा ने रिकॉर्डिंग डांस कर उपस्थित लोगों का मन मोह लियाए छात्रा रोली द्वारा गाया गया दहेज गीत काफी प्रेरणादायक रहा। स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें हास्य कवि सम्मेलनए महंगाई गीतए लोक गीतएगजलए कव्वालीएकन्या भ्रूण हत्या को लेकर प्रमुख रुप से छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किया। समारोह के कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुरेश कुमार विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर विद्यालय की उपप्राचार्य डॉण् रूपवतीएवरिष्ठ सपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजित यादवए पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद दत्त एमहाविद्यालय की संरक्षिका बदामा देवीएसपा नेता प्रेमसागर प्रजापतिएरहमुल्लाह खान सहित अन्य लोग के अलावा विद्यालय के छात्र छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## सीवरेज पाइपलाइन के कार्य में देरी और अनियमितिता को लेकर 5 दिसंबर से शुरू होगा सत्याग्रहः शम्मी सिंह



गाजीपुर। जनपद में शनिवार को सीवरेज पाइप लाइन बिछाने में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमितताए गुणवत्ता की कमी तथा समय सीमा के अंदर कार्य को न करनाए तथा जगह.जगह गड्ढे खोदकर छोड़ने को लेकर नगर के प्रमुख समाजसेवी विवेक कुमार सिंह शम्मी ने कचहरी स्थित पत्रकार भवन में प्रेस वार्ता किया। इस दौरान विवेक कुमार सिंह शम्मी ने कहा कि नगर में सीवर का कार्य कर रही कार्यवाही संस्था गुंडो की तरह व्यवहार कर रही है तथा उन्हें न तो सरकार काएन तो प्रशासन काए न ही आमजन का किसी का भय नहीं है। खुलेआम भ्रष्टाचार जारी है। उन्होंने कहा कि सीवर के कार्य में हो रही देरी के चलते पूरा शहर धूल के गुबार में बदल चुका है तथा लोग धूल के चलते सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं। सीवर की खुदाई के कारण जर्जर हुई सड़कों के चलते रोजाना दर्जनों लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सड़कों की बदहाली और अफसरो की उदासीनता से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। श्री सिंह ने बताया कि इन्हीं सब मुद्दों को लेकर आगामी 5 दिसंबर से शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया जाएगा कहा कि जब तक सीवर की समस्या का समाधान नहीं होता हैए लंका मैदान के गेट नंबर 4 के सामने आंदोलन जारी रहेगा।

## योगी सरकार ने अधिवक्ता न्यासी समिति को दी आठ करोड़ की सौगात

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश के मृत अधिवक्ताओं के परिवार की आर्थिक सहायता के लिए आठ करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह धनराशि न्यासी समिति में स्थानांतरित होगी। प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र न्यासी समिति के अध्यक्ष हैं। महाधिवक्ता मिश्र ने शनिवार को बताया कि इससे प्रदेश के तमाम दुर्घटना या अन्य वजह से मृत अधिवक्ता परिवारों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने यह भी आश्वास्त किया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार भविष्य में भी अधिवक्ताओं के कल्याण योजनाओं के लिए इसी तरह से धनराशि मुहैया कराती रहेगी।मालूम हो कि न्यासी समिति दुर्घटना और अन्य कारणों से मृत अधिवक्ता परिवार को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता देती है। साथ ही जूनियर अधिवक्ताओं को तीन साल तक पांच हजार रूपये उपलब्ध करने की योजना लागू की है।

# डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद



अंबेडकर नगर। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थीएनागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग.अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 98 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 08 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 90 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर डीएफओ प्रणव जैनए उप जिलाधिकारी आलापुर जिला विकास अधिकारीएक्षेत्राधिकारी आलापुर तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 121 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमे से 05 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया।

## आपराधिक केस में बरी तो इस आधार पर नही रोक सकते ग्रेच्युटी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अपराध से बरी होने के आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी विचाराधीन होने के आधार पर ग्रेच्युटी या पेंशन निर्धारण नहीं रोका जा सकता। कोर्ट ने नियमानुसार ब्याज सहित पूरी ग्रेच्युटी राशि तत्काल अवमुक्त करने एवं पेंशन तय कर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है और कहा कि ऐसा करने में विफलता की दशा में पुलिस अधीक्षक मैनपुरी 14 दिसंबर को पेश हो। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कमाल अहमद ख़ान की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता बी एन सिंह राठौर ने बहस की। इनका कहना है कि भविष्य निधि और अवकाश नकदीकरण का भुगतान किया गया है। किंतु ग्रेच्युटी राशि का भुगतान रोक लिया गया है और पेंशन निर्धारित नहीं की गई है।केवल अंतरिम पेंशन दी जा रही है।याची अधिवक्ता का कहना है कि फाइनल रिपोर्ट कोर्ट ने निरस्त कर दी थी और कंप्लेंट केस कायम किया। दो अगस्त 2023 को याची को बरी कर दिया गया। इस आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी लंबित है। इस कारण ग्रेच्युटी नहीं रोकी जा सकती। याची पेंशन पाने का हकदार है।

**नामुमकिन को मुमकिन बनाने की होगी सार्थक पहल** : प्रयागराज। कार्यक्रम दिखाने में सबसे आगे रहने वाले बेमिसाल टेलीविजन और मनपसंद चैनल जी टीवी ने हाल ही में एक नया फिक्शन शो कैसे मुझे तुम मिल गए शुरू किया है। मुक्ता धोंड के निर्माण में बना यह शो रोज रात दस बजे दिखाया जा रहा है जो कि एक नामुमकिन प्रेम कहानी है। इसमें एक दूसरे से बिल्कुल अलग अमृता और विराट का अनोखा सफर है जिन्हें टेलीविजन के दो लोकप्रिय चेहरे सृति झा और अर्जित तनेजा निभा रहे हैं। एक्टर्स ने दिल्ली शहर का मजा लिया वहीं आप भी यह नामुमकिन प्रेम कहानी कैसे मुझे तुम मिल गए का मजा लीजिए रोज रात दस बजे सिर्फ जी टीवी पर आयेगा। कहानी मुंबई में शुरू होती है जहां उनतीस साल की अविवाहित मराठी मुलगी अमृता और दुनियादारी की समझ रखने वाला दिल्ली का एक पंजाबी मुंडा विराट बड़े विचित्र तरीके से एक दूसरे से मिलते हैं। असल में विराट शादी के खिलाफ है और उसका मानना है कि ज्यादातर लड़कियां लालची होती है।

# बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण



**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारीएजिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के विशेष अभियान दिवस पर तहसील आलापुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामनगर में बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बीएलओ से फॉर्म 6ए7ए8 के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर फॉर्म 6 के 12ए फॉर्म 7 के 15 तथा फॉर्म 8 के 05 फॉर्म जमा पाए गए । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त निरीक्षण कार्यक्रम दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023ए विशेष अभियान की तिथियां 26 नवंबर 2023ए 2 दिसंबरए 3 दिसंबर 2023ए दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर 2023ए निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को निर्धारित किया गया है। विशेष अभियान में समस्त बूथों पर बीएलओ द्वारा एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पुनरीक्षण अवधि में विशेष अभियान की तिथियों में समस्त बूथ लेवल अधिकारी अपने सम्बन्धित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहते हुए फार्म . 6ए 6 ए 7 और 8 प्राप्त करेंगे। नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेन्ट्स के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करवाने हेतु निर्देशित किया गया।आयोग की अपेक्षा है कि समस्त अर्ह मतदाताओं का पंजीकरण पर विशेष बल दिया जाना है जिससे ष्कोई मतदाता न छूटे ष् ;छव टवजमत जव इम समजि इमीपदकद्ध ष्जेण्डर रेशियोए ऐज . कोहार्ट को बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में 18.19 आयु वर्ग के युवा एवं महिला मतदाताओं से फार्म.6 भरवाकर जमा कराया जाय। जिससे लिंगानुपात की विषमताओं को दूर किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में नाम बनवाने हेतु छात्रएछात्राओं में जागरूकता फैलाएं। जिससे अधिक से अधिक फॉर्म एकत्र हो सके। बी एल ओ को निर्देशित किया गया कि डोर टू डोर जाकर छूटे हुए मतदाताओं का फार्म भरवायें । इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से पठन.पाठन व अन्य जानकारी ली। इस दौरान कक्षा 5 की छात्रा अलका सोनी द्वारा ब्लैक बोर्ड पर संस्कृत में लिखें श्लोक को अर्थ सहित पढ़कर सुनाया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा छात्रा की प्रशंसा की गई। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए उप जिलाधिकारी आलापुरएजिला विकास अधिकारीए परियोजना निदेशकएजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर 336 प्रार्थना पत्र मिले, 29 का हुआ निस्तारण



गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 70 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 336 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 29 शिकायतध्प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 58 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 03 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में 48 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 58 शिकायतध्प्रार्थना प्राप्त 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीए उपजिलाधिकारी जखनियॉए क्षेत्राधिकारी जखनियॉ एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब पछताए होत क्या..

कभी पार्टी मुखिया के किचन कैबिनेट के सदस्य के रूप में पहचाने जाने वाले युवा नेता आज कल नजर नहीं आ रहे हैं। एक समय था जब इनका जलवा था। सीतापुर से लखनऊ तक इनका डंका बजता था। पहले की अपेक्षा अब हैसियत भी काफी अच्छी हो गई है लेकिन जब से एमएलसी की सदस्यता क्या समाप्त हुई अपने जिले के ही होकर रह गए हैं। पूर्व एमएलसी साहब अब कर भी क्या सकते हैं, जानकारों का कहना है कि गलती तो उन्ही की है जब पार्टी के मुखिया ने चुनावी जंग में उतरने का ऑफर भेजा था तो इन पूर्व एमएलसी साहब ने अपने पैर पीछे खींच लिए थे। उस समय हिम्मत नहीं हुई थी चुनावी संघर्ष करने की। इन महोदय ने स्वयं अपनी पार्टी के मुखिया से मिलकर चुनाव न लड़ने में असमर्थता जाहिर की थी। पूर्व एमएलसी को शायद हार का अंदेशा पहले से ही हो गया था। ऐसी स्थिति में वह रण छोड़ के किनारे होना सुरक्षित समझ रहे थे। वह दिन है और आज का दिन है, तब से पूर्व एमएलसी साहब किनारे ही लगे हुए हैं। अब ना पार्टी पूछ रही और न ही जनता।



## 'पीएमपी' की धूम

परिसर में इन दिनों 'पीएमपी' काफी फेमस जगह हो चुकी है। कभी इसके स्थान पर पीजी ब्लॉक छात्रों का मनपसंद स्थान हुआ करता था। जहां अक्सर युवा ग्रुप स्टडी करते देखे जाते थे मगर समय के साथ इसकी जगह 'पीएमपी' ने ले ली है। पीएमपी में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक युगल देखे जा सकते हैं। पहले बात ग्रुप स्टडी की होती थी लेकिन अब ग्रुप स्टडी कम बाकी बातें ज्यादा देखने को मिलती हैं। कुल मिलाकर यहां पीएमपी का रेला देखने को मिल जाता है। अब पीएमपी का मतलब भी जान लीजिए, परिसर वाले कर्मचारी इस स्थान को 'प्रेमी मिलन पार्क' के नाम से बुलाते हैं। अब यह पीएमपी है कहां तो थोड़ी कोशिश कीजिए और न समझ में आए तो मि. ग्रिफिन की वास्तुकला ही देख लीजिए।




## अंधेरे ने उजागर की हकीकत

वातानुकूलित कार्यालयों के भीतर होने वाली बड़ी-बड़ी बैठकों में स्मार्ट सिटी की चाक चौबंद व्यवस्थाओं का गुणगान करने वाले सत्ताशीर्ष से लेकर राजधानी प्रशासन तक के अधिकारियों की सारी पोल पट्टी अंधेरे ने खोल कर रख दी। हुआ यह कि सूबे के मुखिया अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में उन्हें एक स्थान पर अंधेरा ही अंधेरा दिखाई पड़ा। सर्विस लेन तक की लाइटें बंद पड़ी थीं। उनका काफिला अंधेरे से होकर गुजरा तो वह तुरंत बिफर पड़े। जब राजधानी का यह हाल तो अन्य जिलों की क्या स्थिति होगी। आनन-फानन कमिश्नर और डीएम से लेकर पुलिस-प्रशासन के बड़े-बड़े अधिकारी हांफते-भागते वहां पहुंचे। रात में ही पैदल पूरा निरीक्षण करने के बाद खुद खड़े होकर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया।



## मैडम की दहाड़

जब मैंडम का चढ़ा गुस्सा तो सभी सदस्य (पार्षद) एक दूसरे का मुंह ताकने लगे। नगर निगम में एक बैठक के दौरान मैडम से विपक्षी पार्षदों ने अपनी वार्ड विकास निधि बढ़ाने की मांग की। मैडम को निधि बढ़ाने की मांग से अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने का भय था, जिससे नगर निगम की आर्थिक हालत और जर्जर हो जाती। मैंडम ने अधिकारियों से विचार विमर्श कर वार्ड विकास निधि बढ़ाने से मना कर दिया। यह सुनते ही विपक्षी पार्षदों ने जोर शोर से विरोध शुरू कर दिया। विपक्षी तो ठीक थे, लेकिन इनके समर्थन में सत्ताधारी पार्षदों का भी मौन समर्थन था, जिसे भांपते मैंडम को देर न लगी। मैडम ने दहाड़ लगाते हुए पार्षदों से दो टूक कहते हुए एलान किया कि सभी की निधि के साथ ही मेरी भी निधि को भंग कर दिया जाए। यह सुनते ही पार्षदों के बीच सन्नाटा छा गया, दोबारा किसी की बोलने की हिम्मत नहीं हुई। तुरंत यू टर्न लेते हुए पार्षदों ने वार्ड विकास निधि बढ़ाने की मांग को तिलांजलि दे दी।

# सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोकना बड़ी चुनौती: योगी

**मुख्यमंत्री ने 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को दिखाई हरी झंडी**

- मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए हुआ एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकना बड़ा चैलेंज है। अधिकांश दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण होती हैं। ड्राइवर दक्ष या कुशल न हो, तब भी यह दुर्घटना होती हैं। सीएम ने चिंता जताते हुए एक-एक व्यक्ति की जान बचाने का आह्वान किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा व जनजागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि कोरोना में दो वर्ष में 24 हजार से कम लोगों की मृत्यु हुई जबकि सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष यूपी में 20-22 हजार लोगों की मौत होती है। थोड़े प्रयास से अमूल्य जान बचाई जा सकती है। सीएम योगी ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर 50 बस, 38 इंटरसेप्टर वाहन व 12 पब्लिसिटी वैन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने 4100 इलेक्ट्रिक वाहन स्वामियों के खाते में अनुदान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। यहां पर परिवहन विभाग व मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ पांच ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट के ऑटोमेशन व संचालन के लिए एमओयू किया गया। वहीं सीएम के समक्ष महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए उप्र कौशल विकास मिशन व उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ भी समझौता ज्ञापन हुआ। सीएम ने यूपी की बेहतरीन ईवी पॉलिसी के बारे में भी बताया।

सीएम ने कहा कि परिवहन विभाग ट्रांसपोर्ट का प्रमुख माध्यम है। विभाग ने प्रयागराज कुंभ में बेहतरीन सेवा दी थी। पहली बार देश.दुनिया के श्रद्धालुओं को कुंभ का वास्तविक अर्थ पता लगाए जब संगम से एक किमीण् से कम दूरी तक परिवहन विभाग उन्हें पहुंचा रहा था। कोरोना में भी उप्र के 40 लाख कामगार व 60 लाख अन्य प्रदेशों के कामगारों को गंतव्य तक पहुंचाने में परिवहन विभाग की सेवा अवर्णनीय है। सीएम ने कहा कि आज जिन बसों का शुभारंभ किया गया है। इसका उपयोग एनसीआर रीजन में किया जाएगा। सीएम ने महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए उप्र कौशल विकास मिशन व उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ हुए एमओयू की चर्चा करते हुए कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को प्रशिक्षण देने का माध्यम बनेगा। स्वयंसेवी समूह की महिलाओं को इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। महिलाएं अब हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। परिवहन निगम ने पिछले दिनों अयोध्या में कार्यक्रम का आगाज किया था। यहां चालक व परिचालक की जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाली थी। महिलाओं के लिए प्रशिक्षण के जरिए रोजगार के सृजन की संभावनाएं भी बनेंगी। सीएम ने ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाश रहे प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के समय में एक लाख ईवी बसों की आवश्यकता है। इसे गांव-गांव से जोड़ दें तो एक लाख अतिरिक्त बसों यानी की यूपी में कुल दो लाख से अधिक ईवी बसों की आवश्यकता होगी। इससे रोजगार सृजन के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी बेहतरीन सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि एक करोड़ की बस ख़रीदने पर 20 लाख रुपये सरकार दे रही है। इससे डीजल समेत अन्य खर्चों पर अंकुश लग जाएगा। सीएम ने आह्वान किया कि हर पेट्रोल पंप पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग मशीन स्थापित की जानी चाहिए।

# आपदाओं से निपटने को एसडीआरएफ की तीन नई कंपनियां गठित

- 11 आपदाओं को राज्य आपदा की सूची में किया गया शामिल
- ब्लॉक स्तर पर 2 हजार ऑटोमेटिक रेनगेज स्थापित किए जा रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आपदा (बाढ़, सूखा, भूकंप, आकाशीय बिजली) के दौरान जल्द से जल्द राहत पहुंचाने एवं जनहानि को रोकने के लिए पिछले साढ़े छह वर्ष में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की तीन नई कंपनियों का गठन किया गया जबकि प्रदेश की 11 आपदाओं को राज्य आपदा में शामिल किया गया। इसमें नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, नदी में डूबना समेत 11 आपदाएं शामिल हैं। वहीं प्रदेश में आपदाओं से बचाव व आम जनमानस को जागरूक करने के लिए ग्राम स्तर पर राहत चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बाढ़, फ्लैश फ्लड, वेक्टर जनित बीमारियों, औद्योगिक दुर्घटनाओं, भूकंप, नाभिकीय खतरा समेत किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में प्रदेश में राज्य आपदा मोचन बल की तीन नई कंपनियों गठन किया जा रहा है। वहीं नई कंपनी के लिए 80.75 करोड़ से इक्विपमेंट एवं 9.99 करोड़ से वाहन खरीदे जा रहे हैं। योगी सरकार ने अधिक से अधिक आपदा पीड़ितों को राहत फंड का लाभ दिलाने के लिए कई दुर्घटनाओं को राज्य आपदा में शामिल किया है। इसमें नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफ ाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, डूबना, सांड एवं नीलगाय के आघात से होने वाली मृत्यु शामिल है। इसके अलावा स्कूलों के पाठ्यक्रमों एवं उत्तर प्रदेश के शिक्षा परिषदों में आपदा प्रबंधन के विषयों को शामिल किया गया। इसमें प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, पुलिस अकादमी, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, सचिवालय प्रशिक्षण संस्थान, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान सहित अन्य संस्थानों में आपदा प्रबंधन विषय शामिल है। मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश की सभी तहसीलों में 450 आटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस), ब्लॉक स्तर पर 2 हजार आटोमेटिक रेनगेज (एआरजी) और प्रदेश के 5 प्रमुख शहरों में 5 डॉप्लर रडार की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश में आपदाओं से बचाव व आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम स्तर पर लगभग सात हजार राहत चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों को आपदाओं से बचाव व तैयारी, आपदा के दौरान क्या करें व क्या न करें आदि के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। योगी सरकार ने प्रदेश में नौका दुर्घटनाएं रोकने के लिए नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति-2020 बनाई। इसके जरिए प्रथम फेज में 872 गोताखोर एवं 5123 नाविकों को नाव सुरक्षा किट का वितरण किया गया। वहीं आपदा के दौरान राहत वितरण प्रणाली को समयबद्ध व पारदर्शी बनाने के लिए इंड टू इंड कंप्यूटराइजेशन ऑफ बेनिफिशरी मैनेजमेंट सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इससे लाभार्थी के चयन से लेकर डिजिटल अप्रूवल तथा अकाउंट में धनराशि हस्तातंरित करने तक की पूरी प्रक्रिया पेपरलेस हो गई है, जिससे राहत वितरण में पारदर्शिता के साथ-साथ समयबद्धता भी सुनिश्चित हुई है। इसके अलावा प्रदेश में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर में मुख्यमंत्री बाल तरणवीर कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# चुनाव में जीत के लिए मतदाता सूची पर ध्यान रखना होगा: अखिलेश यादव

- भाजपा पर लगाया साजिश करने के अपने पुराने काम में जुटने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा साजिश करने के अपने पुराने काम में लग गई है। वह धोखा देकर वोट चाहती है। भाजपा लोकतंत्र को प्रभावित करने के कई तरीकों के जरिए जनादेश को अपमानित करने पर तुली हुई है। हर राज्य सरकार लोककल्याणकारी काम करती है परन्तु भाजपा अपनी राजनीति के लिए लाभार्थियों को सुविधाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करके लोकतंत्र की निष्पक्षता को ही नष्ट करने की साजिश करती है।

अखिलेश यादव ने ये बातें शनिवार को पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में विधायकों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सात वर्षों से भाजपा सरकार ने विकास का कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार के कामों से भाजपा अपने कामों की तुलना नहीं कर सकती है। भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसलिए समाजवादियों को पूरी निष्ठा से लोकतंत्र को बचाने में जुटना है। लोकसभा चुनाव 2024 में कहीं भी कोई कमी नहीं छोड़नी है। भाजपा को हर हाल में सत्ता से हटाने का यह ऐतिहासिक मौका है। इस मौके को हाथ से नहीं निकलने देना है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव में जीत के लिए मतदाता सूची पर ध्यान रखना होगा। मतदाता सूची में अभी 9 दिसम्बर 2023 तक नाम बढ़ाने का अंतिम अवसर है। मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने के लिए फार्म नं. 6, नाम काटे जाने के लिए फार्म नं. 7 और संशोधन के लिए फार्म नं. 8 भरना होगा। इन दिनों मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य हो रहा है। 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी नेता और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर रात दिन लगकर लोकतंत्र को बचाने के लिए सघन जनसम्पर्क अभियान में जुट जाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के काम जनता को आज भी याद हैं।

# हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है प्रदेश सरकार: अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर योगी सरकार की विफलताओं के खिलाफ विरोध दर्ज करने के लिए एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, महासचिव मणीन्द्र मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, पुनीत पाठक, सचिन रावत, सुधांशु बाजपेई मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है और दुर्भाग्य यह है कि यह अब सदन चलाकर उस पर बात भी नहीं करना चाहती। तीन-तीन दिन सदन चलाकर जनता की समस्त समस्याओं को विपक्ष के माध्यम से सदन तक नहीं आने देना चाहते। राय ने कहा कि स्वास्थ्य नीति आयोग की स्वास्थ्य पर एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के 19 बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश का स्थान 18 वां है। यानि इनकी अपनी ऐजेन्सियां मानती हैं कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल है। स्वास्थ्य विभाग की दुर्दशा का आलम यह है कि 8 नवम्बर 2023 को जनपद औरैया में अपनी बहन की लाश एक भाई को मोटरसाइकिल से ले जानी पड़ी। स्वास्थ्य विभाग की बदहाली का आलम यह है कि इनके अपने सांसद मुकेश राजपूत ने 16 अक्टूबर, 2023 फर्रूखाबाद में खराब स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए। उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का दावा करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार में 5000 चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए राय ने कहा कि गन्ना पेराई का नया सत्र शुरू हो चुका है लेकिन पिछला भुगतान भी किसानों को पूरा नहीं मिल पाया है जबकि नियमत: गन्ना मिल में जाने के 14 दिनों के अन्दर भुगतान हो जाना चाहिए। राय ने कहा कि गन्ना क्रय एवं धान क्रय केन्द्र पूरी तरह से भ्रष्टाचार और अराजकता का शिकार हो चुके है। पूरे प्रदेश में डीएपी और यूरिया की भारी किल्लत है, जिसके चलते खाद की कालाबाजारी चरम पर है। किसानों को लाइनों में लगकर खाद लेनी पड़ रही है जिस पर भी उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश में बढ़ते हुए अपराधों पर चिन्ता जाहिर की और कहा कि एनसीआरबी के हाल में आए आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में अपराध दर भारत के राज्यों में सबसे अधिक है। पूरे भारत में होने वाले अपराधों में 15.4 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश में होते हैं। पूरे भारत में साइबर क्राइम के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे नम्बर पर है। अभी पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देश जारी करते हुए स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में कानून व्यवस्था चिन्ताजनक है।

## पिछड़े समाज के प्रत्येक छात्र को छात्रवृत्ति देना हमारा संकल्प: नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन 'सबका साथ, सबका विकास' 'सबका विश्वास और सबका प्रयास से' एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले 6 वर्षों में विकास की दृष्टि से गरीब कल्याण नवाचार, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टोलरेन्स की नीतिगत पहल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश की 25 करोड़ जनता को अपना परिवार समझकर उनके विकास, प्रगति और रोजगार आदि की नियमित चिन्ता करते हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी बड़े पैमाने पर सुधार हो रहा है। मंत्री कश्यप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वत्त मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिये मांगी गयी अनुदानों को अधिकांशत: पूरा करने के लिये धन्यवाद दिया

# मादक पदार्थ के अवैध कारोबारियों पर चला एएनटीएफ का चाबुक

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर 10 दिवसीय विशेष अभियान में 11 गिरोहों के खिलाफ की गई कार्रवाई
- 28 लोगों को गिरफ्तार कर, 6 करोड़ 52 लाख कीमत के अवैध मादक पदार्थ किए गए जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के युवाओं को नशे के आगोश में धकेलने वाले मादक पदार्थों के सौदागरों पर योगी सरकार कहर बनकर बरस रही है। पिछले कुछ वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों पर योगी सरकार द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई ने उनकी कमर तोड़ के रख दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सीधी मॉनिटरिंग का ही असर है कि वर्ष 2020 से अक्टूबर 2023 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 2 लाख 41 हजार किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 1400 करोड़ से अधिक आंकी गयी है। वहीं सीएम योगी के निर्देश पर एक बार फिर अभियान चलाकर नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 10 दिन के अभियान में एएनटीएफद्वारा 11 गिरोह के खिलाफताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के डीआईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि सीएम योगी ने अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एएनटीएफ की टीम ने छापेमारी कर 11 अवैध नशे के गिरोह के खिलाफमुकदमा दर्ज कर 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से गांजा 220.170 किग्रा, अफीम 05.200 किग्रा, चरस 4.266 किग्रा, मारफीन 1.920 किग्रा, हिरोइन/ स्मैक 1.410 किग्रा एवं कोडिन सीरप 15000 बोतल बरामद की गई है।

# पहले चरण में ओटीएस से जुड़े 20 लाख उपभोक्ता, कोष में जमा हुए 2 हजार करोड़ रुपए

- 30 नवंबर को खत्म हुआ योजना का पहला चरण, 1 से 15 दिसंबर तक दूसरा और 16 से 31 दिसंबर तक चलेगा तीसरा चरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बिजली** उपभोक्ताओं को बकाये की राशि चुकाने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना का 30 नवंबर को पहला चरण पूरा हो गया। पहले चरण में इस योजना का करीब 20 लाख लोगों ने लाभ उठाया। इसके माध्यम से सरकार ने भी करीब 2 हजार करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली की है। अकेले 30 नवंबर को 58 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराया तो वहीं इस दिन कुल मिलाकर 57 करोड़ से ज्यादा की धनराशि कोष में जमा हुई। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल की बकाया राशि के भुगतान में राहत देते हुए 8 नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 8 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है। इस योजना का पहला चरण 8 से 30 नवंबर तक चला है जबकि अब एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक इसके दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। वहीं तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि इस योजना की खास बात ये थी कि जो उपभोक्ता जल्दी आएंगे, वो ज्यादा लाभ पाएंगे। खासतौर पर 30 नवंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा लाभ प्राप्त हुआ है। इसके तहत उपभोक्ताओं को एकमुश्त या आसान किस्तों में भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। एक किलोवाट भार तक वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 12 तथा एक किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं को 6 किस्तों में बकाया भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह निजी नलकूप उपभोक्ताओं को भी 12 किस्तों में व अन्य को 3 किस्तों में भुगतान की सुविधा मिली है। विद्युत चोरी के मामलों में राजस्व निर्धारण पर दो तिहाई छूट के साथ ही जिन उपभोक्ताओं के विरुद्ध आरसी जारी की जा चुकी है, उन्हें भी योजना में शामिल किया गया है। न्यायालय में लंबित वादों में भी योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय बिलिंग काउंटर पर, एसडीओ या एक्सीएन कार्यालय पर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर योजना में पंजीकरण कर इसका लाभ ले सकते हैं। ओटीएस के तहत सर्वाधिक उत्साह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिण्में देखने को मिला है। यहां सर्वाधिक 5.5 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना में अपना पंजीकरण करवाया है। सिर्फ 30 नवंबर को ही यहां करीब 19 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया। 30 नवंबर को योजना के माध्यम से विभाग ने यहां 20.5 करोड़ से ज्यादा की वसूली की है तो ओवरआल 30 नवंबर तक अकेले पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम करीब 640 करोड़ रुपए की वसूली करने में सफल रहा है। यह कुल प्राप्त राजस्व का करीब 30 प्रतिशत है। इसी तरह मध्यांचल विद्युद वितरण निगम ने भी 30 नवंबर तक करीब 490 करोड़ रुपए की धनराशि जमा की है। योजना की शुरुआत से लेकर 30 नवंबर तक कुल 5.45 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए इसमें अपना पंजीकरण कराया है। सिर्फ 30 नवंबर की बात करें तो 17 हजार से अधिक लोगों ने अकेले एक दिन में पंजीकरण कराया, जिसके माध्यम से विभाग ने 15 करोड़ से ज्यादा की धनराशि वसूल की। पूर्वांचल और मध्यांचल की तरह पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के तहत योजना का लाभ लेने में लोगों ने गजब का उत्साह दिखाया। पश्चिमांचल में 30 नवंबर तक योजना के तहत 485 करोड़ से अधिक की धनराशि वसूल की गई जबकि 4.40 लाख लोगों से ज्यादा लोग योजना से जुड़े। सिर्फ 30 नवंबर को यहां करीब 12 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया और एक दिन में विभाग को 12 करोड़ से ज्यादा के राजस्व की प्राप्ति हुई। योजना में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने भी अपना योगदान दिया लेकिन बाकी डिस्कॉम्स की तुलना में यहां थोड़ा कम राजस्व प्राप्त हुआ। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत 30 नवंबर तक 370 करोड़ से ज्यादा की वसूली हुई, जबकि 4.35 लाख से ज्यादा लोगों ने योजना में अपना पंजीकरण कराया। अकेले 30 नवंबर को करीब 11 हजार लोग योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराने पहुंचे तो 9 करोड़ से ज्यादा की राशि विभाग के काउंटर व अन्य माध्यमों से जमा हुई

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 3 दिसम्बर 2023



# मोहम्मदी में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली उपजिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- रैली मे विभिन्न डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज की लगभग 2000 छात्र छात्राएं हुई शामिल
- लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी रही रैली, उपजिलाधिकारी बोले युवा देश का भविष्य, मतदाता जरूर बने

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**केंद्रीय** चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पूनिरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज तहसील परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई ,इस रैली को उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा नगर के प्रमुख मार्गो पर रैली के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयो के आए बच्चों और बच्चियों का उत्साह वर्धन भी करते रहे, रैली तहसील परिसर से होती हुई बर्बर चौराहा से बाजार गंज ,पानी वाली टंकी होते हुए नतथू चौराहा से पीडीइंटर कॉलेज से तालिब अली चौराहा से हनुमान मंदिर होते हुए तहसील मे समाप्त हुई ,जहां उपजिलाधिकारी ने रैली को संबोधित किया, रैली में सभी डिग्री कॉलेज और इंटर कॉलेज के बालक और बालिकाएं सम्मिलित हुई रैली में लगभग 2000 छात्र छात्राओं ने भाग लिया, रैली लगभग 1 किलोमीटर लंबी रही ,रैली को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने कहा की युवा हमारे देश का भविष्य है सभी लोग 9 दिसंबर तक अपने-अपने बछथो पर जाकर मतदाता जरूर बने, और आगे चलकर आने वाले चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग करें ,उन्होंने सभी विद्यालयों के आए हुए बच्चों और बच्चियों सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य को बधाई दी, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पसगवां खंड शिक्षा अधिकारी जेपी गौतम ,जेपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज खरे, पीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्याम नारायण वर्मा ,ज्ञानेंद्र सिंह ,हरिनारायण उपाध्याय, तहसील पुनीत अवस्थी ,सहित अन्य रैली के साथ साथ रहे, कार्यक्रम का संचालन गाना डिग्री कॉलेज के डॉक्टर धर्मेश्वर मिश्रा ने किया सुरक्षा के दृष्टिकोण प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह के निर्देश पर सी देशराज सिंह सहित नगर के सभी आरक्षी रैली के साथ साथ रहे, रैली समापन पर सभी बच्चों के जलपान की व्यवस्था उप जिलाधिकारी के माध्यम से की गई।

## इलाज के दौरान झोलाछाप डॉक्टर ने ली अधेड़ की जान

**ओयल खीरी।** नगर पंचायत कार्यालय ओयल ढकवा के सामने नगर पंचायत की दुकान एक झोलाछाप डॉक्टर ने इलाज के दौरान अधेड़ की जान ले ली! मिली जानकारी के मुताबिक मृतक परमेश्वर दीन निवासी सफियापुर ग्राम पंचायत कादीपुर ओयल का रहने वाला है! परिजनों ने बताया की वह खांसी की दवाई लेने निकट नगर पंचायत कार्यालय के सामने आया था! डॉक्टर के दवाई देने के बाद अचानक परमेश्वर की तबीयत बिगड़ने लगी तथा मौके वारदात पर ही उसकी मौत हो गई! मौत से गुस्साए परिजनों ने डॉक्टर से हंगामा काटना चालू कर दिया! स्थिति बिगड़ते देख डॉ विनोद अपने क्लीनिक से फरार हो गए! मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतक का चेकअप करवाने के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर डॉक्टरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया!ओयल पुलिस द्वारा पांचमनमा भर मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया गया!

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजीं पुलिस व राजस्व टीमें

- मितौली में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील मितौली सभागार में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम विनीत उपाध्याय, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।



प्रभारी डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।

प्रभारी डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायत का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 14, पुलिस 08, विकास 03, आपूर्ति 02, विद्युत 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, एसडीएम विनीत उपाध्याय, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, सीओ सुबोध जायसवाल, तहसीलदार प्रीति सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण

**ओयल- खीरी।** जनपद आए कमिश्नर ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर प्रगति जानी। दोपहर करीब 12बजे लखनऊ से कस्बा ओयल पहुँचे कमिश्नर योगेश्वरराम मिश्र ने ओयल देहात में युवराज दत्तद इंटर कॉलेज में पोलिंगबूथ 77 व 78 का निरीक्षण कर चलाये जा रहे कार्यक्रम की प्रगति जानी। उन्होंने बताया कि मुझे अपने मंण्डल के साथ-साथ



जनपद लखीमपुर का रोल अब्जर्वर बनाया गया है, बूथों पर बीएलओ काम कर रहे हैं, अच्छा काम चल रहा है, कोई वोटर किसी कारण से छूटा हुआ है, बूथ पर नहीं पहुँच सका, इसके लिए सरकार ने बहुत सारी सुविधाए दे रखी है, ऑनलाइन ऐप से भी वोटर बनाने की भी व्यवस्था की है, लोक तंत्र में एक-एक वोट की महत्ता है। इसके पश्चात कमिश्नर कस्बा सिथत ऐतिहासिक भगवान भोले नाथ के मंदिर नर्मदेश्वर माहदेव, मेंढ़क मंदिर पहुँचे। जहां उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी शांति तिवारी से मंदिर की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली और नर्मदेश्वर महराज की विधि पूर्वक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया व जनपद मुख्यालय के लिए रवाना हुए। इस दौरान एडीएम, एसडीएम श्रृद्धा सिंह, नायाब तहसीलदार, लेखपाल अनुज कुमार मिश्रा सहित ओयल चौकी इंचार्ज विनोद सिंह मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**केंद्रीय** गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विकास खण्ड फूलबेहड़ के ग्राम महेवागंज में कृषि विज्ञान केन्द्र मझरा फार्म में मुख्य मार्ग से प्रशासनिक भवन तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य लम्बाई 70 मी0 का लोकार्पण किया। इसी के साथ उ0प्र0 मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आप सब जैसा जानते हो कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हमारे यहां लगभग 70 प्रतिशत लोग ऐसे है जो या तो स्वयं खेती करते है या किसी न किसी रूप में खेती किसानी से जुड़े हुए है। इस दृष्टि से हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में इस देश को एक विकसित देश बनाने के लिए जो चार बड़ी जरूरते है उनके बारे में उल्लेख करते हुए यह कहा था कि यह देश तभी विकसित देश बनेगा जब हमारे देश में महिलाओं का सशक्तिकरण हो, किसानों को उनकी आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए, हमारे देश के नौजवानों को उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप काम करने का मौका मिले और उसके साथ-साथ ऐसे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग जिनकी जीवन जीने की सामान्य जरूरतें नहीं पूरी हुई है। उन लोगों की जरूरतें पूरी हो और उनका जीवन अच्छा और सुदृढ़ हो सके। उसके लिए काम करने की जरूरत बताई थी। इन चारों परिणामों पर पिछले 9 से 10 सालों में सरकार खरी उतरी है।

महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो, युवाओं को मंच उपस्थित कराने की बात हो या जरूरतमंद लोगों के लिए घर बनाना, शौचालय, गैस कनेक्शन, सड़क, गलियां, नालियां एवं पीने का साफ पानी ऐसे हर क्षेत्र में काम किया है। आप सब उसी पृष्ठभूमि से आते है हम भी आते है 9 से 10 साल का जो समय है उसकी सबकी जानकारी आपको है न ही यह ध्यान दिलाने के लिए कि सन् 2014 से पहले ऐसी परिस्थितियां नहीं थी उसमें बहुत बड़ा बदलाव आया है।

थोड़ा आप आंख बंद करके सन् 2014 से पहले की सड़क एवं अपने शहर की तस्वीर अपने आंखों में लाए और अब की तस्वीर आप देखे तो आपको अन्तर साफ दिख जाएगा। इसी तरह जो चौथी महत्वपूर्ण बात थी वह यह थी कि किसानों के लिए काम करना। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में सत्ता सम्भालते ही किसान कैसे कम दिनों में ज्यादा फसल ले सके जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहे, जमीन के अंदर की ताकत खत्म न होने पाए, हमारे फसलों में लागत कम हो जो फसल हमको मिले उसका दाम ऐसा मिले जिससे किसानों को मुनाफा हो और उसके साथ-साथ नए-नए प्रयोग करके निरन्तर हम खेती किसानी में ऐसे प्रयास करे जिससे हमारा कृषि का जो क्षेत्र है जिसमें हम काम कर रहे है वह एक लाभदायक व्यवसाय बन सके।

कार्यक्रम में विनीत मनार अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक लखीमपुर, उपनिदेशक कृषि अरविन्द मोहन मिश्रा, डा0 निरंजन लाल कृषि विज्ञान केन्द्र मझरा-2, सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, डा0 प्रदीप कुमार अभिषेक, डा0 विवेक कुमार पाण्डेय, प्रवीण भार्गव, आचार्य अनूप मिश्रा, मंजीत कश्यप, शशांक अवस्थी, वीरपाल मिश्रा, राहुल चौरसिया, सुरेन्द्र कश्यप, मयंक कश्यप, मधुकर आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ

- अवैध अतिक्रमण प्लॉटिंग और अनियोजित तरीके से निर्माण करने वाले भू माफियाओं के विरुद्ध कडी कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना व उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील तिलहर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 8 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यत: राजस्व विभाग की 25, पुलिस विभाग की 12, विकास विभाग की 20, नगर पलिका की 4, डूडा विभाग की 4, विद्युत सम्बन्धित 9, चिकित्सा सम्बन्धित 5, समाज कल्याण विभाग सम्बन्धित 7 प्रकरण प्राप्त हुए।

तहसील समाधान दिवस के दौरान अवैध अतिक्रमण कब्जा तथा गुण्डागर्दी इत्यादि की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध जांच कर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि गुण्डागर्दी, दबंगई करने वालों तथा भूमफियाओं के विरूद्ध सरकार की मंशानुसार जीरो टोलरेंस के तहत कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध, विधि सम्मत तरीके से करना सुनिश्चित करें। जो प्रकरण मौके पर निस्तारित होने वाले है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के शिकायत को कागज न समझे, उसकी भावनाओं को भी समझे। शिकायत प्राप्त होने पर तुरन्त संज्ञान लेते हुये निष्पक्ष रूप से जांच कर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों और निस्तारण में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया।

# समाजवादी पार्टी की बैठक, प्रत्येक बूथ पर वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा

**शाहजहांपुर ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक सपा के जिला अध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 2024 के लोकसभा के चुनाव के मद्दे नजर जनपद शाहजहांपुर के प्रत्येक बूथ स्तर पर वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई...। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि मतदाता सूची में जिन वोटरों के नाम काट दिए गए हैं और जो 18 वर्ष के हो गए हैं उनके नाम पूरी मेहनत और ईमानदारी से लगकर मतदाता सूचियों में नाम शामिल करवाएं उन्होंने कहा कि वोट बढ़ाने का विशेष अभियान का




अंतिम दिन 3 दिसंबर रह गया है और 9 दिसंबर तक वोट बढ़ाने का कार्य चलेगा जो की ऑनलाइन भी होगे और पार्टी के सभी बूथ प्रभारीयों व सेक्टर प्रभारियों को लगकर वोट बढ़ाने और सही करने का काम करें...। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि जितनी ही मेहनत और लगन से कार्यकर्ता वोट बढ़ाने का काम करेंगे उतना ही समाजवादी पार्टी को लोकसभा के चुनाव में लाभ मिलेगा । इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों के साथ खुली नाइंसाफी की है उन्होंने सरकार से गन्ना किसानों को उनका वाजिब मूल दिलाने की मांग की है. । इस मौके पर नवनियुक्त सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव का सपा जिला अध्यक्ष श्रीतनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।

## एनआईए बंगलुरू की टीम ने युवक को गिरफ्तार किया

**शाहजहांपुर।** एनआईए बंगलुरू की तीन सदस्यीय टीम ने थाना बण्डा की एक कालोनी में छापा मारकर एक युवक को हिरासत में लिया टीम ने उसके कब्जे से एक अदद लेपटाप व दो अदद मोबाइल जांच के लिए कब्जा में लिए है । गिरफ्तार युवक पर नकली करेंसी निर्माण व विक्रय करने का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया एनआईए बंगलुरू की तीन सदस्यीय टीम ने जनपद बंगलुरू कर्नाटक में वांछित अभियुक्त को थाना बण्डा की रामनगर कालोनी से आदित्य सिंह उर्फ विवेक ठाकुर पुत्र कल्यान सिंह को स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है । उन्होंने कहा गिरफ्तार युवक पर नकली करेंसी निर्माण व विक्रय करने के संदेह है । पुलिस ने कब्जे से एक अदद लेपटाप व दो अदद मोबाइल कब्जा में लिया गया। अभियुक्त आदित्य सिंह को ट्रांजिट रिमाण्ड के लिए न्यायालय के समक्ष भेजा रहा है।

# योग शिविर में छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बरेली।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित 75 दिवसीय त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सूरजभान विद्या भवन नई बस्ती बरेली में समापन हो गया।समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया, प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा चलाया जाने वाला त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर से निश्चित ही विद्यालय के छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं, इसके लिए योग प्रशिक्षिका सर्वेश कुमारी गुप्ता एवं संस्थान के सभी



अधिकारीगणो का आभार और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि योग से शरीर निरोग रहता है, योग जीवन निर्माण, व्यक्तित्व विकास की एक बहुत बड़ी वैज्ञानिक कला है।योग प्रशिक्षिका सर्वेश कुमारी गुप्ता ने कहा त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर में 32 छात्र-छात्राओं को निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया है, इन सभी छात्र-छात्राओं को संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, योग प्रशिक्षका ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को निरंतर योग करते रहने का भी संदेश दिया।संचालन मनोज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया, समापन समारोह में मुख्य रूप से संध्या , गणेश , पचौरी , प्रेमलता , सारिका सभी का सहयोग रहा। अंत में प्रशिक्षिका द्वारा विद्यालय परिवार का आभार तथा संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव एवं संस्थान के अधिकारीगण दिव्यरंजन, महेंद्र पाठक, शिवम गुप्ता, राधा शर्मा, के मार्गदर्शन के लिए बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद दिया गया।

## 80 की 80 सीट जीतने के लिए दिन रात एक कर दे : कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल

**बरेली।** अपना दल एस के कार्यकारणी अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के बरेली सर्किट हाउस पहुंचने पर बरेली पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका सर्किट हाउस पर भव्यता के साथ स्वागत किया इस अवसर पर मंत्री जी ने जिले की समीक्षा की और सभी पदाधिकारी को आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी भूमिका निभाने के लिए आदेश दिए आशीष पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की हम 80 की 80 सीट जीतने के लिए दिन रात एक कर रहे हैं और हम सहयोगी दल है, हमें 80 की 80 लोकसभा सीट जीतने की अभिलाषा है साथ ही अगले महा बरेली में मंडलीय कार्यक्रम की भी तारीख जोड़ने के लिए कहा और कहा कि आज हम सब लोग मुरादाबाद मंडल की रामपुर जिले में मंडलीय कार्यक्रम में भाग लेने सभी कार्यकर्ता चले स्वागत स्वागत करने वालों में प्रदेश सचिव विधि मंच गजेंद्र पटेल एडवोकेट , प्रदेश महासचिव विधि मंच अनुज गंगवार एससी एसटी मंच की प्रदेश सचिव सतीश ऋषिवाल युवा अध्यक्ष अवधेश गंगवार कार्यकारी अध्यक्ष आनंद मोहन पटेल जिला उपाध्यक्ष कृष्णपाल पटेल योगेंद्र पटेल जिला महासचिव हर्षित पटेल जिला सचिव प्रशांत कुमार आशा आदि मौजूद रही।

# 60 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया

संवाददाता। शहजहांपुर

**सफाई** व्यवस्था में व्यापक सुधार लाये जाने के लिए नगर निगम के प्रयास के तहत नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा के आदेश पर तैयार किए गए रोस्टर के अनुसार 60 वार्डों में विशेष सफाई अभियान नगर निगम ने चलाया ।



विशेष सफाई अभियान के तहत शहर के मोहल्ला दिलाजाक, बाडूजई प्रथम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय साफ सफाई दुरूस्त पायी गयी। सफाईकर्मी व सफाई नायक अपनी बीट पर उपस्थित पाये गये। कुछ स्थानों पर गन्दगी जैसे नालियों के पास झाड़ियाँ, काई इत्यादि पायी गयी जिसको साफकराने के लिए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये गये। इसके अलावा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ आकस्मिक बैठक कर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने हेतु उचित दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षिक, सफाई नायक रमेश कुमार तथा बैठक में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षिक, सुनील कुमार शाक्य, सी0बी0 सिंह, सत्येन्द्र कुमार कटियार, संजीव कुमार वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

**महापौर ने नए मतदाताओं को जोड़ने की अपील**-मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चल रहा है जिसमें रविवार विशेष तिथियाँ निर्धारित है। इन विशेष तिथियों पर समस्त बी0एल0ओ0 द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्र पर बैठकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य नये मतदाता पहचान पत्र बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। समस्त मा0 पार्षदगण द्वारा अपने अपने क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है किन्तु मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में अभी तक युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ाने हेतु अपेक्षित प्रगति नही हुई है जो कि चिन्ता का विषय है। नगरवासियों के समस्त 18 वर्ष के ऊपर के युवाओंध्युवतियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदगणों, बी0एल0ओ0 से सम्पर्क कर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित करें। पार्षदगण से अपील है कि आवेदकों से नये फार्म भरवाकर एवं उनके पास जो भी नये फार्म भरे हुए रखे हो, उनको तत्काल संबंधित बी0एल0ओ0 अथवा तहसील पर वोटर रजिस्ट्रेशन केन्द्र वी0आर0सी0 पर जमा करा दें।

## संकल्प यात्रा में केन्द्र और प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**संडीला( हरदोई )।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा में क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकारों ने तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों को प्राप्त हो रहा है।

नगर पालिका परिषद द्वारा पावर हाउस परिसर में संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन मो0 रईस अंसारी, अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता, तहसीलदार राजीव यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोनी के अलावा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी और प्रबुद्धजन शामिल रहे। कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आंगनवाड़ी, डूडा, सीएचसी, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पीएम स्वनिधि योजना आदि के स्टॉल लगाकर विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए।

# स्कूलों पर ऑटो और ई रिक्शा प्रतिबंधित करने के आदेश को वापस लेने की मांग की गई

संवाददाता। बरेली

- मांग नही मानी तो सोमवार से कर सकते है हड़ताल

**ऑटो** रिक्शा टेंपो चालक वेलफेयर एसोसिएशन ने अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह के नेतृत्व में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में इकठ्ठे होकर प्रदर्शन किया, पार्क से प्रदर्शन करते हुए मंडल आयुक्त के कार्यालय में ज्ञापन दिया ऑटो , ई रिक्शा को स्कूलो में प्रतिबंधित करने के आदेश को वापस लेने की मांग की।अध्यक्ष कृष्णपाल ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से ऑटो टैम्पू से स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने का कार्य कर रहे हैं। इन बीते 20 वर्षों में आटो टैम्पू चालकों से कोई भी दुर्घटना स्कूली बच्चों को लेकर नहीं हुई है। स्कूल में चलने बाले ऑटो टैम्पू के दोनों गेटों पर जाल लगाकर चलते है जिससे कोई बच्चा बाहर हाथ नही निकाले 2020 से यह आदेश लागू है , लेकिन ऑटो टैम्पो को प्रतिबंधित करने का आदेश पूर्णतया असवैधानिक है। क्योंकि सभी आटो चालक छोटी - छोटी गलियों में जाकर घर से बच्चे उठाते हैं, और घर पर सुरक्षित बापस छोडते हैं।बसे शहर की छोटी - छोटी गलियों में नहीं जा सकती हैं और बसे शहर की छोटी - छोटी गलियों में बच्चों को लेकर नही आ सकती है परिजन को अपने बच्चों को मुख्य सडक पर जाकर छोड़ना होगा छुट्टी में पुन: वापस में लाने को जाना होगा। जिससे बच्चों की सुरक्षा का खतरा बना रहेगा। इसलिए हम माँग करते हैं कि ऑटो टैम्पो ई रिक्शा के प्रतिबंध का आदेश वापस लिया जाय अन्यथा हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान ओमप्रकाश मौर्य , सतेंद्र पाल , महिपाल , वीरेन्द्र मौर्य , प्रमोद कुमार पाल , रमेश चंद्र शर्मा , राजपाल साहू , राजेन्द्र प्रसाद शर्मा , अंकित पाल एवरन पाल आदि ऑटो चालक मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में प्रतिनिधि भेजने पर सीडीओ नाराज़

**संडीला( हरदोई )।** तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ सौम्या गुरूरानी ने अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि वे सामधान दिवस को गंभीरता से लें और अपने स्थान पर अपने प्रतिनिधि कदापि न भेजें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

इस संपूर्ण समाधान दिवस में कतिपय अधिकारियों द्वारा अपने स्थान पर कनिष्ठ कर्मियों को भेजने पर सीडीओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि यह शासन की प्राथमिकताओं में से है। प्रदेश सरकार का निश्चित मत है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण तहसील स्तर पर ही हो जाना चाहिए। अधिकारीगण संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए लोगों को न्याय प्रदान करने में सहयोग दें। समाधान दिवस में 92 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 4 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में एसडीएम तान्या सिंह, सीओ वंदना मिश्रा, तहसीलदार राजीव कुमार के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दो छात्राओं ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिभाग किया



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज एनएसएस इकाई की दो स्वयंसेविकाएं सृष्टि आर.शर्मा और शाजिया खान ने हाल ही में संपन्न हुए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर(मध्य क्षेत्र) में प्रतिभाग किया।यह शिविर देव संस्कृति विश्वविद्यालय,हरिद्वार में आयोजित हुआ था,जिसमे छ राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।सृष्टि व शाजिया दोनों स्वयंसेविकाओ ने शिविर में होने वाली ड्रिल प्रतियोगिता में उत्तम ड्रिल करके एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक ए एस कबीर की शाबाशी पाई। सास्कृतिक कार्यक्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य एवं लोकगीत की सुन्दर प्रस्तुति दी, जिसके लिए उन्हें क्षेत्रीय निदेशक तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर में प्रतिभाग करके वापस लौटने पर कॉलेज के प्राचार्य डा मोहम्मद तारिक ने दोनों छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा कहकशां बेगम, डा कौसर जमाल , डा मोहम्मद शोएब व डॉ शबाना साजिद ने भी छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 3 दिसंबर, 2023



# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों की सुनी समस्याएं, शिकायतों के निस्तारण के दिए निर्देश

● प्राप्त शिकायतों का अधिकारी गुणवत्तापूर्ण, ससमय करें निस्तारणः मंडलायुक्त

● भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करायें निस्तारण

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**जिला** स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कानपुर मंडल मंडलायुक्त अमित गुप्ता, जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा तहसील भोगनीपुर में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 180 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

मंडलायुक्त कानपुर ने कहा कि समस्याओं/ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें, शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर, मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्रवाही की जाय। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न अन्य विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर, निस्तारण आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। इसके श्चात जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया गया तथा स्टालों पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त हुई शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने हेतु निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जेपी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## ओंकारेश्वर आदर्श शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**कानपुर देहात।** जनपद कानपुर देहात में जिला प्रोवेशन अधिकारी के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति फेज 0.4 के अन्तर्गत ओंकारेश्वर आदर्श शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज रनियां सरवनखेड़ा ब्लॉक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण अधिकारी द्वारा मानव अधिकार बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं - निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना, स्पॉन्सरशि, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेशमुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, महिला हेल्प लाइन साइबर अपराध आदि के बारे में जानकारी दी गई , दहेज प्रथा को समाप्त करने हेतु उपस्थित बलिकाओ एवम अध्यापक को शपथ दिलाई गई।

# शासन की लाभपरक योजनाओं से वंचित नागरिकों को दिलायें लाभ

**संवाददाता।** कानपुर देहात




**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय, छतेनी में पहुंचकर आयुक्त महोदय , कानपुर मंडल, कानपुर, अमित गुप्ता ने लाभार्थी परक योजनाओं को प्रदर्शित करते स्टालों का अवलोकन किया साथ ही विभिन्न विभागों से आये लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया7 आयुक्त महोदय के स्वागत में छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, बच्चों को भी प्रोत्साहनस्वरूप प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया7 विद्यालय में ग्राम विकास, पंचायतीराज विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का स्टाल लगाकर इन योजनाओं के बारे में परिचित कराया और उनके लाभ के सम्बन्ध में विस्तार से आम नागरिकों को बताया, जैसा कि ज्ञात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ही है कि शासन की लाभ परक योजनाओं से वंचित नागरिकों को इन योजनाओं के सम्बन्ध में बताना और उनका लाभ दिलाना जिससे सरकार कि योजनाओं से समाज का वो तबका भी लाभ प्राप्त क्र सके जो इन योजनाओं के लाभ से अनभिज्ञ था 7 इस दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जे पी गुप्ता, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंह, उप निदेशक कृषि राम बचन राम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज/अपमार्जन व संशोधन कराने हेतु जनपद में 3 दिसंबर को आयोजित होंगे विशेष कैम्प

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**सहायक** जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनाँक 27.10.2023 से दिनांक 09.12.2023 तक जन सामान्य से दावे / आपत्तियां प्राप्त किए जायेगें। मतदाताओं की सुविधा हेतु दिनांक 02.12.2023 (शनिवार) एवं दिनांक 03.12.2023 (रविवार) को समस्त पदाभिहित स्थलों (मतदेय स्थलों) पर मतदाताओं के पंजीकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमे जन सामान्य से दावे और आपत्तियां यथा फार्म-6, 7, 8 प्राप्त किये जायेगें। उक्त विशेष अभियान दिवस पर समस्त बी0एल0ओ0/पदाभिहित अधिकारी अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेगें। ऐसे सभी पात्र मतदाता जो 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं परन्तु उनके नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से छूट गये है उनसे अपील है कि दिनांक 02.12. 2023 (शनिवार) एवं दिनांक 03.12.2023 (रविवार) को अपने मतदेय स्थल पर जाकर निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज कराने /अपमार्जन कराने / संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रारूप भरकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 के मध्य आलेख्य सूची सभी मतदान केन्द्रों पर देखने हेतु उपलब्ध रहेगी, वेब बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से सम्बन्धित विवरण की पुष्टि की जा सकती है, जनपद कानपुर देहात का जिला कांटेक्ट सेन्टर का टेलीफोन नं0 05111-297056 तथा टोल फ्री नम्बर 1950 है।

## विश्व एड्स दिवस पर जन कल्याण महासमिति व हंस फाउंडेशन ने किया पैदल मार्च

**फतेहपुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन कल्याण महासमिति व हंस फाउंडेशन के तत्वावधान व संस्था प्रमुख बी0पी0 पांडेय के नेतृत्व में एड्स जागरूकता कार्यक्रम शहर के पटेल नगर चौराहे से शादीपुर चौराहे तक पैदल मार्च किया गया। जनमानस



को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया गया। परियोजना प्रबंधक अजय सिंह चौहान ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी संक्रमित सुई व सीरिजों के साझा उपयोग से, संक्रमित माता से उसके शिशु को, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पादों के प्रयोग से एड्स होने की संभावना होती है। एचआईवी किसी मच्छर के काटने से,किसी एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने से एड्स नहीं फैलता है। इसलिये हम सभी को असुरक्षित यौन संबंध से बचना होगा व सुई और सिरिंज का साझा प्रयोग न करें, गर्भवती महिलाओं को पहली तिमाही में एचआईवी की जांच करानी चाहिये। साथ ही रक्त व रक्त उत्पाद पंजीकृत ब्लड बैंक से ही लेना है।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय से करें निस्तारणः डीएम



**खागा ( फतेहपुर )।** सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार कक्ष में जिलाअधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों की लगभग 219 प्रार्थना पत्रों में मौके पर लगभग 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। और शेष शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिया गया। खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आयी हुई शिकायतों को निस्तारण करते हुए। जिलाअधिकारी ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आयी 219 शिकायतों में मौके पर गंभीरता से लेते हुए 6 प्रार्थना पत्रों को निस्तारण किया गया है और इन्होंने बताया कि शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभागों के जिम्मेदाराना लोगों को निर्देशित किया गया है तथा इन्होंने बताया कि सबसे अधिक शिकायतें राजस्व, पुलिस, विद्युत आपूर्ति व जन निगम से सम्बोधित थी। उपजिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य ने राजस्व से सम्बन्धित आयी शिकायतों को हल्का लेखपालों को अतिशीघ्र निस्तारण करने हेतु आदेशित किया। इसी प्रकार तहसीलदार जगदीश सिंह ने आए हुए सभी फरियादियों के शिकायतों को निस्तारण हेतु लेखपालों को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी नंद प्रकाश मौर्य, न्यायिक एसडीएम रवि शंकर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय, तहसीलदार जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार शशांक राय एवं पीयूष सिंह, विद्युत एसडीओ दीपक सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय, चकबंदी अधिकारी अनिल गौतम, खागा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य, एडीओ पंचायत संजय श्रीवास्तव, नगर पंचायत खखरेरू अधिशासी अधिकारी राजकुमार, पूर्ति अधिकारी हरीश रावत व भास्कर मिश्रा, नगर पंचायत धाता अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह व अजय कुमार तिवारी, कोतवाल प्रभारी तेज बहादुर सिंह, थानाअध्यक्ष जयप्रकाश शाही, थानाअध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, थानाअध्यक्ष प्रमोद कुमार राव, धाता थानाअध्यक्ष व हथगाम थानाअध्यक्ष, एसडीएम स्टोनो शैलेंद्र कुमार, राजस्व कुलदीप उत्तम आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा थाना मंगलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया व सर्व-सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

**कानपुर।** प्रशान्त कुमार द्वारा थाना मंगलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान, संपत्ति, थाना परिसर भवन आदि का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय में अभिलेखों माल मुकदमाती के रखरखाव की स्थिति देखी गई। कार्यालय में नियुक्त कर्मियों से भी वार्ता की गयी एवं उनके कार्य से सम्बन्धित दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् क्षेत्र में पैदल गस्त कर आम जनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी डेरापुर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### कल से शुरू होगा मांचा गांव स्थित सय्यद मरदान अली शाह बुखारी रहमतुल्लाह अलैह का तीन-दिवसीय मेला

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के मांचा गांव में तीन दिवसीय मेला आगामी 4 दिसंबर से शुरू होकर 6 दिसंबर तक चलेगा, जहां तीन दिन तक अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। बताते चलें कि विकासखंड क्षेत्र के मांचा गांव में आगामी 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैय्यद मरदान अली शाह बुखारी रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स बड़े ही धूमधाम से मनाया जाना है। जहां 3 दिसंबर की रात में बेहतरीन सूफियाना कव्वालियों के साथ उर्स का आगाज होगा वहीं 4 दिसंबर को सुबह कुरान ख्वानी, शाम 4 बजे चादरपोशी, रात में महफिल ए शमां का कार्यक्रम होगा वहीं 5 दिसंबर को दिन में भजन, बुंदेलखंड का लोकप्रिय दीवारी नृत्य दिवारी नृत्य रात में महफिल ए शमां होगी तथा तथा अगले दिन 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे कुल की फातिहा के बाद सूफियाना कव्वालियों के साथ मेले का समापन होगा। अवगत हो कि मांचा गांव में स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैय्यद मरदान अली शाह बुखारी रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं तथा आस्ताने में अपना माथा टेक अपने दिल की मुराद मांगते हैं वही गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगी भी आस्ताने औलिया में पहुंचते हैं तथा वहां से पूर्ण रूप से ठीक होने के बाद अपने घरों के लिए रवाना हो जाते हैं। वहीं मेला के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी गांव के समाजसेवी जीशान अली पुत्र मरहूम एडवोकेट जव्वाद अली पूर्व प्रधान ने देते हुए सभी लोगों से उर्स में शामिल होने की अपील की है।

### श्रमिक अवमुक्तिकरण अभियान चलाकर कराए गए आठ बाल श्रमिक अवमुक्त

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** डीएम के निर्देश पर बाल एवं किशोर श्रमिको के रेस्क्यू अभियान में आधा दर्जन से अधिक बाल श्रमिक अवमुक्त कराए गए । छापामार टीम को देख कई दुकानदार शटर गिराकर मौके भाग गए रेस्क्यू अभियान से नगर में हडकंप मच गया। आधा दर्जन से अधिक दुकनदारो को नोटिस भी थमाये गए । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने बाल एवं किशोर श्रमिको के अवमुक्तीकरण एवं पुर्नवासन को लेकर बाल श्रमिको के अवमुक्त के लिए अभियान चलाया। शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित की गई । जिसमें श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमारए एएचयू प्रभारी निरीक्षक हरिनंदन ओझाए बीडीओ गगनदीप सिंहए बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंहए वरिष्ठ सहायक विजय चौधरीए नायब तहसीलदार मनीष कुमारए खंड शिक्षा अधिकारी ने पुलिस फोर्स के साथ श्यामागेट फैंसी बटन स्टोरए लोहाई बाजार विनीत कुमार वर्तन विक्रेता, सब्जी मंडी में बालाजी गारमेंट, बाईपास स्थित दाउद के ढाबे, काजम खां में शिवा गारमेंट, बजरिया स्थित वैश्य गारमेंट, पटवनगली रोड स्थित पानी टंकी के पास टेलर रफी अहमद, बबलू टेलर के यहां से बाल श्रमिक अवमुक्त कराए।

### नगर में धूमधाम निकली बाबा भैरव नाथ के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** नगर में धूमधाम निकली शोभायात्रा बाबा भैरव नाथ के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।श्रद्धालुओं ने स्वरूपों की आरती उतारकर पुष्पवर्षा की। श्रद्धालु भक्तिगीतों की धुन पर जमकर थिरके।शहर के रेलवे रोड़ स्थित पांडेश्वर नाथ मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा रेलवे रोड़, चौक, बाल भैरव मन्दिर, चौक, अंगूरी बाग शोभायात्रा होते हुए अमेठी कोहना मन्दिर पर समाप्त हुई । शोभायात्रा पर जगह-जगह फूल बरसे, आरती उतारी गई। यात्रा में शामिल धूना में आहुति देकर पुण्य कमाने को श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। महिलाएं भक्ति धुन पर नृत्य करती रहीं।भक्तों के माथे पर चंदन का टीका लगा था। भक्ति गीतों पर करतल ध्वनि गूंज रही थी। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों से उतरकर शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा आगे बढ़ती रही, वहीं पीछे भक्तों की कतार लंबी होती गई। बाल भैरव के रथ पर बैठे युवक को लगा करंट, गंभीरशोभायात्रा में बाल भैरव के रथ पर सबार युवक 42 वर्षीय वीरू पुत्र मुन्ना पेंटर बाल भैरव के रथ पर सवार था । रथ के ऊपर निकली केबिल हटाने के चक्कर उसको जोरदार करंट लग गया । जिससे वह रथ के नीचे गिर गया।

# जन शिकायतों को अधिकारी गंभीरता पूर्वक सुन निस्तारण करें:डीएम

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष 98 शिकायतें प्राप्त है जिसमें से 5 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए।

उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित



करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायतों को मौके पर ही पहुंचकर निस्तारण करें, जिससे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। शिकायतकर्ता बृजभान निवासी नावर की प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना से बंचित रहने की शिकायत की, जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि त्वरित आलेख अंकन कर दिया जाए और आगामी किस्त किसान सम्मन निधि देकर लाभान्वित किया जाए। हरिओम निवासी बंगरा अपने पिताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने पर शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी नदीगांव को निर्देशित किया कि तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य की शिकायतों को पारदर्शी ढंग से निस्तारण करें साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ शशि भूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गौशालाओं में सर्दी को देखते हुये पुख्ता इंतजाम करायें:एसडीएम

**जालौन ( उरई )।** ठंड से बचाव के लिए गौशालाओं में पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। किसी भी पशु की मौत ठंड के चलते नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश एसडीएम ने तहसील सभागार में ग्राम प्रधानों और सचिव के साथ बैठक के दौरान दिए।

तहसील सभागार में एसडीएम सुरेश कुमार की अध्यक्षता और बीडीओ प्रशांत कुमार की उपस्थिति में ब्लॉक् क्षेत्र के प्रधान व सचिवों के साथ ठंड से गोवंशों के बचाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के 40 गांवों अस्थाई गोशालाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा जालौन नगर व हरीपुरा में कान्हा गोशाला का संचालन किया जा रहा है। एसडीएम सुरेश कुमार ने उपस्थित प्रधान व सविचों को निर्देश देकर कहा कि ठंड का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में गोशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

## हर गांव में विकास की गारंटी महिलाएं हो रहीं सशक्त

**संवाददाता।** कदौरा (जालौन)

**ब्लॉक** क्षेत्र के इटौरा बावनी और बवीना में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का धूमधाम से कार्यक्रम हुआ। प्रधान व अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का सीधा प्रसारण देखा। विकसित भारत का भागीदार बनने की शपथ ली गई।



इटौरा बावनी के पंचायत घर में आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद थियेटर वैन की बड़ी स्क्रीन पर भारत की विकास यात्रा व प्रगति की तस्वीर प्रस्तुत की गई। श्रम उपायुक्त अवधेश कुमार दीक्षित ने कहा कि पात्रों को लाभ दिलाना शासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इटौरा बावनी प्रधान राजकुमार यादव राजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन में हर गांव विकास की गारंटी बनने को अग्रसर है।

ग्रामीण महिलाएं सशक्त हो रही है। गरीब, युवा, किसान आदि सभी वर्गो का उत्थान सरकार के एजेंडे में है।

कार्यक्रम में मौजूद विभागो के अधिकारियों ने अपने अपने विभाग की योजनाएं बताई। इस दौरान बीडीओ मानूलाल यादव, एडीओ पंचायत संतोष गौतम, हेमंत गौतम, रामसिंह सहित अन्य अधिकारी, ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष

## विधान सभा...

लड़वाया है, पार्टी का प्रदर्शन तय करेगा कि पार्टी का सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाला मुख्यमंत्री मजबूती से वापसी करेगा या नहीं या अनिश्चित भविष्य से जूझना पड़ेगा। 2018 के चुनावों के बाद एक संक्षिप्त अवधि को छोड़कर जब कमलनाथ ने लगभग 15 महीने तक कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया था, तब शिवराज सिंह चौहान 2005 से ही सत्ता पर हैं। राजस्थान में सरकार की कुंजी पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया के पास है, जिन्हें भी मप्र में चौहान जैसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली मौजूदा कांग्रेस सरकार भी हर चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को बाहर करने की तीन दशक की परंपरा को तोड़ने के लिए अपनी सरकार के कल्याणकारी उपायों पर भरोसा कर रही है। अब हार से कांग्रेस को तीन बार के मुख्यमंत्री रहे ओबीसी नेता से आगे देखने की जरूरत पड़ सकती है, जिनके अपने पार्टी नेतृत्व के साथ अच्छे समीकरण नहीं रहे हैं। लेकिन जो अभी भी छिपा हुआ है वह मंगलवार सरकार के पूरे कार्यकाल के दौरान गहलोत और उनके पूर्व डिप्टी सचिन पायलट के झगड़े का परिणाम है। 2023 के विधानसभा नतीजों के लिए रेगिस्तानी राज्य में लगभग 17/18 सीटें वसुंधरा और पायलट के हाथ में हैं। छत्तीसगढ़ में तीन बार सीएम रह चुके रमन सिंह पर सबसे ज्यादा नजर रहेगी क्योंकि उनके पहले कार्यकाल में कांग्रेस के वर्तमान सीएम भूपेश बघेल का मूल्यांकन किया जाएगा। बघेल ने सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं से लोकप्रियता हासिल की, लेकिन 90 सदस्यीय विधानसभा में रमन प्रभाव और मोदी मैजिक मिलकर कांग्रेस और भाजपा के खजाने से एक और राज्य निकाल देंगे। जब से एग्जिट पोल के अनुमान सामने आए हैं, तब से प्रत्याशा का माहौल बन गया है, हालांकि अतीत में, व्यक्तिगत एग्जिट पोल अपनी छाप छोड़ने में सफल नहीं हुए हैं। और इसलिए अनुमान संख्याएं बताती हैं कि कांग्रेस की क्लीन स्वीप की उम्मीदों को झटका लग सकता है। अधिकांश सर्वेक्षणों से पता चलता है कि कांग्रेस हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछड़ सकती है। यहां तक ??कि छत्तीसगढ़ में भी, जहां कांग्रेस इस समय बहुत प्रभावी है, भाजपा की देर से बढ़त के कारण उसे कड़ी चुनौती मिलेगी।

## आप सांसद...

जांच के सिलसिले में आप सांसद को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद वह दूसरे बड़े नेता हैं। दिल्ली पर शासन करने वाली आप ने गिरफ्तारियों और मामले को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है। ईडी के अनुसार, जांच में पता चला है कि अरोड़ा ने सिंह के घर पर दो मौकों पर दो करोड़ रुपए नकद पहुंचाए थे। अगस्त 2021 से अप्रैल 2022 के बीच यह नकदी पहुंचाई गई।

## महुआ के...

सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन ने सरकार पर सभी दलों की बैठकों को 'समय की बर्बादी' करने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल में अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी के खिलाफ मुखर होने के विपरीत लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी मोइत्रा के बचाव में आ गए हैं। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन की 'मुख्य रूप से सदस्यों के अधिकारों से संबंधित' संसदीय समिति प्रक्रियाओं की व्यापक समीक्षा का आग्रह किया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार ने बैठक के दौरान आश्वासन दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने कहा कि विपक्ष को चर्चा के लिए एक सक्षम वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा। जोशी ने पत्रकारों से कहा कि बैठक में सरकार ने आश्वासन दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन में चर्चा के लिए पूरा माहौल बने और कहीं कोई व्यवधान न हो। जोशी ने कहा कि सरकार रचनात्मक चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है और उसने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होने देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्ष के सुझावों को सकारात्मक रूप से लिया है। जोशी ने बताया कि 19 विधेयक और दो वित्तीय विषय विचाराधीन हैं। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष ने कुछ मुद्दों पर चिंता व्यक्त कि है जिसमें चीन द्वारा हमारी जमीन हड़पना, मणिपुर, महंगाई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का दुरुपयोग शामिल है। यह बैठक जोशी ने बुलाई और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता फौजिया खान और आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा और यह 22 दिसंबर तक चलेगा जिसमें 15 बैठकें होंगी। इस सत्र में औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन विधेयक लाने सहित प्रमुख विधेयकों के मसौदे पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में पैसे लेकर प्रश्न पूछने के मामले में लोकसभा की एक समिति की रिपोर्ट भी पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध है। इस रिपोर्ट में तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है।

## 15 दिसंबर...

बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रभु श्रीराम की पावन अयोध्या नये भारत की नई अयोध्या बन रही है। अयोध्या की देश और दुनिया के साथ कैसी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, इसी के निरीक्षण के लिए यहां केंद्रीय मंत्रियों के साथ आना हुआ है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। इसे एक बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में तैयार किया गया है। 821 एकड़ लैंड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया द्वारा नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि अयोध्या के विकास के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यक है वो अयोध्यावासियों को प्राप्त होगा। अयोध्या को उसका गौरव पुन: प्रदान करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ प्रयास कर रही है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि अयोध्या के हवाईअड्डे में यहां की सांस्कृतिक क्षमता को परिलक्षित करने की कोशिश हुई है। पहले चरण में 65 हजार वर्ग फुट का हवाईतल बनने जा रहा है। इसकी क्षमता प्रतिघंटे 2 से 3 फ्लाइट की होगी। यहां 2200 मीटर के रनवे का क्रियान्वयन होने जा रहा है, जिसपर छोटे विमानों के साथ ही बोइंग 737, एयरबस 319 और एयरबस 320 जैसे बड़े विमान भी लैंड कर सकेंगे। शुरुआत में यहां 8 एप्रन बनाए गये हैं। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण के लिए शीघ्र ही कैबिनेट से स्वीकृति लेने की तैयारी है। दूसरे चरण में रनवे की लंबाई को बढ़ाकर 3700 मीटर किया जाएगा, ताकि बोइंग 787 और बोइंग 777 जैसे सारे अंतरराष्ट्रीय विमान सीधे अयोध्या में लैंड कर सकें। पहले फेज के समीप ही दूसरे फेज के विमानतल को तैयार किया जाएगा, जोकि 5 लाख स्क्वायर फुट का होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी...

नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में न तो कतर के अधिकारियों और न ही भारत ने भारतीय नागरिकों के खिलाफ आरोपों को सार्वजनिक किया। भारत ने कतर की अदालत के फैसले को बहुत चौंकाने वाला बताया था और मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी। मौत की सज़ा के ख़िलाफ़ अपील पहले ही दायर की जा चुकी है और कतर की एक उच्च अदालत ने पहले ही याचिका स्वीकार कर ली है। यह अपील हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिकों की कानूनी टीम द्वारा दायर की गई है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को यहां कहा था कि सरकार आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को वापस लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। एडमिरल कुमार ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं कि उनके हितों का ध्यान रखा जाए।' उन्होंने कहा कि भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है कि उन्हें वापस लाया जाए।

# विकासशील देशों ने अमीर देशों पर दबाव डाला

## ● सीओपी28: जलवायु परिवर्तन से बेहतर ढंग से लड़ने का आह्वान

**भाषा।** दुबई

**संयुक्त** राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को विकासशील देशों के नेताओं ने अमीर देशों से ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के तौर-तरीके साझा करने और वित्तीय बोझ को कम करने का आग्रह किया। यह वार्षिक जलवायु शिखर सम्मेलन का 28वां संस्करण है, इसलिए इसे सीओपी28 का नाम दिया गया है। शुक्रवार को सम्मेलन में विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राष्ट्राध्यक्षों ने ताप में वृद्धि करने वाले उत्सर्जन को घटाने के लिए अपनी योजनाएं पेश कीं और करीब आती दिख रही जलवायु त्रासदी को रोकने के लिए एक-दूसरे से साथ आने का आग्रह किया। विश्व के लगभग 150 नेताओं की उपस्थिति के साथ शुरू हुआ यह सम्मेलन 12 दिसंबर को समाप्त होगा। वहीं इस मौके पर पोप फ्रांसिस का एक पत्र पढ़ा गया। इसमें पोप फ्रांसिस ने कहा, पर्यावरण को क्षति ईश्वर के खिलाफ अपराध है। पोप फ्रांसिस को फेफड़ों में सूजन के कारण सीओपी28 शिखर सम्मेलन में आने का अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। पोप फ्रांसिस का पत्र वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पैरोलिन ने पढ़ा। इसमें फ्रांसिस ने कहा, जो कुछ हो रहा है उसके असली पीड़ित गरीब हैं: हमें केवल मूल लोगों की दुर्दशा, वनों की कटाई, भूख, पानी और खाद्य असुरक्षा और मजबूर प्रवासन की त्रासदियों के बारे में सोचने की जरूरत है। शनिवार सुबह का सत्र ज्यादातर विकासशील देशों पर केंद्रित रहा। कई अफ्रीकी नेताओं ने कहा कि उनके महाद्वीप में वर्षावन वायु में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने में मदद करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके देश अमीर देशों की तुलना में बहुत कम उत्सर्जन करते हैं। उप-सहारा अफ्रीका के सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों में से एक इक्वेटोरियल गिनी के राष्ट्रपति तेओडोरो ओबियंग न्गुएमा म्बासोगो ने जलवायु कार्वाई के लिए वित्तपोषण से संबंधित प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और उद्योगों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लक्ष्यों को पूरा करने में विफल रहने पर विकसित देशों की आलोचना की। उन्होंने कहा, अफ्रीका दुनिया के उन क्षेत्रों में से एक है जो सबसे अधिक कार्बन सोखता है और ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होर्ता ने बहुपक्षीय ऋण संस्थानों की तरफ से दिए जाने वाले शार्क लोन की आलोचना करते हुए कहा कि विकासशील देश भारी ऋण के बोझ से उबर नहीं सकते। शार्क लोन ऊंची ब्याज दरों पर दिए जाने वाले कर्ज के लिए प्रयुक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह ऋण जलवायु परिवर्तन से लड़ने में पैसा खर्च करने और आर्थिक प्रगति की उनकी क्षमता को कमजोर कर सकता है। शनिवार को बाद में, वैश्विक तेल उत्पादन के लगभग आधे का प्रतिनिधित्व करने वाली 50 तेल कंपनियों ने 2030 तक लगभग शून्य मीथेन उत्सर्जन तक पहुंचने और अपने संचालन में नियमित आग को समाप्त करने का वादा किया। यह जानकारी इस साल की संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता के अध्यक्ष सुल्तान अल-जबर ने दी। कंपनियों ने 2050 तक अपने परिचालन उत्सर्जन के लिए "शुद्ध शून्य" तक पहुंचने के लिए भी हस्ताक्षर किए। इस संकल्प में सऊदी अरब की अरामको, ब्राजील की पेट्रोब्रास और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के साथ ही शेल, बीपी और टोटलएनर्जीज जैसी बहु-राष्ट्रीय कंपनियां भी शामिल हैं। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के प्रमुख अल-जबर प्रमुख हैं।

## हिमालय ने लगाई मदद की पुकार, सीओपी28 को इस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए: संरा प्रमुख



**दुबई।** हिमालई क्षेत्र में संभावित आपदा की चेतावनी देते हुए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने शनिवार को कहा कि यहां के पर्वत मदद के लिए चीख-पुकार कर रहे है और इस समय जारी सीओपी28 वार्ता को इस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां चल रही वार्षिक जलवायु वार्ता को विकासशील देशो खासतौर पर उन कमजोर पर्वतीय देशो की जरूरतो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिए जिन्हे तत्काल मदद की जरूरत है। हिमालय के हिमनद (ग्लेशियर) खतरनाक दर से पिघल रहे है। लगभग 24 करोड़ लोग हिमालई हिमनदो और यहां से निकलने वाली सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी 10 प्रमुख नदियो पर निर्भर है। भारत सहित आठ देशो मे इन नदियो के निचले हिस्से मे रहने वाले एक रब लोग भी हिमनद से पोषित नदियो पर निर्भर है। इस साल के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी28) मे पर्वतीय देशो की एक बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने जोर देकर कहा कि नेपाल की लगभग एक तिहाई बर्फ केवल 30 वर्षो मे गायब हो गई और इसका सीधा संबंध ग्रीनहाउस गैसो के उत्सर्जन से है जो धरती को गर्म करती है। गत अक्टूबर के अंतिम सप्ताह मे एवरेस्ट क्षेत्र समेत नेपाल का दौरा करने वाले गुतारेस ने विकसित देशो 100 अरब अमेरिकी डॉलर देने पर रुख स्पष्ट करने और 2025 तक अनुकूलन वित्त को दोगुना कर 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष करने की योजना तैयार करने का आह्वान किया।

## भारत भविष्य पर नजर ही नही रख रहा, बल्कि उसे संवार भी रहा: कंबोज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र मे भारत की राजदूत ने कहा कि विश्व की सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत प्रभावशाली तरीके से भविष्य को संवार रहा है और इसके युवा संपोषणीय विकास लक्ष्यो (एसडीजी) की दिशा मे प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी का एक प्रभावी उपकरण के तौर पर उपयोग कर रहे है। 'युक्त राष्ट्र मे भारत की स्थाई प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने।एम।बी सक्रिय प्रभाव सम्मेलन में अपने विशेष संबोधन में कहा कि भारत वास्तव मे युवाओं की परिवर्तनकारी शक्ति मे विश्वास करता है।उन्होने बृहस्पतिवार को कहा , हमारा मानना है कि एसडीजी को 2030 तक हासिल करने की राह हमारी युवा जनसंख्या की ऊर्जा, सृजनशीलता और नवोन्मेष से होकर गुजरती है। उन्होंने कहा, भारत मे दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी है जो अनोखी बात है। इसलिए, हम केवल भविष्य पर नजर ही नही रखे हुए है, बल्कि उसे संवार भी रहे है। कंबोज ने कहा कि संपोषणीय विकास लक्ष्यो (एसडीजी) की दिशा मे प्रगति के लिए प्रौद्योगिकी का एक प्रभावी उपकरण के तौर पर उपयोग कर रहे है। उन्होने कहा कि संपोषणीय कृषि से लेकर स्वास्थ्य नवोन्मेष तक इस बात के चमकते उदाहरण है कि कैसे प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल भलाई के लिए तथा चुनौतियों को अवसरो में तब्दील करने में किया जा सकता है।इस सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) से संबद्ध गैर सरकारी संगठन (एनजीओ)।एम।बी ने डीजीसी के प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ की मदद से किया था।।एम।बी (एम मिलियन फोर वन बिलियन) 2014 मे स्थापित किया गया एक गैरलाभकारी संगठन है।यह संगठन डिजिटल कौशल निर्माण, बदलाव , उद्यमिता को लेकर प्रतिबद्ध है तथा वह भारत मे युवाओं को कृत्रिम मेधा, ग्रीन स्किल्स , उद्यमिता, डिजिटल नागरिकता, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) , वर्चुअल रियलिटी , एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियो मे प्रशिक्षित करने की कोशिश मे जुटा है। अबतक 500,000 विद्यार्थी। एम।बी के कार्यक्रमो में हिस्सा ले चुके है।संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित सातवे।एम।बी सक्रिय प्रभाव सम्मेलन में करीब 50 भारतीय किशोरो ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार श्री मती रतन प्रभा,प्रापर्टी नं.452/2-डी,क्षेत्रफल 200वर्ग। YDS(खसरा संख्या 3596/3087/1342/624,खेवट संख्या 207/302,खतौनी संख्या 293/230,चंद्रावली उर्फ शाहदरा,दिल्ली-110032.की मालकिन है। तथा श्री मती रतन प्रभा के पास से निम्नलिखित दस्तावेज खो गए हैं। वसीयत नरेंद्र कुमार के पक्ष में,2.विक्रय विलेख दिनांक 09.12.1964महा देवी के पक्ष में,साथ ही इस संपत्ति की सभी मूल पिछली श्रृंखला भी नही है तथा,यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय श्री मती रतन प्रभा के बीच ,मान्या नही होगा.तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखेन.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

**एडरेम लिगल सल्यूशन**
चेंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई दिल्ली.- ७५. म. ९८९९०१३९१८



**सार्वजनिक सूचना**

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसइआईएए) दिल्ली (दिल्ली प्रदुषण नियंत्रण समिति का कार्यालय), 5वीं मंजिल, आईएसबीटी बिल्डिंग, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006 ने दिनांक 16.10.2023 को 'द एड्रैस', प्लाट न0 4.बी, मयूर विहार फेस-1 एक्सटैंशन, दिल्ली- 110091 के विस्तार की हमारी प्रस्तावित परियोजना को पर्यावरण मंजूरी प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया है । "पर्यावरण पहचान संख्या EC23B038DL113325 दिनांक 17.10.2023 और इस पर्यावरणीय मंजूरी को MoEF&CC/SEIAA की वेबसाइट "environment-clearance.nic.in" पर भी दर्शाया गया है ।"

अंर्टाकटिका प्रोपट्रीज कम्पनी लिमिटेड


## अमेरिकी संसद परिसर में हुए दंगों के मामले रद्द करने से जुड़ी ट्रंप की याचिका खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद भवन परिसर (कैपिटल हिल) मे 2021 मे हुए दंगे से संबंधित मामले मे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ सकता है। संघीय अपीलीय अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने मामलो के रद्द करने के अनुरोध से संबंधित ट्रंप की याचिका खारिज कर दी। इन मामलो मे ट्रंप पर छह जनवरी 2021 को हिंसक भीड़ को उकसाने का आरोप है। ट्रंप ने अपनी याचिका मे कहा था कि हिंसा के वक्त वह राष्ट्रपति पद पर थे और राष्ट्रपति होने के नाते उन्हे विपक्षी पार्टी और पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे से छूट मिलनी चाहिए।

## पाकिस्तान: गौहर अली को इमरान की पार्टी पीटीआई का अध्यक्ष चुना गया

**इस्लामाबाद।** जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने शनिवार को बैरिस्टर गौहर अली खान को नया अध्यक्ष चुना। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार खान द्वारा नामित वकील गौहर (45) ने निर्विरोध अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। कई मामलो मे सितंबर से जेल मे बंद और तोशखाना भ्रष्टाचार मामले मे दोषी करार दिए गए 71 वर्षीय खान संगठनात्मक चुनाव नही लड़ सके। पीटीआई अध्यक्ष की कानूनी टीम के सदस्य रहे गौहर खान के नामांकन की लेकर 29 नवंबर को घोषणा की गई थी। तब उन्होने कहा था, इमरान खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष थे, है और रहेंगे... खान के लौटने तक मै अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा।

## बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया

**ढाका।** बांग्लादेश मे शनिवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके पूरे देश मे महसूस किए गए। हालांकि, भूकंप से किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की जानकारी नही है। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने कहा कि बांग्लादेश मे सुबह 9:35 बजे 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर जिले मे रामगंज के निकट 10 किलोमीटर की गहराई मे था। बांग्लादेश के कई लोगो ने फेसबुक पर लिखा कि भूकंप के कारण राजधानी ढाका और अन्य जगहो पर इमारते हिलने से वे डर गए। देश मे इस साल कई भूकंप आए है, जिनमे अगस्त मे पूर्वोत्तर भारत की सीमा के पास आया भूकंप भी शामिल

## मलाबार का कनाडा में

**कनाडा।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने इतिहास बनाया है क्योंकि प्रथम भारतीयज्वेलरी रिटेलर का ग्रेटर टोरंटो एरिया के अंदर हार्टलैंड टाउन सेंटर पर मिसिसॉगा मेंअपने नए स्टोर के साथ कनाडा में प्रथम भारतीय ज्वेलरी रिटेलर खुलने के लिए तैयार है। इसके साथ ब्रांड ने यूएई, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन, सिंगापुर,मलेशिया,यूएस,एयूके, कनाडा और भारत में स्थित 335 स्टोर्स के साथ अपनी व्यापक ब्रांड उपस्थित दर्ज की है। इस समय विश्व के छठे सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर का दर्जा प्राप्त मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्सके ग्लोबल ऑपरेशन मैप परकनाडा 12वां देश और नॉर्थ अमेरिका में दूसरा देश बन गया है। चेयरमैनए एमपी अहमद द्वारा वर्चुअलीइस स्टोर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ओंटारियो की एसोसिएट बिजनेस मिनिस्टर मिस नीनाटंगड़ी द्वारा शामलाल अहमद,मैनेजिंग डायरेक्टर इंटरनेशनल ऑपरेशंसएमलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स आमिर सीएमसी डायरेक्टर फाइनेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जोसेफईपन रीजनल हेड नॉर्थ अमेरिका भी मॉजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन परिषद के लिए फिर से चुना गया भारत

**लंदन।** भारत को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) परिषद के लिए यहां शुक्रवार को हुए चुनाव में 2024-25 द्विवार्षिक सत्र के लिए सर्वाधिक वोट के साथ फिर से चुन लिया गया।भारत का फिर से चुना जाना ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ "अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे अधिक रुचि वाले 10 देशों की श्रेणी में आता है।ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि यह वैश्विक समुद्री संचालनों में भारत के विविध योगदान को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चुनाव के तुरंत बाद दोरईस्वामी ने कहा, भारत को वैश्विक समुद्री क्षेत्र में सेवा जारी रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से हम प्रसन्न और अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, आज लंदन में श्रेणी बी में आईएमओ परिषद के लिए चुनाव में सर्वाधिक वोट के साथ हमे फिर से चुना गया, जिससे आईएमओ में भारत की निरंतर सेवा का एक गौरवपूर्ण और अटूट रिकॉर्ड बरकरार रहा।

## इजरायली का अब भीड़भाड़ वाले दक्षिणी गाजा में हमला

### ●निकासी के बावजूद मृतकों की संख्या बढ़ी

**भाषा।** खान यूनिस

**इजराइल ने** शनिवार को गाजा पट्टी के भीड़भाड़ वाले दक्षिणी हिस्से के ठिकानों पर हमला किया और लोगों को आसपास के उन इलाकों को खाली करने का आदेश दिया जिन्हें हमला करने के लिए चिह्नित किया गया है। अमेरिका और अन्य की ओर से गाजा के नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने का आग्रह करने के बावजूद मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इस क्षेत्र पर शासन करने वाले चरमपंथी संगठन हमास के साथ एक सप्ताह के संघर्ष विराम के बाद शुक्रवार सुबह फिर से शुरू हुई लड़ाई में कम से कम 200 फिलस्तीनी मारे गए हैं।हमास शासित गाजा के मंत्रालय ने अलग से घोषणा की कि सात अक्टूबर को इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत के बाद से गाजा में मरने वालों की कुल संख्या 15,200 से अधिक हो गई है, मरने वालों की पूर्व संख्या 13,300 से काफी अधिक है। युद्ध के कारण कनेक्टिविटी और अस्पताल संचालन में व्यवधान आने के बाद मंत्रालय ने 11 नवंबर से दैनिक आधार पर कुल मृतकों का आंकड़ा देना बंद कर दिया था। मंत्रालय नागरिकों और लड़ाकों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन शनिवार को कहा कि मृतकों में 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे थे। इसने कहा कि पिछले दो महीनों में 40,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अस्थाई संघर्ष विराम के टूटने पर इजराइल से उसके निकटतम सहयोगी अमेरिका ने फिलस्तीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया था। यह अपील युद्ध के पहले हफ्तों में जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले के बाद आई जिसमें उत्तरी गाजा के बड़े क्षेत्रों को तबाह कर दिया गया और हजारों फलस्तीनी नगारिक मारे गए तथा हजारों लोग विस्थापित हुए। लगभग 20 लाख फलस्तीनी नागरिक, जो गाजा की लगभग पूरी आबादी है, अब क्षेत्र के दक्षिणी आधे हिस्से में सिमटकर रह गए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को दुबई में सीओपी28 जलवायु सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि वह आत्म रक्षा के इजरायल के अधिकार को स्वीकार करते हैं।



### इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15,200 से अधिक हुई: गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय

**खान यूनिस।** हमास शासित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतक संख्या 15,200 के आंकड़े को पार कर गई है और मारे गए लोगो मे 70 फीसदी महिलाएं और बच्चे है। इस आंकड़े की घोषणा शनिवार को मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-किद्रा ने की। उन्होने इस बारे मे अधिक विवरण नही दिया। इसके पहले मंत्रालय ने अपने पूर्व के विवरण मे कहा था कि 13,300 से अधिक लोगो की मौत हुई है। लेकिन इस संख्या मे अधिक इजाफे की वजह के बारे मे किद्रा ने कुछ नही कहा। मंत्रालय नागरिको और लड़ाको मे फर्क नही करता है। किद्रा ने कहा कि 40 हजार से अधिक लोग घायल हुए है। हमास के साथ हफ्तेभर के संघर्ष विराम के बाद इजराइल ने नए सिरे से हमला तेज कर दिया है जिससे नागरिको के और अधिक संख्या मे हताहत होने को लेकर फिर से चिंता बढ़ गई है। हालांकि, अमेरिका ने अपने सहयोगी देश इजराइल से कहा है कि वह नागरिको की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए। इजराइल ने शनिवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र पर कई हमले किए। सेना ने कहा कि उसने हवाई बमबारी, टैंक और अपनी नौसेना के जरिए इस दौरान हमास के 50 से अधिक ठिकानो पर हमला किया।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Smt. Rajin Mehra allottee of residential flat no. B-68 Tower-B, 63 Golf Drive developed by Sunrays Heights Pvt. Ltd., expired on 24 June, 2023 intestate. I Lovey Mehra son of Rajin Mehra hereby invites for any claimant/s or objection/s against the transfer of the said property of my deceased Mother in my favour with 30 days of publication of this notice, with copies of proofs to support the claims/objections at the below mentioned address. If no claims/objections are received within the stipulated time as above the developer shall be at the liberty to transfer the said Flat of the deceased to her son in the manner provided under the applicable laws/policy.

**LOVEY MEHRA**
**C/o SUNRAYS HEIGHTS PVT. LTD.**
211, 2nd Floor, Ansal Bhawan, 16, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110001



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I,Jagat Jit Singh S/o Sh. Sardar Singh R/o DDA MIG Flat No.B-4/130/1,Ground Floor,Safdarjung Enclave,New Delhi-110029 owner of DDA MIG Flat No.B-4/130/1,Ground Floor, Safdarjung Enclave,New Delhi-110029.** The original documents i.e. Allotment-cum-Demand Letter of the above flat have been lost.An FIR to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No.1180774/2023 dated 29.11.2023.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above address/phone No.7827603280 within 15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right ,interest,objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy.Director(LAB)H or Director(H)-I/H-II,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**


## ठंड आने के साथ ही रूस के साथ युद्ध नए चरण में है: यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की



**खारकीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि सर्दियों की शुरुआत हो गई है तथा इस मौसम में युद्ध के और जटिल होने के अनुमान के साथ ही यह एक प्रकार से नए चरण में है। जेलेंस्की ने साथ ही कहा कि यूक्रेन हार नहीं मानेगा। उन्होंने पूर्वोत्तर यूक्रेन के खारकीव में एसोसिएटेड प्रेस के साथ बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा, यह युद्ध का नया चरण है। अगर देखा जाए तो सर्दी अपने आप में ही युद्ध का नया चरण है। यह पूछे जाने पर कि क्या अभी तक जवाबी कार्वाई में अपेक्षित परिणाम मिल पाए हैं, जेलेंस्की ने काफी जटिल उत्तर दिया। उन्होंने कहा, देखिए हम हार नहीं मानेंगे। मैं संतुष्ट हूं। हम दुनिया की दूसरी (सर्वश्रेष्ठ) सेना के साथ लड़ रहे हैं। उनका इशारा रूस की सेना की ओर था।जेलेंस्की ने कहा, हम लोगों को खो रहे हैं। इस बात से मैं संतुष्ट नहीं हूं। हमें वे सारे हथियार नहीं मिले जो हम चाहते थे, इसलिए मैं संतुष्ट नहीं हो सकता लेकिन मैं ज्यादा शिकायत भी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात का डर है कि इजराइल-हमास युद्ध का असर यूक्रेन संघर्ष पर भी पड़ सकता है तथा प्रतिस्पर्धी राजनीतिक एजेंडे और सीमित संसाधनों के कारण कीव को पश्चिमी देशों से मिलने वाली सैन्य सहायता प्रभावित हो सकती है।

### पुतिन ने रूस की सेना को दिया 170,000 और सैनिकों को शामिल करने का आदेश

**मॉस्को।** यूक्रेन और रूस के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष के मध्य रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश की सेना को कम से कम 170,000 और सैनिको को शामिल करने के शुक्रवार को आदेश दिए। यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष 22 माह से जारी है। पुतिन का यह आदेश शुक्रवार को जारी हुआ और इसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया दिया गया जिससे रूसी सैन्यकर्मियों की बढ़कर संख्या 2,200,000 हो गई। इसमें।,320,000 सैनिक भी शामिल है।अगस्त 2022 में पुतिन ने 137,000 सैनिको को शामिल करने के आदेश दिए थे जिसके बाद सैन्यकर्मियो की संख्या लगभग 20 लाख और सैनिको की संख्या लगभग।,150,000 हो गई थी।

## खालिस्तान के खिलाफ मुखर रेडियो प्रस्तोता की हत्या के प्रयास में तीन व्यक्तियों को कैद

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड में खालिस्तान की विचारधारा के विरूद्ध मुखर रहे एक लोकप्रिय सिख रेडियो प्रस्तोता की हत्या के प्रयास के अपराध में भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों को कैद की सजा सुनाई गई है। आस्ट्रेलिया टुडे वेबसाइट की खबर के अनुसार 23 दिसंबर, 2020 को रेडियो प्रस्तोता हरनेक सिंह जब कहीं जा रहे थे तब उन पर धार्मिक चरमपंथियों ने घात लगाकर हमला किया था। चाकू से किए गए वार के चलते उन्हें 40 से अधिक जख्म पहुंचे थे और 350 से अधिक टांके लगाए गए थे एवं कई सर्जरी की गई थीं। तब उनकी जान बची थी। सुखप्रीत सिंह (44) को इस वारदात में साथ देने का दोषी पाया गया जबकि सर्वजीत सिद्धू (27) ने हत्या की कोशिश का अपराध स्वीकार कर लिया। न्यूजीलैंड हेराल्ड अखबार के अनुसार तीसरे व्यक्ति और ऑकलैंड निवासी (48) को इस अपराध के लिए सबसे लंबी कैद की सजा में एक सुनाई गई है। अखबार के मुताबिक 28 नवंबर को सुनवाई के दौरान एक न्यायाधीश ने कहा कि सामुदायिक सुरक्षा और प्रतिरोध का मजबूत संदेश इतने असामान्य मामले के लिए जरूरी हैं।आस्ट्रेलिया टुडे के अनुसार तीसरा आरोपी अपराध के समय घटनास्थल पर नहीं था। अदालत को बताया गया कि सालभर से उसके मन में हरनेक के प्रति नफरत भरी थी क्योंकि वह खालिस्तान के खिलाफ मुखर था।न्यायाधीश ने कहा कि उसने हरनेक सिंह को निशाना बनाने की साजिश रची तथा अपनी इस साजिश को अंजाम तक पहुंचाने के लिए उसने गुर्गों को लगाने के लिए अपने करिश्माई प्रभाव का इस्तेमाल किया।


CENTRE FOR SIGHT
Every eye deserves the best
A Mahindra Collaboration

**सार्वजनिक सूचना**

सेन्टर फॉर साइट- ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स, इस नोटिस के माध्यम से सभी लोगों को सूचित करते हैं कि निम्नलिखित जगहों के, 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 तक के पुराने मेडिकल रिकॉर्ड (एमएलसी, अदालत के मामले और शिशु नेत्र विज्ञान को छोड़कर) नष्ट कर दिये जायेंगे । दिल्ली/एनसीआरः द्वारका, सफदरजंग एनक्लेव, अशोक विहार, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सेक्टर-29, एन आर आर), प्रीत विहार, राजौरी गार्डन, रोहिणी, विकासपुरी । कोई भी मरीज जो अपने मेडिकल दस्तावेज एकत्र करना चाहता है, वह सेन्टर फॉर साइट, द्वारका, सेक्टर-9 में एमआरडी विभाग से संपर्क कर सकता है।

इस नोटिस के प्रकाशन के एक महीने के बाद, हम 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 तक के सभी मेडिकल रिकॉर्ड (एमएलसी, अदालत के मामले और शिशु नेत्र विज्ञान को छोड़कर) नष्ट कर दिए जाएंगे और इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।

चिकित्सा अधीक्षक - सेन्टर फॉर साइट



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| MH15BK4065, | DL4SAH6811, | UP16N3807, |
| DL9SV2443, | DL4SBE1768, | DL1CL4568, |
| 06BBJC91507 | DL4SAE8107, | DL8CE1484, |
| MP04NS2320, | DL9SE1018, | HR13C4430, |
| DL8SAQ0709, | DL4SY5339, | MVX6645, |
| HR24K0995, | DL9SQ6633, | HR09A0051, |
| DL4SBF6807, | UP65S5651, | DL8SAD3497, |
| DL3CBE0960, | DL9SJ3690, | DL3SD6086, |
| HR26AB3183, | UP13P6931, | DL6SL5890, |
| DL9CS3013, | DL6SV4918, | BRI9519, |
| DL3CBD1477, | DL8CX9867, | DL9SL3687, |
| DL7SR0867, | DL7CD9537, | PB03R5434, |
| DL4SB3002, | RAR14787, | HR35D1369, |
| DL3SAT8177, | DL9SC4657, | UP70G8170, |
| DL9SN7947, | DL9SU6885, | DL2CAH3414, |
| MH31AX3592, | DL9ST3956, | DL9CS5552, |
| DL9SF8239, | DL4SBD9672, | DL1CJ6357, |
| DL6SQ3386, | DL6SV6354, | MAHAA51GR |
| DL9SV0228, | DL4SBB8573, | YM072080, |
| DL9SR2316, | DL4CND5446, | DL1LJ6823, |
| DL9SN6649, | DL1CT2145, | DL3CBC0578, |
| DL9SU3311, | DL4CAL4893, | DL2CAH4022, |
| DL8CQ2619, | 57129981531, | DL9CR4961, |
| DL8CNA1059, | HR06M3232, | DL9CK0355, |
| DL4CAG4944, | DL9CL3677, | G4LA9- |
| DL8SS3942, | HR06AB3186, | M149019, |
| DL4SNC0425, | DL5CC9303, | DL5CK5437, |
| DL9CC6949, | DL9CJ2009, | NOREG92, |
| DL9CAA2793, | DL9SL6382, | DL9CR9544, |
| DL3SBA3361, | HR26AM7691, | DL6CH9004, |
| DL8SY3499, | DL9SR7780, | HR29Z4444, |
| DL4SAL5893, | TN22AA5451, | DL2CAD9848, |
| DL5SP5793, | DL3SBF0110, | HR14C6770, |
| DL4SAZ0558, | DL9SR7567, | 10511145631 |
| CH01R5895, | DL6SB9139, | DL7CJ3410, |
| HR264098, | DL9SR8812, | DL7CF6301, |
| DL2SL7535, | DAD1308, | DL4CN3240, |
| WB40C7511, | MH04BV1392, | DL2SF2870, |
| DL9SV7988, | DL9SH6312, | DL4SZ2553, |
| DL4ST5881, | DL2CAH4300, | OR16A0644, |
| UP80P2694, | DL9CN9269, | DL4SR5478, |
| AP29D0226, | ST91IN798885 | DL9SU3077, |
| DL9SJ5558, | DL3SAY0379, | 386133EV |
| DL9SR8764, | DL9SP6145, | Z813208, |
| DL9SL7690, | DL4SJ2471, | DL7CF6241, |
| DL1SP9731, | DL7SS0409, | DL9CR9494, |
| DL9SF5982, | DHI3222, | DL7CF5653, |
| DL3CBF3571, | TAH2913, | HR26BS9959, |
| DL9CQS8075, | DL7SK7348, | DL5CD7372, |
| DL8CQ1691, | TN39AM6448, | HR26CC0947, |
| DL8CH0930, | DL4SS8809, | DL3CAU1672, |
| DL9CC0552, | DL9SM5724, | HR26BU5242, |
| DL3CAD9092, | DL9SU9168, | DL9CH3798, |
| BR17D7402, | DL4SBF3688, | DL7CB9232, |
| DL9CL0704, | DL4SBB0782, | DL10CB4934, |
| DL13C6201, | DL8SL9403, | DL5CG2804, |
| DL9CN0794, | DL9SU1157, | HR61H9786, |
| DL6SJ0642, | DL9SV0189, | DL3CZ5706, |
| DL9SM3424, | DL6SP9258, | DL3CAZ3452, |
| DL3SAH2349, | DL3SAS8237, | DL9CQ5408, |
| DL9SU4658, | DL4SAX6822, | DL2CP5700, |
| HR16B4189, | DL4SAW1752, | DL4CAD3605, |
| DL4SAS9191, | HR26AQ1797, | DL4CND4082, |
| MH31Y3342, | DL4SNC1555, | HR11E7515, |
| DL6SAA3484, | DL4SAL0903, | DL6CG8155, |
| MP07KA9425, | DL4SAC5899, | DL8CR2164, |
| DL9SV2187, | DL4SAJ9815, | DL4CND6004, |
| UP81H2187, | DL9SV3256, | DL4CAE6649, |
| DL4SBC3118, | MB1AA22E8 | DL8CS1098, |
| HR55E9676, | DRP60547, | DL9CS0224, |
| DL4CND5631, | DL9CAE1055, | DL8CNA2150, |
| HR51Z4762, | MA3EYD81 | MH16V0055, |
| HR26AQ7141, | S01028911, | DL7CF5010, |
| DL3SG6212, | HR26AS0752, | HR08AA7996, |
| DL8SAK8518, | R18A174- | DL9CN1789, |
| DL4SAZ1914, | 03054 | DL8ST0008, |
| DL6SR5365, | LF501051630, | |
| DL6SX2225, | DL1LJ3835, | |


## विशाल ग्रह की खोज, पृथ्वी से 13 गुना अधिक भारी

### ●अपने सूर्य के लिए बहुत बड़ा ग्रह खगोलविदों को बर्हिग्रह गठन पुनर्विचार के लिए प्रेरित करता है

**भाषा।** पेनसिल्वेनिया

**कल्पना कीजिए कि** आप एक किसान हैं जो मुर्गी घर में अंडे ढूंढ रहे हैं - लेकिन मुर्गी के अंडे के बजाय, आपको एक शुतुरमुर्ग का अंडा मिलता है, जो मुर्गी के अंडे से कहीं अधिक बड़ा है। हमारे खगोलविदों की टीम को कुछ ऐसा ही महसूस हुआ जब हमने इस साल की शुरुआत में एक विशाल ग्रह की खोज की, जो पृथ्वी से 13 गुना अधिक भारी, एक ठंडे, मंद लाल तारे के चारों ओर, पृथ्वी के सूर्य से नौ गुना कम भारी था। छोटा तारा, जिसे एम तारा कहा जाता है, न केवल पृथ्वी के सौर मंडल में सूर्य से छोटा है, बल्कि यह 100 गुना कम चमकीला है। ऐसे तारे की ग्रह-निर्माण डिस्क में इतने बड़े ग्रह को जन्म देने के लिए आवश्यक मात्रा में सामग्री नहीं होनी चाहिए। रहने योग्य क्षेत्र ग्रह खोजक -पिछले दशक में, हमारी टीम ने पेन स्टेट में एक नया उपकरण डिजाइन और निर्मित किया, जो मानव आंख की संवेदनशीलता से परे तरंग दैर्ध्य पर इन मंद, ठंडे तारों से - निकट-अवरक्त में - जहां ऐसे ठंडे तारे उनकी रोशनी सबसे अधिक उत्सर्जित करते हैं, प्रकाश का पता लगाने में सक्षम है।पश्चिम टेक्सास में 10-मीटर हॉबी-एबर्ली टेलीस्कोप से जुड़ा हमारा उपकरण, जिसे हैबिटेबल ज़ोन प्लैनेट फाइंडर कहा जाता है, किसी तारे के वेग में सूक्ष्म परिवर्तन को माप सकता है जब कोई ग्रह गुरुत्वाकर्षण से उसे खींचता है। यह तकनीक, जिसे डॉपलर रेडियल वेलोसिटी तकनीक कहा जाता है, बहिर्ग्रह का पता लगाने के लिए बहुत अच्छी है।



### सबसे आम सितारों के आसपास के ग्रह

ठंडे, मंद एम तारे हमारी आकाशगंगा मे सबसे आम तारे है। हैबिटेबल जोन प्लैनेट फाइंडर और अन्य उपकरणो से की गई खोजो से खगोलविदो को पता है कि सबसे विशाल एम सितारो के आसपास की कक्षाओ मे विशाल ग्रह सूर्य जैसे सितारो के आसपास की तुलना मे कम से कम 10 गुना दुर्लभ है। और हम एलएचएस 3154बी की खोज तक - कम से कम बड़े एम सितारो के आसपास करीबी कक्षाओ मे ऐसे किसी भी बड़े ग्रह के बारे मे नही जानते है।यह समझने से कि हमारे सबसे अच्छे पड़ोसियो के आसपास ग्रह कैसे बनते है, हमे यह समझने मे मदद मिलेगी कि ग्रह सामान्य रूप से कैसे बनते है और सबसे असंख्य प्रकार के सितारो के आसपास चट्टानी दुनिया कैसे बनती और विकसित होती है। शोध की यह पंक्ति खगोलविदो को यह समझने मे भी मदद कर सकती है कि क्या एम सितारे जीवन का समर्थन करने मे सक्षम है।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश कथूरिया/ एकता चोपड़ा/ LBDEL00001999476 | फ्लैट नंबर टी-एफ/0608, 6वीं मंज़िल, टावर एफ, ''पारस ड्यूज़'', सेक्टर-106, द्वारका एक्सप्रेसवे, गुड़गांव, हरियाणा/ नवंबर 29, 2023 | जुलाई 31, 2023 रु. 51,81,177/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मिरिया चीमा/ अनिला भाटिया चीमा/ LBGUR00002191149 | फ्लैट नंबर 8072, 7वीं मंज़िल, टाइप ए, टावर-8, एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर-104, गुड़गांव/ नवंबर 29, 2023 | जुलाई 29, 2023 रु. 2,47,94,974/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 02, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# डीपफेक समाज के लिए खतरनाक : मुर्मू

## प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग रोका जाए : राष्ट्रपति

**भाषा।** नागपुर



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जहां एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल लोगों के जीवन को सुगम बना रहा है, तो वहीं डीपफेक बनाने के वास्ते इसका दुरुपयोग समाज के लिए खतरा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रौद्योगिकी का सही इस्तेमाल किया जाए, तो इससे समाज को फायदा होगा, लेकिन इसके दुरुपयोग से मानवता पर असर पड़ेगा।मुर्मू ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा में निवेश देश की प्रगति में बेशकीमती निवेश है।राष्ट्रपति ने राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के 111वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अब हर युवा प्रौद्योगिकी को समझता भी है और उसका इस्तेमाल भी करता है। किसी भी संसाधन का सदुपयोग भी हो सकता है और दुरुपयोग भी। यही बात प्रौद्योगिकी के साथ भी सच है। यदि इसका सही इस्तेमाल किया जाए, तो इससे समाज और देश को फायदा होगा, लेकिन अगर इसका दुरुपयोग हुआ, तो इसका असर मानवता पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल हमारे जीवन को सुगम बना रहा है, लेकिन डीपफेक के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल समाज के लिए खतरा है। इस संबंध में नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा हमें रास्ता दिखा सकती है। डीप फेक तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का इस्तेमाल करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है। मुर्मू ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में आधे से अधिक डिग्री धारक लड़कियां हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि लड़कियों की शिक्षा में निवेश देश की प्रगति में सबसे मूल्यवान निवेश है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलावों को देखते हुए लगातार सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव जिज्ञासु रहना चाहिए और जीवन भर सीखने का प्रयास करना चाहिए। मुर्मू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य भारतीय लोकाचार और मूल्यों वाली एक शिक्षा नीति विकसित करना है। छात्रों को समाज की संपदा बताते हुए उन्होंने कहा कि देश का भविष्य उनके कंधों पर है। मुर्मू ने विश्वास जताया कि विद्यार्थी देश की प्रगति में योगदान देंगे। इस मौके पर मौजूद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विश्वविद्यालय देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कुशल मानव संसाधन तैयार करने में विश्वविद्यालयों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

## तमिलनाडु पुलिस ईडी अधिकारी के खिलाफ साक्ष्य का किया गया जिक्र

**भाषा।** चेन्नई

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) के अधिकारी अंकित तिवारी को एक सरकारी चिकित्सक द्वारा दी गई रिश्वत की पहली किस्त कैमरे में रिकार्ड हो गई थी। तमिलनाडु पुलिस की प्राथमिकी में यह उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता डॉ टी. सुरेश बाबू ने अपनी कार के चालक को 20 लाख रुपए नकदी ईडी अधिकारी की कार के ट्रंक (वाहन के पिछले हिस्से में सामान रखने की जगह) में रखने को कहा था। तिवारी चाहता था कि नकदी को कार में उसी स्थान पर रखा जाए और इसलिए, ऐसा किया गया। ईडी अधिकारी ने रिश्वत की रकम रखने के लिए अपनी कार का ट्रंक (बूट) खोला था। यह प्रकरण मदुरै के पास एक राजमार्ग पर एक नवंबर 2023 को हुआ था और पूरी घटना बाबू की कार के अगले हिस्से में लगे कैमरे में रिकार्ड हो गई। बाबू ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि ईडी अधिकारी ने उन्हें परेशान किया।

# कांग्रेस ने चुनाव नतीजों की घोषणा से पहले चार राज्यों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** उन चार राज्यों में अपने विधायक दल की बैठकों के समन्वय के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, जहां रविवार को विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राजस्थान में पार्टी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मधुसूदन मिस्त्री, मुकुल वासनिक और शकील अहमद खान को कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया।इसमें कहा गया, कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी विधायक दल की बैठकों के समन्वय के लिए तत्काल प्रभाव से कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने तेलंगाना में, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, दीपा दास मुंशी, अजय कुमार, के. मुरलीधरन और के. जे. जॉर्ज को पर्यवेक्षक नियुक्त किया।छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, रमेश चेन्निथला और प्रीतम सिंह को कांग्रेस पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि मध्य प्रदेश के लिए पार्टी नेता अधीर रंजन चौधरी, पृथ्वीराज चव्हाण, राजीव शुक्ला और चंद्रकांत हंडोरे को नियुक्त किया गया है।कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने एक आदेश में कहा, संबंधित राज्यों के महासचिव और प्रभारी इन पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय करेंगे। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में रविवार को, जबकि मिजोरम में सोमवार को मतगणना होगी।

### कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से चुनाव जीतेगी: गहलोत



**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की मतगणना से ठीक पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को फिर सत्तारूढ़ कांग्रेस की जीत का विश्वास जताया और कहा कि पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलेगा।गहलोत ने शनिवार रात कांग्रेस के वार रूम के बाहर संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीत रही है, स्पष्ट बहुमत मिलेगा। इससे पहले गहलोत, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के उम्मीदवारों के साथ ऑनलाइन माध्यम से बातचीत की। गहलोत ने कहा, तमाम उम्मीदवारों से बातचीत की। सब में बहुत उत्साह है। डोटासरा ने भी कहा, हम जीत रहे हैं। पूर्ण बहुमत आ रहा है। राजस्थान में 199 विधानसभा सीट पर हुए मतदान की गिनती रविवार को होगी।

## क्विक न्यूज

### हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुहिम चलाने पर सुक्खू ने भाजपा की निंदा की

**ऊना (हिप्र)।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुहिम चलाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शनिवार को कड़ी आलोचना की।उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से विकास के अवरुद्ध हो जाने का भाजपा का आरोप गलत है। ऊना जिले में अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में सुक्खू ने ऊना-तलवारा रेलवे लाइन के निर्माण के बारे में सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले अपने ऊना दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि विगत 50 वर्षों में नही बन सकी ऊना तलवारा रेलवे लाइन का निर्माण दो साल में पूरा हो जाएगा, लेकिन इस परियोजना पर क्या प्रगति हुई है।अधिकारियो ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ आए सुक्खू ने यहां करीब 288 करोड़ रुपए की 18 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।पत्रकारो के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की गारंटी को फर्जी बताने को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा, हमने राज्य में 1.36 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना देने की अपनी पहली और सबसे महत्वपूर्ण गारंटी को लागू किया है। ठाकुर पर निशाना साधते हुए उन्होने सवाल किया कि राज्य के लोगों के खातों में 15 लाख रुपए कब नजर आएंगे।

### बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा, तमिलनाडु में होगी भारी वर्षा

**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव का क्षेत्र मजबूत होकर तीन दिसंबर को चक्रवाती तूफान का रूप लेगा, जिसके फलस्वरूप तमिलनाडु के तटीय जिलों एवं अंदरूनी हिस्सों में भारी से बेहद भारी वर्षा होगी। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा कि यह 4 दिसंबर की सुबह तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और निकटवर्ती उत्तरी तमिलनाडु तटों से होते हुए पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंच जाएगा।उसने कहा कि उसके बाद वह उत्तर की ओर बढ़ेगा तथा दक्षिण आंध्रप्रदेश के तट के समानांतर आगे बढ़ते हुए पांच दिसंबर को पूर्वाह्न नेल्लोर एवं मचिलीपट्णम के बीच दक्षिण आंधप्रदेश तट को पार करेगा।इस चक्रवाती गतिविधि के कारण 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चल सकती है।यहां क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक एस बालचंद्रन के अनुसार पुडुकोट्टाई, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम, रानीपेट, चेंगालपट्टू, विल्लुपरम और कुड्डालोर जिलो में भारी से बेहद भारी वर्षा होने की संभावना है।दो से चार दिसंबर तक दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। उसके बाद वह धीरे धीरे कमजोर हो सकती है।

### आचार समिति की रिपोर्ट में मुझसे संबंधित पैराग्राफ को हटाया जाना चाहिए : दानिश अली ने बिरला से कहा

**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने शनिवार को दावा किया कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ धन के बदले प्रश्न से जुड़े आरोप मे लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट मे कथित रूप से एक पूरा पैराग्राफ इस समिति की बैठकों में उनके आचरण के बारे में है और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसे हटाने का आग्रह किया। लोकसभा की आचार समिति ने अपनी रिपोर्ट में मोइत्रा की निचले सदन से सदस्यता समाप्त करने की सिफारिश की है जिसे सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। बिरला को लिखे पत्र में आचार समिति के सदस्य अली ने नियमो का हवाला देते हुए कहा कि समिति के अध्यक्ष को उसकी रिपोर्ट मे किसी सदस्य या उसके आचरण अथवा समिति की बैठक मे सदस्य या सदस्यो द्वारा व्यक्त की गई राय के बारे में समिति की रिपोर्ट में उल्लेख करने का अधिकार नही है। बसपा सांसद ने बिरला को लिखे पत्र मे कहा, मैने देखा है कि आचार समिति की हालिया रिपोर्ट धन के बदले प्रश्न में मेरे बारे में कुछ चौकाने वाले और पूरी तरह से अनुचित तथ्य शामिल है। मै आपका ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि रिपोर्ट मे एक पूरा पैराग्राफ है जिसमे कथित तौर पर बैठकों के दौरान मेरे आचरण का जिक्र है...। उन्होने कहा, तथ्य की दृष्टि से और कानून के अनुसार यह आपत्तिजनक पैराग्राफ डालना समिति के माननीय अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से पूरी तरह बाहर है। उन्होंने मांग की कि रिपोर्ट को सदन में पेश किए जाने से पहले उनसे संबंधित पैराग्राफ को इससे हटाया जाए।

### बिहार: छात्राओं को हिजाब उतारने को कहने पर प्रधानाध्यापक को मिली धमकी, जांच के आदेश

**शेखपुरा,।** बिहार के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा छात्राओं को कक्षा के अंदर हिजाब उतारने के लिए कहने पर उन्हें विद्यार्थियो के परिवार के सदस्यों से धमकियां मिल रही है। शेखपुरा के जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश सिंह ने शनिवार को बताया कि उक्त शिकायत चरूआवां स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय (माध्यमिक विद्यालय) के प्रधानाध्यापक ने की है।सिंह ने बताया कि प्रधानाध्यापक सतएन्द्र कुमार चौधरी की लिखित शिकायत के अनुसार, एक समुदाय समूह की छात्राओ के परिवारो के सदस्यो ने 29 नवंबर को स्कूल पर धावा बोल दिया। शिक्षा अधिकारी ने कहा, वे शिक्षण स्टाफ द्वारा छात्राओ को कक्षाओ मे स्कार्फ उतारने के लिए कहने पर नाराज थे। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि अगर उनकी लड़कियो को उनके रीति-रिवाजो का पालन करने की अनुमति नही दी गई तो वे स्कूल नही चलने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक की शिकायत के अनुसार, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो लोग उनकी मांग पर ध्यान नही देंगे, उनका सिर कलम कर दिया जाएगा।सिंह ने कहा, विभागीय स्तर पर मामले की जांच की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी को स्कूल जाकर जांच करने और अपनी रिपोर्ट सौपने को कहा गया है।

उन्होने बताया कि विद्यार्थियो को विद्यालय मे वर्दी पहनकर की आना होता है। इसको लेकर विधि व्यवस्था की समस्या खड़ी होती है तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

### सिम्बायोसिस मनाएगा साझेदारी का उत्सव

**नई दिल्ली।** पिछले 52 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र का एक प्रमुख संस्थान रहा सिम्बायोसिस इंटरनेशनल मानद विश्वविद्यालय ने वसुधैव कुटुंबकम की दिशा में अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली में उन एजेंसियों और संस्थानों के साथ अपने सहयोगिता को सम्मानित करने और उसका उत्सव मनाने के लिए अपना वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया, जिनके साथ मिलकर यह काम करता है। इस आयोजन ने वर्ष 2024 के लिए इस विश्वविद्यालय की भविष्य की विकास की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर महत्वपूर्ण वाद.विवाद करने हेतु एवं 1971 के बाद के उनके सफ़र में अहम साझेदारी और गठबंधन को सम्मानित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस शाम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रमुख व्यक्तियों ने विस्तारण एवं अभिनवता के लिए अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया और विचारों का अनुनादी आदान.प्रदान किया गया। वहाँ उपस्थित व्यक्तियों में राजदूत, दूतावासों के सदस्य और उच्चायुक्त जो छात्रों को एसआईयू में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजते हैं, विदेशों के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि और शिक्षाविद शामिल थे। प्रोफेसर डॉ एसबीमुजुमदार संस्थापक एवं अध्यक्ष सिम्बायोसिस और चांसलरए एसआईयू ए ने भारत के शैक्षणिक विकास के विषय में अपना उल्लास व्यक्त करते हुए कहा ष्मैं स्वामी विवेकानन्द की इस बात पर विश्वास करता हूँ कि भारत एक विश्वशक्ति बनेगा।

# विधायिका के सदस्यों को संविधान सभा में देखे गए आचरण का पालन करना चाहिए: उपराष्ट्रपति धनखड़

**भाषा।** नई दिल्ली



**संसद के शीतकालीन** सत्र से पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को विधायिका के सभी सदस्यों से देश की संविधान सभा में देखे गए व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया, जिसके तीन साल के कार्यकाल के दौरान लेशमात्र भी व्यवधान नहीं हुआ था। यहां आकाशवाणी रंग भवन में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान-2023 में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, यह सभी के लिए चिंता का विषय है, जब कोई जानकार और बुद्धिमान व्यक्ति कुछ राजनीतिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से आम लोगों को गुमराह करना चाहता है, क्योंकि उन्हें चीजों की जानकारी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र प्रगति पर है और यह प्रगति अब रूकने वाली नहीं है, तो भीतर और बाहर चुनौतियां होना स्वाभाविक है। धनखड़ ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करूंगा, इस प्रकार की साजिशों, इस प्रकार के गलत कृत्यों का पर्दाफाश होना चाहिए। इसमें संचार व्यवस्था का बहुत बड़ा योगदान है और मुझे विश्वास है कि हर भारतीय का भारतीयता पर अटूट विश्वास होगा, वह भारत के हित को सदैव सर्वोपरि रखेगा और जो भी भारत की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास करेगा, उसे दण्डित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस तरह की साजिश को पूरी तरह से विफल कर देंगे, चाहे वह घर पर हो या विदेश में। उन्होंने कहा कि देश में एक बड़ा बदलाव आया है, जो 2014 में शुरू हुआ था। धनखड़ ने कहा, मैं राजनीति की ओर इशारा नहीं कर रहा। लेकिन भारत जैसे विशाल देश में अगर राजनीतिक स्थिरता हो, तो लोगों की प्रतिभाएं सही दिशा में आगे बढ़ती हैं। तीन दशक बाद 2014 में वह मौका आया, जब भारत को एक मजबूत एकदलीय सरकार मिली। उन्होंने कहा, और परिणाम क्या हुआ ? भारत में निर्मित यूपीआई को कई देशों ने अपनाया है, भारत विश्व स्तर पर नए मानक स्थापित कर रहा है, जिसे दुनिया ने मान्यता दी है, भारत एजेंडा तय करने वाला बन गया है। दुनिया हमारी तरफ देख रही है कि किसी मुद्दे पर हमारा क्या नजरिया है। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र प्रसाद के तीन साल के कार्यकाल की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि उन्होंने सदन को इस तरह चलाया कि प्रत्एक सदस्य अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन कर सका।उन्होंने कहा, समस्याएं, मतभेद और अलग-अलग दृष्टिकोण थे, लेकिन तीन साल तक आपने (भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद) सदन को इस तरह से चलाया, जिसकी वजह से हमें अद्‌भुत संविधान मिला। संविधान सभा के तीन वर्षों में लेशमात्र भी व्यवधान नहीं हुआ, सकारात्मक चर्चा हुई।

# पहली बार महिला अधिकारी संभालेगी युद्धपोत की कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कमांडर प्रेरणा दे**वस्थली भारतीय नौसेना के युद्धपोत की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। उन्हें वेस्टर्न फ्लीट कमांडर रियर एडमिरल प्रवीण नायर ने शनिवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वह पश्चिमी समुद्री तट पर तैनात वॉटर जेट फास्ट अटैक क्राफ्ट आईएनएस ट्रिंकट की कमान संभालेंगी। फिलहाल वह आईएनएस चेन्नई के युद्धपोत की फर्स्ट लेफ्टिनेंट हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को यहां युद्धपोत की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी की नियुक्ति की घोषणा की थी। यह पहली बार है कि कोई महिला अधिकारी किसी जहाज की कमान संभालेगी। सूत्रों के अनुसार अधिकारी एक योग्य नेविगेशन प्रशिक्षक है और नौसेना में शामिल पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण में शामिल रहा है। वह पहली महिला अधिकारी भी हैं जिन्होंने नौसेना के टुपोलेव टीयू-142 समुद्री गश्ती विमान में पर्यवेक्षक के रूप में कार्य किया। मार्च मेंभारतीय वायु सेना ने पश्चिमी क्षेत्र में फ्रंटलाइन लड़ाकू इकाई की कमान संभालने के लिए ग्रुप कैप्टन शालिज़ा धामी को चुना था। सेना में कई महिला अधिकारी भी देश भर में विभिन्न इकाइयों की कमान संभाल रही हैं।

# भाजपा से हाथ नही मिलाने का हमारा रुख हमेशा स्पष्ट रहा है: शरद पवार

**भाषा।** पुणे

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हाथ नहीं मिलाने का उनकी पार्टी का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और यदि इसके विपरीत कोई सुझाव आया भी, तो उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया। पवार ने यह टिप्पणी यहां संवाददाता सम्मेलन में की। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब उनके भतीजे एवं बागी राकांपा नेता अजित पवार ने एक दिन पहले उनपर निशाना साधा था। शरद पवार ने कहा, यदि किसी ने सुझाव दिया कि हमें अपने रुख के विपरीत भाजपा का समर्थन करना चाहिए, (तब भी) मेरे सहित पार्टी में कई लोग उस (सुझाव) से सहमत नहीं थे। भाजपा के साथ नहीं जाने का हमारा रुख बहुत स्पष्ट रहा है। उन्होंने कहा, हमारे विचार भाजपा (की विचारधारा) के साथ सुसंगत नहीं हैं। हमने विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ जाने के लिए वोट नहीं मांगे थे, हमने उनके खिलाफ लड़ने के लिए वोट मांगे थे। मैं अपने रुख पर कायम था कि अगर हम भाजपा के साथ जाते हैं तो, उन लोगों के साथ धोखा होगा जो हमारी विचारधारा में विश्वास करते हैं। अजित पवार पर तंज कसते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि यदि सुबह-सुबह पद की शपथ लेने वाला कोई व्यक्ति यह दावा कर रहा है कि यह पार्टी की नीति है, तो उस व्यक्ति को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। अजित पवार की इस घोषणा पर कि उनका गुट बारामती लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगा - जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में सुप्रिया सुले कर रही हैं - शरद पवार ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति कहीं से भी चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र है।

## आगरा में ट्रक एवं ऑटो की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत

**भाषा।** आगरा

**उत्तर प्रदेश** के आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुद्वारा गुरु का ताल के निकट शनिवार की दोपहर एक ट्रक एवं ऑटो की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में सिकंदरा थाने के प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि मरने वालों में से एक की शिनाख्त हुई है जबकि अन्य की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मरने वाले सभी लोग ऑटो में सवार थे। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उन्होंने बताया कि पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

# विधायक लोणीकर के समर्थकों ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री टोपे की कार पर किया हमला

**भाषा।** जालना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बबनराव लोणीकर के समर्थकों ने शनिवार को जालना जिले में एक सहकारी बैंक के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के बाद महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राजेश टोपे की कार पर हमला किया और उन पर विश्वासघात का आरोप लगाया। इस घटना में किसी को चोटें नहीं आईं। इससे पहले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सतीश टोपे (राजेश टोपे के रिश्तेदार) और भाजपा के भाऊसाहेब जवाले को क्रमश: जिला केंद्रीय सहकारी बैंक का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया गया। पुलिस निरीक्षक प्रशांत महाजन ने बताया कि लोणीकर के समर्थकों ने बैंक परिसर में टोपे की कार पर पथराव किया और लकड़ी का एक लट्ठा फेंका। उन्होंने बताया कि सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। विधायक ने कहा कि उनके समर्थक इस बात से नाराज थे कि उनके समूह को दरकिनार कर दिया गया और उपाध्यक्ष का पद किसी और के पास चला गया। जिले के परतूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक ने टोपे की कार की ओर इशारा करते हुए कहा कि वे नुकसान की भरपाई के लिए तैयार हैं। टोपे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के साथ हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि राकांपा अध्यक्ष का पद अपने पास रखेगी जबकि भाजपा का कोई व्यक्ति बैंक का उपाध्यक्ष बनेगा।जालना जिले की घनसावंगी सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले टोपे ने कहा कि भाजपा के नामांकन में उनकी कोई भूमिका नहीं है और उन्होंने हिंसा की जांच की मांग की।

### मुंबई में चार मंजिला इमारत में आग लगी

**मुंबई।** मुंबई मे गिरगांव चौपाटी के पास स्थित एक चार-मंजिला इमारत मे शनिवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने दी। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, घटना मे किसी के हताहत होने की सूचना नही है। अधिकारी ने बताया कि आग रंगनेकर रोड स्थित गोमती भवन की दूसरी और तीसरी मंजिल पर रात करीब साढ़े नौ बजे लगी।एक अन्य अधिकारी ने बताया कि दमकल की कम से कम आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची है और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने का कारण तत्काल पता नही चल सका है।

### टाटा के नवाचार से आकषर्ण

**मुंबई।** टाटा समूह के एक सदस्य तनिष्क ने स्ट्रिंग इट आधुनिक आज के दौर के अनुरूप और वज़न में हल्के आभूषणों का यह कलेक्शन उतारा है। नज़दीकी तनिष्क स्टोर और तनिष्क ऐप पर भी ख़रीदा जा सकता है। नेकलेस से लेकर, चेन के पेंडेंट तक, स्ट्रिंग इटश् में हर आभूषण आपके स्टाइल कोशंट को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आधुनिक स्टाइल के नेकवेयर का यह विविधतापूर्ण कलेक्शन आज की लाइफस्टाइल के अनुरूप डिज़ाइन किया गया है। आधुनिक चेनए नेकलेस, नेकलेस इयररिंग्स सेट्स और चेन के साथ पेंडेंट आदि सभी नेकवेयर इसमें शामिल हैं। ज़िन्दगी को खूबसूरत बनाने वाले खरे और क्लासी पलों के लिए तनिष्क का यह नया कलेक्शन बनाया गया है। टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिज़ाइन ऑफिसर सुश्री रेवती कांत ने कहा कि वज़न में हल्के आभूषण काफी मशहूर हो रहे हैं। इस ट्रेंड के अनुरूप हम वज़न में हल्के आभूषणों के डिज़ाइन्स की हमारी श्रेणी को बढ़ाकर उपभोक्ताओं की मांगों और पसंद को पूरा कर रहे हैं।

### झारखंड: साक्षात्कार में फर्जी प्रवेश पत्र पेश करने पर चार लोग गिरफ्तार

**हजारीबाग (झारखंड)।** यहां की एक दीवानी अदालत में नौकरी के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने आए चार लोगों को कथित तौर पर फर्जी प्रवेश पत्र पेश करने को लेकर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि बिहार के नालंदा जिला निवासी चारो व्यक्तियों को अदालत परिसर में प्रवेश पत्र का सत्यापन कराने के दौरान पकड़ा गया। हजारीबाग दीवानी अदालत के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के निर्देश पर उन्हे पुलिस को सौप दिया गया।

## भाजपा नागपुरिया कानून थोपने की कोशिश कर रही है : कांग्रेस

**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर सामाजिक सद्‌भाव और समानता के पक्षधर संविधान का उल्लंघन करते हुए देश पर ै नागपुरिया कानूनै थोपने की कोशिश करने का आरोप लगाया। भाजपा के वैचारिक संगठन आरएसएस के मुख्यालय के बारे में सिंह ने उक्त टिप्पणी भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी बी के रवि के कांग्रेस में शामिल होने के लिए यहां आयोजित एक समारोह के दौरान की। तमिलनाडु कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी बी के रवि महानिदेशक स्तर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सिंह ने कहा कि सिर्फ हिंदू ही नहीं बल्कि सभी धर्मों - मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध - के लोगों ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी थी और यही कारण है कि हमारा संविधान भी हमारी समग्र संस्कृति (गंगा जमुनी तहजीब) को प्रतिबिंबित करता है।

# अमित शाह ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**भाषा।** जूनागढ़



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने यहां गुजरात के पूर्व मंत्री दिवंगत दिव्यकांत नानावती की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ैसोमनाथ शरणम प्रपद्ये। श्री सोमनाथ मंदिर शाश्वत सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। आज प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव का दर्शन-पूजन कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की। महादेव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। इसके बाद शाह यहां नानावती की जन्मशती के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने उन पर लिखे गए लेखों के संकलन का विमोचन किया। शाह ने 1950 के दशक में जूनागढ़ में एक पार्षद और स्थानीय नगर निकाय के अध्यक्ष के रूप में तथा जूनागढ़ से दो बार-1962 में और फिर 1972 में विधानसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में नानावती के योगदान के लिए उनकी सराहना की। दिवंगत नानावती कांग्रेस विधायक थे, जो चिमनभाई पटेल के नेतृत्व वाली सरकार में कानून, नगर निकाय, नगर नियोजन और शहरी विकास मामलों के कैबिनेट मंत्री रहे। शाह ने कहा कि नानावती ने न केवल जूनागढ़, बल्कि गुजरात के लिए भी कई योगदान दिए। गृह मंत्री ने नानावती के बेटे और उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता निरुपम नानावती का भी उल्लेख किया, जिन्होंने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में जेल जाने पर शाह के वकील के रूप में भी काम किया था। शाह ने 2010 की घटना को याद किया, जब उन्हें सोहराबुद्दीन शेख कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था।

## जम्मू-कश्मीर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की निविदा में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की छापेमारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** के किश्तवाड़ में 2019 में किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए 2,200 करोड़ रुपए का निर्माण ठेका देने में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल रह चुके सत्यपाल मलिक के कथित भ्रष्टाचार के आरोप के मामले में चार शहरों के छह स्थानों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की छापेमारी हो रही है।अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से छापेमारी तीन स्थानों पर केंद्रित रही, जिनमें मेनस्ट्रीम आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के कंवलजीत सिंह दुग्गल और डी.पी. सिंह के परिसर भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत दिल्ली में कंपनी और दुग्गल के तीन परिसर और शिमला, नोएडा तथा चंडीगढ़ में एक-एक परिसर में छापेमारी जारी है।

# श्रेयस व चाहर के प्रदर्शन पर निगाह

- वाशिंगटन को मिल सकता है मौका
- टी-20 का अंतिम मैच आज , भारत व ऑस्ट्रेलिया तैयार



भाषा। बेंगलुरू

**श्रृंखला में** पहले ही अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को ध्यान में रखकर श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर के प्रदर्शन पर विशेष गौर करेगी। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 सितंबर से टी20 श्रृंखला खेलनी है जिसमें अय्यर और चाहर की भूमिका अहम होगी। अय्यर ने वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रायपुर में शुक्रवार को उन्होंने पिछले एक साल से भी अधिक समय में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। इस मैच में उन्होंने सात गेंद का सामना करके आठ रन बनाए जिनमें कोई बाउंड्री शामिल नहीं है। इसलिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले अय्यर चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कुछ दिन पहले ही वनडे विश्व कप में इस मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ शतक लगाया था। अय्यर की तरह चाहर ने भी चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है। रायपुर में खेला गया मैच उनका टी20 प्रारूप में भारत की तरफ से पिछले साल अक्टूबर के बाद पहला मैच था। इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट के विकेट लेकर प्रभाव डाला, लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर के कोटे में 44 रन दिए। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच उनके अनुकूल नहीं हो सकती है लेकिन अपनी विविधता पूर्ण गेंदबाजी के कारण चाहर सफलता हासिल कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले टीम प्रबंधन ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को भी इस मैच में मौका दे सकता है। वाशिंगटन भी पिछले कुछ समय से चोटों से परेशान रहे हैं। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है जिन्हें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। भारत की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, यशस्वी जयसवाल और इशान किशन ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में किशन की जगह खेलने वाले जितेश शर्मा ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई ने अभी तक सात विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को 150 रन से हराया

भाषा। सिलहट (बांग्लादेश)

**बाएं हाथ के** स्पिनर ताइजुल इस्लाम ने अपने करियर में दूसरी बार मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया, जिससे बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां 150 रन से करारी शिकस्त दी। ताइजुल ने पहली पारी में 109 रन देकर चार और दूसरी पारी में 75 रन देकर 6 विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम 332 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए खेल के पांचवें और अंतिम दिन पहले सत्र में ही 181 रन बनाकर आउट हो गई। ताइजुल के अलावा बांग्लादेश की तरफ से ऑफ स्पिनर नईम हसन ने 40 रन देकर दो विकेट जबकि तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम (1-13) और ऑफ स्पिनर मेहदी हसन (1-44) ने एक-एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड ने सुबह 7 विकेट पर 113 रन से अपनी दूसरी पारी आगे बढ़ाई। उसकी तरफ से डेरिल मिचेल ने सर्वाधिक 58 रन बनाए जबकि कप्तान टिम साउदी में 24 गेंद पर 34 रन की आक्रामक पारी खेली।

# आईपीएल ने मुझे दबाव में शांतचित्त बने रहना सिखाया : रिंकू सिंह

भाष। रायपुर



**भारतीय बल्लेबाज** रिंकू सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्तमान टी20 श्रृंखला में दबाव की परिस्थितियों में भी शांत बने रहकर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने को दिया। रिंकू ने चौथे मैच में 29 गेंद पर 46 रन बनाए जबकि श्रृंखला में अपना पहला खेल रहे जितेश शर्मा ने 19 गेंद पर 35 रन की पारी खेली। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 174 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट पर 154 रन पर रोक कर पांच मैच की श्रृंखला में 3-। से अजेय बढ़त हासिल की। भारत की शुक्रवार को यहां 20 रन से जीत के बाद रिंकू ने बीसीसीआई टीवी पर जितेश से कहा, मैं लंबे समय से खेल रहा हूं। मैं पिछले 5-6 साल से आईपीएल में खेल रहा हूं, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैं खुद पर भरोसा रखता हूं और शांत बने रहने की कोशिश करता हूं। जितेश ने स्वीकार किया कि जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो काफी दबाव में थे। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं लग रहा था कि यह तुम्हारी (रिंकू) पहली श्रृंखला है। जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतरा तो काफी दबाव में था लेकिन तुम बहुत शांत थे और आसानी से शॉट लगा रहे थे। इशान किशन की जगह टीम में लिए गए विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश ने उन्हें शांतचित्त बनाए रखने में मदद करने के लिए रिंकू का आभार भी व्यक्त किया। जितेश ने रिंकू से कहा, तुम मुझे लगातार बोल रहे थे कि सहज बने रहो और किसी तरह का दबाव मत लो। रिंकू ने अपनी पारी के दौरान 100 मीटर लंबा छक्का भी लगाया।

## विश्व कप में मिली निराशाजनक हार के बाद टी-20 श्रृंखला जीतकर खुश हैं: गायकवाड़



**रायपुर।** सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि आक्रमक और निर्भीक रवैए की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे जीत दर्ज करने मे सफल रही। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि वनडे विश्व कप फाइनल मे मिली निराशाजनक हार के बाद खेल प्रेमियो के लिए यह खुशी का मौका होगा।भारत ने शुक्रवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचो की श्रृंखला में 3-। की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाया था जिसमे गायकवाड़ ने 28 गेंद मे 32 रन की पारी खेली। उन्होंने जियोसिनेमा से कहा, मुझे लगता है कि हम सभी के लिए खुद को अभिव्यक्त करना और खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण था। प्रत्एक खिलाड़ी ने प्रत्एक चरण मे अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसलिए हम नतीजे से खुश है लेकिन अभी एक मैच और बचा है। विश्व कप की निराशा के बाद क्या चर्चा हुई, इस बारे में पूछने पर गायकवाड़ ने कहा, चर्चा का लब्बोलुवाब यही था कि बस निर्भीक और आक्रामक खेलो। विश्व कप टीम के दो तीन सदस्य हमारे साथ थे। टीम मे सकारात्मक माहौल था क्योंकि हम घरेलू टूर्नामेंट खेलकर आ रहे है और हर खिलाड़ी ने इसमे अच्छा प्रदर्शन किया था। हर खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा था। गायकवाड़ ने यह भी कहा कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ खेलते हुए महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी20 क्रिकेट की बारीकियां सीखी। मैने सीएसके के लिए खेलते हुए इस प्रारूप के बारे में काफी कुछ सीखा। माही भाई (एमएस धोनी) हमेशा हालात पढ़ने और खेल को समझने के लिए तत्पर रहते है।

## विश्व कप से बाहर होने से निराश था: अक्षर पटेल



रायपुर। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने स्वीकार किया कि चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप से बाहर होने से वह निराश थे और इससे उबरने मे उन्हें एक सप्ताह का समय लगा। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को विश्व कप के लिए भारतीय टीम मे चुना गया था लेकिन एशिया कप के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को विश्व कप की टीम में शामिल किया गया था। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, निश्चित तौर पर इससे किसी को भी निराशा होती। विश्व कप भारत मे हो रहा था लेकिन मै चोटिल हो गया। शुरुआत के कुछ दिनों तक मे इसके बारे मे सोच रहा था कि चोट के कारण मै नही खेल पा रहा हूं। लेकिन टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी इसलिए 5-10 दिन बाद मैने फिर से अभ्यास शुरू कर दिया। लेकिन जब आप चोट के कारण बाहर हो जाते है और उन 5-10 दिन में कुछ भी नही कर पाते हैं तो आपको बुरा लगता है। इसके बाद मैने अपनी पुरानी दिनचर्या शुरू कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला मे वापसी करने वाले अक्षर ने कहा, मै निराश था लेकिन ऐसा चोट के कारण हुआ था। इस पर किसी का नियंत्रण नही है। यह खेल का हिस्सा है। यदि आप चोटिल होने के कारण कुछ समय के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहकर वापसी करते है तो आप खुद को साबित करने की कोशिश करते हो। इसके साथ ही आपको अपने शरीर का भी ध्यान रखना होता है इसलिए मै एक समय में एक मैच पर ही ध्यान देता हूं। वनडे विश्व कप में नही खेल पाने के बाद अक्षर अब अगले साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप मे खेलना चाहते है और उन्होने कहा कि उसके लिए तैयारी शुरू हो गई है।

## वैशाली बनी ग्रैंडमास्टर, दुनिया की पहली भाई-बहन ग्रैंडमास्टर जोड़ी बने प्रज्ञानानंद और वैशाली



**चेन्नई।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली स्पेन के एल लोब्रेगाट ओपन मे ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाली देश की तीसरी महिला खिलाड़ी बनी। इससे वह अपने भाई आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर दुनिया की पहली भाई-बहन ग्रैंडमास्टर जोड़ी बन गई। वैशाली ने यह उपलब्धि शुक्रवार को 2500 ईएलओ रेटिंग अंक पार करने के बाद हासिल की। वह देश की 84वी ग्रैंडमास्टर (जीएम) है। कोनेरू हम्पी और डी हरिका भारत की दो अन्य महिला ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी है। चेन्नई की 22 साल की वैशाली ने स्पेन मे 2500 ईएलओ रेटिंग अंक का आंकड़ा पार किया जिसमे उन्होने दूसरे दौर मे तुर्की की तैमर तारिक सेल्बेस को पराजित किया। वैशाली ने अक्टूबर मे कतर मास्टर्स टूर्नामेंट मे तीसरी जीएम नॉर्म हासिल की थी और उन्हे अपनी ईएलओ रेटिंग बढ़ाने की जरूरत थी। इस तरह प्रज्ञानानंदा और वैशाली विश्व चैम्पियनशिप मैच के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट कैंडिडेट्स मे जगह बनाने वाली पहली भाई-बहन की जोड़ी भी बन गए। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट अप्रैल में टोरंटो में खेला जाएगा। वैशाली के छोटे भाई प्रज्ञानानंदा ने 2018 मे जीएम खिताब हासिल किया था जब वह महज 12 साल के थे। हम्पी जीएम खिताब हासिल करने वाली दुनिया की सबसे युवा महिला खिलाड़ी है। वह 15 साल की उम्र मे 2002 मे जीएम बनी थी।

## वलारिवान को महिला 10 मीटर एयर राइफल खिताब

**नई दिल्ली।** ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने शनिवार को यहां 66वी राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप के अंतिम दिन महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल खिताब अपने नाम किया। गुजरात की निशानेबाज इलावेनिल ने 253.4 अंक बनाए जबकि हरियाणा की रमिता जिंदल आठ महिला निशानेबाजो के फाइनल मे 252.5 अंक से दूसरे स्थान पर रही। रमिता की साथी नैन्सी व्यक्तिगत स्पर्धा मे तीसरे स्थान पर रही और उन्होंने हेजल और श्रुति के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने 254.9 अंक से जूनियर एयर राइफल स्वर्ण पदक भी जीता। मध्यप्रदेश की गौतम भनोट ने युवा स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 15 स्वर्ण से कुल 26 पदक हासिल कर चैम्पियनशिप जीती। पंजाब दूसरे और पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर रहा। हाल मे शानदार फॉर्म मे चल रही इलावेनिल क्वालीफायर में 632.9 अंक से दूसरे स्थान पर रही। महाराष्ट्र की ईशा अनिल टक्साले 633.3 अंक से शीर्ष पर

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**बेंगलुरू।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के उप कप्तान अरिजीत सिंह हुंदल ने शनिवार को यहां कहा कि हाल मे महाद्वीपीय प्रतियोगिता मे अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम का हौसला बढ़ा हुआ है और उसे पांच दिसंबर से कुआलालंपुर में शुरू होने वाले जूनियर विश्व कप में बेहतर परिणाम की उम्मीद है। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता मे अपना पहला मैच पांच दिसंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलेगी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार अरिजीत ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, भुवनेश्वर में खेले गए पिछले विश्व कप के बाद भारतीय टीम ने काफी प्रगति की है। हमने सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप जीता तथा हाल मे सुल्तान जोहोर कप में तीसरे स्थान पर रहे। इसलिए हम जूनियर विश्व कप जीतने मे सक्षम है। यह सही समय पर अच्छा प्रदर्शन करने से जुड़ा हुआ है। भारत को पूल सी में स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ रखा गया है। गत चैंपियन अर्जेंटीना को चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान मलेशिया के साथ पूल ए मे रखा गया है। पूल बी मे जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र, जबकि पूल डी मे नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और पाकिस्तान को रखा गया है। भारत 2021 मे भुवनेश्वर मे खेले गए टूर्नामेंट मे फ्रांस से हारने के कारण चौथे स्थान पर रहा था। दक्षिण कोरिया से खेलने के बाद 2016 के चैंपियन भारत का सामना सात दिसंबर को स्पेन और नौ दिसंबर को कनाडा से होगा। भारत को क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूल सी में शीर्ष दो मे रहना होगा।

## भारत महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में बेल्जियम से हारा

सांटियागो (चिली)। अन्नु के दो गोल भी भारतीय टीम के काम नही आ सके जिसे शनिवार को यहां एफआईएच जूनियर विश्व कप के पूल सी मुकाबले मे बेल्जियम से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की लगातार दूसरी हार है। अन्नु ने 47वे और 51वे मिनट मे दो गोल कर अपनी टीम को बेल्जियम के साथ 2-2 की बराबरी पर ला दिया। बेल्जियम ने नाओ श्रेयर्स के पांचवे मिनट और फ्रांस डि मोट के 42वे मिनट मे किए गए गोल से 2-0 से बढ़त बना ली थी।

## तारिक क्लब को जसविंदर व प्रियेश ने दिलाई जीत

**लखनऊ।** जसविंदर सिंह-61 के अर्धशतक और प्रियेश-41 की उम्दा पारी से तारिक क्रिकेट क्लब ने द्वितीय अधीर दुबे टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन क्रिकेट क्लब को सात विकेट से पराजित किया।पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर चैंपियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 148 रन बनाए। तारिक क्रिकेट क्लब से विनोद सिंह ने 2 विकेट की सफलता हासिल की। जवाब में तारिक क्रिकेट क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## डोपिंग संकट से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा नमूने ले नाडा

**अमृतसर।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने शनिवार को यहां कहा कि एएफआई ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) से अनुरोध किया है कि वह डोपिंग संकट से अधिक प्रभावी रूप से निपटने के लिए देश भर मे राज्यो और जूनियर प्रतियोगिताओ मे भाग लेने वाले प्रतिभागियो के ज्यादा से ज्यादा नमूने एकत्रित करे। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य सुमरिवाला ने कहा कि नाडा के अनुशासनात्मक और अपीलीय पैनल को बेहतर लोगो की जरूरत है।

## फुटबॉल शैलियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना महत्वपूर्ण: लुइस गार्सिया

बेंगलुरु। स्पेन और लिवरपूल के दिग्गज लुइस गार्सिया का मानना है कि भारतीय फुटबॉल को वैश्विक ऊंचाई छूने के लिए खिलाड़ियों को विदेश मे विभिन्न लीग का अनुभव देने के साथ युवा प्रतिभाओ और कोचो को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाना जरूरी है। गार्सिया 2014 में आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) खिताब जीतने वाली एटलेटिको डी कोलकाता टीम का हिस्सा थे। उन्होने कहा कि भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों को विदेशी लीग मे मौका देने से खेल को लेकर उनकी समझ का दायरा बढ़ेगा।

## फिल्स और मेदजेदोविच में होगा खिताबी मुकाबला

जेद्दा (सऊदी अरब)। फ्रांस के शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने शुरू मे पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके नेक्स्ट जेन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला सर्बिया के हमाद मेदजेदोविच से होगा।सत्र की इस आखिरी प्रतियोगिता मे 21 वर्ष या उससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ी भाग लेते है। उन्नीस वर्षीय फिल्स ने फ्रांस के अपने साथी लुका वान एश को 2-4, 4-1, 4-3 (1), 4-3 (6) से हराया।

## एफआई ने अंडर-16 खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

अमृतसर। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) अब अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को चोट और थकान से बचाने के लिए अधिक आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं मे भाग लेने की अनुमति नही देगा।

# टूट गया प्रियांशु का सपना, सेमीफाइनल में हारे

- सैयद मोदी बैडमिंटन
- चीनी ताइपे के ची यू जेन फाइनल में
- दिखा जापानी खिलाड़ियों का दबदबा





**लखनऊ।** चीनी ताइपे के ची यू जेन ने अपने तगड़े व दमदार स्मैश और तेज सर्विस के प्रदर्शन की बदौलत सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में भारत के युवा स्टार प्रियांशु राजावत की चुनौती को थामकर फाइनल में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में इस सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने 74 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 21-14, 21-17 से जीत दर्ज की। वहीं हार के बावजूद प्रियांशु ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पहला गेम स्थानीय दर्शकों के भरपूर समर्थन के बीच प्रियांशु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-18 से जीत लिया। दूसरा गेम ची यू जेन ने झन्नाटेदार स्मैश के सहारे 21-14 से जीत लिया। तीसरे गेम में प्रियांशु ने 11-9 से पिछड़ने के बाद कुछ गलतियां की। हालांकि प्रियांशु ने प्रतिद्वंद्वी को थकाने की रणनीति अपनाई लेकिन उनके कई स्मैश नेट में उलझ गए तो वो बैक हैंड शॉट में भी चूक गए। ओरलियांस मास्टर-2023 के विजेता व 2022 में थामस कप की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे प्रियांशु राजावत ने वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने यह गेम 21-17 से जीतते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी ओर प्रियांशु की हार से निराश भारतीय खेलप्रेमियों ने इस भारतीय खिलाड़ी का तालिया बजाकर हौसला बढ़ाया। दरअसल दिग्गज के श्रीकांत, बी.साई प्रणीत व समीर वर्मा की पहले राउंड से विदाई के बाद प्रियांशु पर एकल में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार था। इसलिए नवाबों के शहर के खेल प्रेमी भी इस भारतीय खिलाड़ी को चीयर्स करने पहुंचे थे। पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में दूसरी वरीय जापान के केंटा निशिमोटो जापान ने फ्रांस के एलेक्स लैनियर को एक रोमांचक मुकाबले में हराया। पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद केंटो निशिमोटो ने 21-17 से जीता। दूसरा गेम पूर्व विश्व जूनियर नंबर वन एलेक्स ने 21-13 से अपने नाम कर लिया। तीसरे व निर्णायक गेम में 12.13 से पिछड़ने के बाद केंटा ने वापसी की और 21.17 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया।

## डब्ल्यूपीएल की नौ दिसंबर को होने वाली नीलामी में शामिल होंगी 165 खिलाड़ी

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नौ दिसंबर को यहां होने वाली नीलामी में कुल 165 खिलाड़ी शामिल होंगे। डब्ल्यूपीएल का दूसरा संस्करण अगले साल फरवरी मार्च में आयोजित किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इन 165 खिलाड़ियों में 104 खिलाड़ी भारत की और 61 खिलाड़ी विदेशों की हैं। विदेशी खिलाड़ियों में 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों की हैं। कुल 56 खिलाड़ी ऐसी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है जबकि 109 खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का अनुभव नहीं है। सभी पांच टीमों में अधिकतम 30 स्थान खाली हैं जिनमें से 9 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डींड्रा डॉटिन और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज किम गार्थ ने अपना आधार मूल्य सबसे अधिक 50 लाख रुपए रखा है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम, इंग्लैंड की विकेटकीपर एमी जोन्स और दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल चार खिलाड़ी हैं जिनका आधार मूल्य 40 लाख रुपए है।

# रामनाथन के सामने फाइनल में पिचलर की चुनौती

- कलबुर्गी ओपन



**कलबुर्गी।** भारत के पांचवीं वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन शनिवार को यहां जापान के रयोतारो तागुची को हराकर आईटीएफ कलबुर्गी ओपन के फाइनल में पहुंच गए। इस मुकाबले को जीतने के लिए रामनाथन को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने यहां के चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में 65 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2 6-। से आसान जीत दर्ज की। फाइनल में उनके सामने सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेविड पिचलर की चुनौती होगी। ऑस्ट्रिया के पिचलर ने दूसरी वरीयता प्राप्त जापान के माज्दा रयुकी को 6-2, 6-4 से हराया। पिछले सप्ताह आईटीएफ मुंबई ओपन के चैम्पियन बने रामकुमार ने पहले सेट के छठे गेम में जापान के खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-2 की बढ़त बनाई। इस 26 साल के खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी सर्विस भुनाने के साथ तागुची की सर्विस को फिर से तोड़कर पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। भारत की डेविस कप टीम के इस खिलाड़ी ने एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने दूसरे सेट में और अधिक दबदबा बनाया और तागुची को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

# 12 भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** 12 मुक्केबाजों ने शनिवार को अर्मेनिया के एरेवान में चल रही आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अमीषा (54 किग्रा) और पायल (48 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की शुरूआत जीत से की। अमीषा ने अंतिम चार में रोमानिया की ट्रगोस बुकुर रोसियो को और पायल ने कजाखस्तान की बिबोलसिंक्जी को 5-0 के समान अंतर से पराजित किया। प्राची टोकस (80 किग्रा से अधिक) ने रूस की ओसिपोवा मारिया के खिलाफ दबदबा बनाया जिससे रैफरी को पहले ही राउंड में मुकाबला रोकना पड़ा। मेघा (80 किग्रा) ने भी चीनी ताइपे की सेंग एन चि के खिलाफ आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की। विन्नी (57 किग्रा), आकांक्षा (70 किग्रा) और श्रुष्टि (63 किग्रा) ने भी अपनी प्रतिद्वंद्वियों को 5-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह सुनिश्चित की। विन्नी ने यूनान की कंतजारी ओरियाना को, आकांशा ने आयरलैंड की मैकडोनाघ मैरी को और श्रुष्टि ने कजाखस्तान की के एलीना को मात दी। निशा (52 किग्रा) शुरूआती दबदबे के बावजूद जूझती नजर आई लेकिन जल्द ही उन्होंने वापसी कर रूस की सिक्स्टन डायना पर 4-। की जीत हासिल की। लड़कों ने भी शानदार प्रदर्शन किया और रिंग में उतरे पांच में से चार मुक्केबाजों ने जीत दर्ज की। हेवीवेट मुक्केबाज हार्दिक पंवार (80 किग्रा) और हेमंत सांगवान (80 किग्रा से अधिक) ने क्रमश: बेलारूस के आर आंद्रेई और अर्मेनिया के के टिग्रान पर 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। जतिन (54 किग्रा) ने रूस के के पावेल को 4-। से मात दी।

## यूनिटी कालेज स्पोर्ट्स डे: कायम व लारैब ने लगायी स्वर्ण हैट्रिक

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कालेज में करीब एक महीने से चल रही खेल तैयारियां शनिवार को स्पोर्ट्स डे के रूप में सम्पन्न हो गया। सीनियर वर्ग में कायम अब्बास जैदी ने 100ए 200 व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और शॉटपुट में रजत पदक हासिल किया। जबकि लारैब ने 800ए 1500 मीटर दौड़ और लॉग जम्प में स्वर्ण जीते। वहीं शॉटपुट में युसूफको मात्र एक स्वर्ण की सफलता मिली।इन्सान का अभ्यास उसे हजार बार दी जाने वाली शिक्षाओं से बेहतर बना सकता है। इसी भाव को प्रस्तुत करते हुए यूनिटी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद दिवस.2023 का आयोजन किया गया। इससे पूर्व स्पोर्ट्स डे का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में एसएम कासिम आब्दीआईपीएस एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस लखनऊए सैय्यद अली ओलम्पियन व सुजीत कुमार ओलम्पियन पूर्व सदस्य व कप्तान भारतीय हॉकी टीम ने किया।

## राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग में उत्तर प्रदेश के सैयद खालिद बागी ने जीता स्वर्ण पदक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सैयद खालिद बागी ने 75वीं सीनियरए 52वीं जूनियर एवं 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में सब जूनियर बालक वर्ग की 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने ये जानकारी देते हुए बताया कि रांची झारखंड में 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2023 तक आयोजत चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सैयद खालिद बागी ने 00 34.929 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस स्पर्धा में झारखंड के विकास को 00: 35:590 सेकेंड के समय के साथ रजत और झारखंड के ही नारायण महतो को 00:35:845 के समय के साथ कांस्य पदक पदक मिला।

# राष्ट्रीय टेटे: मानव और श्रीजा चैम्पियन

भाषा। विजयवाड़ा



**शीर्ष वरीयता** प्राप्त मानव ठक्कर ने चोटिल जी. साथियान को 4-2 से हराकर यहां यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शनिवार को पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया जबकि श्रीजा अकुला ने अर्चना कामथ को पराजित कर महिलाओं का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त साथियान छठे गेम में पीठ में ऐंठन के कारण 0-2 से पिछड़ने के बाद मुकाबले से हट गए। पीठ में दर्द के बाद भी वह खिताबी मुकाबले के लिए चुनौती पेश करने उतरे और उन्होंने 2-। की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। दर्द बढ़ने के बाद भी उन्होंने खेल जारी रखा लेकिन फिर उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा। महिला एकल में अर्चना करीबी मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त श्रीजा से 3-। की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी। श्रीजा ने पांचवें गेम में जीत दर्ज कर अंतर को पाटने के बाद छठे और सातवें गेम में दबाव में शानदार खेल दिखाया। निर्णायक गेम में अर्चना 10-8 से आगे थी और उन्हें जीतने के लिए महज एक अंक की जरूरत थी लेकिन श्रीजा ने लगातार चार अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया। अर्चना ने इससे पहले सेमीफाइनल में अयहिका मुखर्जी को 4-0 जबकि श्रीजा ने सुतिर्था मुखर्जी को 4-2 से हराया था। पुरुषों के सेमीफाइनल में मानव ने एंथोनी अल्मराज को 4-। तो वहीं साथियान ने सौरव साहा को 4-2 से शिकस्त दी थी। सार्थ मिश्रा ने युवाओं के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में दिव्यांश श्रीवास्तव को 4-3 से हराकर उलटफेर किया। दिव्यांश ने मुकाबले में 3-0 की बढ़त बना ली थी लेकिन सार्थ लगातार चार गेम जीत चैम्पियन बने। महिला अंडर-19 में महाराष्ट्र के दो खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में पृथा वर्तिकर ने सम्पदा भिवंडकर को 4-। से हराया।

## जेनिफर-दिव्यांशी की जोड़ी विश्व युवा टेटे के फाइनल में

**विजयवाड़ा।** भारत की जेनिफर वर्गीज और दिव्यांशी भौमिक ने अंडर-15 बालिका वर्ग की युगल स्पर्धा मे फ्रांस की लियाना होचार्ट और चीन की निना गुओ झेग की जोड़ी पर 3-0 की जीत से स्लोवेनिया के नोवा गोरिका मे चल रही आईटीटीएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप के फाइनल मे प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार की रात सेमीफाइनल मे 14-12, 11-9, 11-8 से जीत हासिल की। इस तरह जेनिफर और दिव्यांशी ने फाइनल मे पहुंचकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया है जो जूनियर टेबल टेनिस खिलाड़ियों का विश्व युवा चैम्पियनशिप मे पहला रजत पदक होगा। अब भारतीय जोड़ी का सामना जापान की युना ओजियो और माओ टाकामोरी की जोड़ी से होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।